राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com




# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 61, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली रविवार 17 सितम्बर 2023, मूल्य : 1.50/-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

## मुख्य अपडेट

गांवों के हितों के लिए एलजी व सीएम आवास के पास पालम 360 खाप ने महापंचायत
.... पेज 03

गांधी जयंती तक प्रदेश में चलेगा मेरा विद्यालय - स्वच्छ विद्यालय अभियान
.... पेज 05


हवाई के जंगल की आग से मरने वालों की संख्या 115 से घटाकर 97 की गयी
.... पेज 07

# मोदी आज यशोभूमि का इनॉगरेशन करेंगे

### 11 हजार लोगों के बैठने की क्षमता, यह दुनिया का सबसे बड़ा इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर

दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 सितंबर को नई दिल्ली के द्वारका में इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन और एक्सपो सेंटर (यशोभूमि) के पहले पार्ट का इनॉगरेशन करेंगे। सरकार ने इसे लगभग 5400 करोड़ रुपये में बनाया।

यह कन्वेंशन सेंटर 8.9 लाख वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्र में फैला है और दुनिया के सबसे बड़े स्थ्रुष्टश्व स्थानों में से एक होगा। यशोभूमि में एक शानदार कन्वेंशन सेंटर, कई प्रदर्शनी हॉल और अन्य सुविधाएं हैं।



यशोभूमि के अलावा पीएम नरेंद्र मोदी 17 सितंबर को द्वारका सेक्टर - 21 से यशोभूमि द्वारका सेक्टर - 25 तक एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन के विस्तार का इनॉगरेशन करेंगे। नया यशोभूमि द्वारका सेक्टर -25 एक अंडर ग्राउंड स्टेशन है जो सीधे शहर के महत्वपूर्ण स्थलों जैसे इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल 3 और नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से जुड़ा होगा।

#### यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर की खासियत

- कन्वेंशन सेंटर में 11000 से अधिक लोगो के बैठने की क्षमता है,जिसमे 15 कन्वेंशन रूम, ग्रैंड बॉलरूम और 13 मीटिंग रूम शामिल हैं
- कन्वेंशन सेंटर का प्लेनरी हॉल विजिटर को ग्लोबल लेवल एक्सपीरियंस प्रदान करेगा
- दिल्ली एयरपोर्ट मेट्रो एक्सप्रेस लाइन से जोड़ा जाएगा

## ब्रिटिश सरकार ने विजिटर्स और स्टूडेंट वीजा फीस बढ़ाई

नई दिल्ली। छह महीने से कम समय के लिए ब्रिटेन जाने वाले विजिटर्स को अब वीजा फीस के रूप में 15 पाउंड और स्टूडेंट्स को 127 पाउंड ज्यादा देने होंगे। ब्रिटिश सरकार ने ऐलान किया है कि वीजा शुल्क में प्रस्तावित बढ़ोतरी चार अक्तूबर से लागू हो जाएगी। शुक्रवार को ब्रिटेन की संसद में यह विधेयक पेश किया गया। ब्रिटेन के गृह विभाग ने कहा कि बढ़ोतरी के बाद ब्रिटेन आने वाले विजिटर्स को वीजा शुल्क के रूप में 115 पाउंड देने होंगे और छात्रों को 490 पाउंड देने होंगे।

### 'चल मन वृन्दावन'



मुंबई में कॉफी टेबल बुक 'चल मन वृन्दावन' के लॉन्च के मौके पर केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर और बीजेपी सांसद हेमा मालिनी।

# लखनऊ में रेलवे कॉलोनी का मकान गिरा, 5 की मौत

### पति-पत्नी और 3 बच्चों की जान गई, सोते-सोते ही खत्म हो गया परिवार

लखनऊ। लखनऊ में शनिवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। यहां आलमबाग में पुरानी रेलवे कॉलोनी में एक मकान गिर गया। हादसे में एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में पति-पत्नी और 3 बच्चे हैं। हादसे का पता उस वक्त चला, जब सुबह मृतक के बेटे को उसका दोस्त बुलाने पहुंचा। उसने घर दरवाजा खटखटाया। मगर, कोई रिस्पॉन्स नहीं आया।

इसके बाद उसने खिड़की से झांक कर देखा, तो मकान की छत गिरी हुई थी। इसके बाद उसने तुरंत इस बारे में मोहल्ले के लोगों को बताया। फिर पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।



पुलिस के मुताबिक, खाना खाने के बाद परिवार घर में सो रहा था। रात में करीब 3.30 और 4 बजे के बीच हादसा हो गया। मगर, घटना के बारे में लोगों को सुबह 6-7 बजे के करीब चला। मृतकों की शिनाख्त सतीश चंद्र (40) सलोनी देवी (35) हर्षित (13) हर्षिता (10) अंश (5) के रूप में हुई है।

#### कॉलोनी में 64 मकान थे, सभी को नोटिस जारी किया गया था

हादसे की सूचना पर डीएम सूर्यपाल गंगवार मौके पर पहुंचे। डीएम ने कहा, यहां पर 64 मकान थे। सभी को पहले नोटिस जारी किया गया था। रेलवे के अधिकारियों से बात हुई है। जल्द ही बाकी मकान को खाली करवाया जाएगा। मामले की जांच और घटना के दोषियों के खिलाफ कार्रवाई के सवाल पर डीएम ने कहा कि यह रेलवे का अंदरुनी मामला है। वह लोग इसकी जांच करेंगे और जांच के आधार पर ही कार्रवाई करेंगे।

# बारामूला एनकाउंटर में 3 आतंकी ढेर, 2 की बॉडी मिली

### सेना के कमांडर ने कहा- पाकिस्तानी सेना ने आतंकियों की मदद की

बारामूला। कश्मीर के बारामूला में लाइन ऑफ कंट्रोल के पास उरी, हथलंगा इलाके में शनिवार (16 सितंबर) को सेना ने एनकाउंटर में तीन आतंकियों को मार गिराया।

पीर पंजाल ब्रिगेड के कमांडर पीएमएस ढिल्लन ने बताया- सुबह 6 बजे से शुरू हुआ ऑपरेशन 8 घंटे बाद दोपहर 2 बजे खत्म हुआ, लेकिन सर्चिंग जारी है।

कमांडर ढिल्लन ने बताया- 2 आतंकियों के शव मिले, तीसरे की लाश, बॉर्डर के पास पड़ी थी, लेकिन पाकिस्तान पोस्ट से लगातार फायरिंग के कारण हमारे सुरक्षाबलों को बॉडी नहीं मिल सकी। पाकिस्तानी फौज आतंकियों की मदद कर रही थी। वे इन्हें कवर फायर दे रहे थे।

#### गोला-बारूद और पाकिस्तानी करेंसी भी बरामद

ढिल्लन ने बताया- एनकाउंटर साइट से एक ऐके-47, 7 मैगजीन, चाइनीज



पिस्टल, ग्रेनेड, पाकिस्तानी करेंसी और पांच किलो IED भी बरामद की गई है। ये वही इलाका है जहां दिसंबर 2022 में सुरक्षा बलों ने एक बड़े आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़ किया था। तब एक गुफा से हथियारों का जखीरा बरामद किया गया था।

पिछले 6 दिनों में सुरक्षाबलों का यह तीसरा एनकाउंटर है। 12 सितंबर को राजौरी में 2 आतंकी मारे गए और 1 जवान शहीद हुआ था। अनंतनाग के कोकेरनाग के जंगल में 13 सितंबर से एनकाउंटर जारी है। 4 जवान शहीद हो चुके हैं। यहां भी आतंकियों की तलाश जारी है।

#### 2 हजार जवान सर्च ऑपरेशन चला रहे, एक आतंकी भी ढेर

कश्मीर में अनंतनाग के गडूल कोकेरनाग में शनिवार को सुरक्षाबलों ने एक आतंकी को मार गिराया। यहां सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच 12 सितंबर यानी पिछले 5 दिनों से मुठभेड़ जारी है। गडूल में बारिश के बीच दोनों तरफ से फायरिंग चल रही है। सुरक्षाबलों के मुताबिक, यहां एक और आतंकी के छिपे होने की आशंका है। सेना यहां भी ड्रोन के जरिए इलाके की निगरानी कर रही है। अनंतनाग में चल रहे एनकाउंटर में अब तक सेना के दो अधिकारी, एक जवान और एक पुलिस अधिकारी शहीद हो चुके हैं। अंधेरा होने पर शुक्रवार को ऑपरेशन रोक दिया गया था।

#### घायल तीसरा आतंकी पाकिस्तानी सीमा में घुसा, ड्रोन से मौत की पुष्टि

पीर पंजाल ब्रिगेड के कमांडर पीएमएस ढिल्लन ने बताया- सुबह ऑपरेशन शुरू होने के बाद आधे घंटे में ही तीनों आतंकियों को ढेर कर दिया गया था। दो की बॉडी रिकवर कर ली गई थी।

तीसरा आतंकी जो घायल था, वह नजदीकी पाकिस्तानी पोस्ट के फायरिंग सपोर्ट की मदद से बच निकला।

पाकिस्तानी आर्मी की पोस्ट से हमारी सेना पर फायरिंग की गई। उन्होंने हमारे ड्रोन पर भी फायरिंग की। घायल आतंकी करीब 400 मीटर पाकिस्तानी सीमा में चला गया। हमारा अनुमान है कि तीसरा घायल आतंकी भी मारा जा चुका है। हमारे ड्रोन कैमरे से मिली जानकारी के मुताबिक, उसकी लाश पाकिस्तान सेना ने रिकवर की है।

# गुजरात के खेड़ा में शोभायात्रा पर पथराव पांच पुलिसकर्मियों समेत नौ लोग घायल

**एजेंसी**

खेड़ा (गुजरात)। गुजरात के खेड़ा जिले के ठासरा तालुका में भगवान शिव की शोभायात्रा के दौरान पथराव की घटना सामने आई है। ठासरा में शुक्रवार शाम को शोभायात्रा निकाल रहे भक्तों पर दूसरे समुदाय के लोगों ने मस्जिद की छत से पथराव शुरू कर दिया। इसके बाद दोनों समुदाय आमने-सामने आ गए। पथराव में 5 पुलिसकर्मियों समेत 9 लोगों घायल हो गए, जिन्हें निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पथराव की सूचना मिलते ही भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया था।

इस मामले में पुलिस ने दोनों समुदायों के करीब एक दर्जन लोगों को हिरासत में लिया है। सीसीटीवी फुटेज की जांच कर अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। इस घटना के कुछ वीडियो भी सामने आए हैं, जिसमें देखा जा सकता है कि एक समुदाय के लोग मस्जिद की छत पर खड़े होकर पत्थर फेंक रहे हैं।

इसके बाद दोनों ओर से पत्थरबाजी शुरू हो जाती है। गलियों में भी पत्थर पड़े हुए देखे जा सकते हैं। पथराव के चलते भगदड़ मचने के हालात भी वीडियो में साफ देखे जा सकते हैं।

## आगरा में आठ हजार लोगों ने ली अंगदान की शपथ

नयी दिल्ली । केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया के नेतृत्व में शनिवार को उत्तर प्रदेश के आगरा में लगभग आठ हजार लोगों ने अंगदान की शपथ ली। इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल और उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक भी उपस्थिति थे। मांडविया ने कहा कि किसी और की जिंदगी बचाने के लिए अंग दान करने से बड़ी मानव सेवा कोई नहीं हो सकती।

# हरियाणा में एक परिवार के 4 लोगों की मौत

### रोहतक में पहले पत्नी-बेटी का गला घोंटा, फिर 2 साल के बेटे संग ट्रेन के आगे कूदा

रोहतक। हरियाणा में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां रोहतक में एक ही परिवार के 4 लोगों की एक दिन में मौत हो गई। यहां के एक व्यक्ति ने पहले पत्नी और बेटी की हत्या की।

फिर बेटे को साथ ले जाकर ट्रेन के आगे कूदकर खुदकुशी कर ली।

शुरूआती जांच में पति-पत्नी के बीच घरेलू कलह बताई जा रही है। हालांकि महिला के मायके वालों का कहना था कि ससुराल के लोग उन्हें तंग कर रहे थे। पुलिस ने चारों शव का पोस्टमार्टम करवाकर केस दर्ज कर लिया है। इस मामले में पति और पत्नी के रिश्तेदारों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं।

रोहतक के सलारा मोहल्ले में रहने वाला



संदीप (35) गुरुग्राम की एक कंपनी में नौकरी करता है। वह रोहतक से ही रोजाना अपडाउन करता था। उसका परिवार घर के बाकी सदस्यों से अलग रहता था। शनिवार को संदीप ने पहले पत्नी रीना (32) और दिव्यांग बेटी चेतना (6) की रस्सी से गला घोंटकर हत्या की।

पत्नी-बेटी की हत्या के बाद वह 2 साल के बेटे भावेश को बाइक पर बिठाकर ले गया। इसके बाद वह गांव इस्माईला के पास रेलवे ट्रैक पर पहुंचा। यहां वह ट्रेन का इंतजार करने लगा। जैसे ही ट्रेन आई तो 2 साल के मासूम बेटे को लेकर उसने चलती ट्रेन के आगे छलांग लगा दी। जिससे उसकी भी मौत हो गई। रेलवे पुलिस ने इसकी सूचना लोकल पुलिस को दी।

रोहतक पुलिस को जैसे ही इसका पता चला तो वह मौके पर पहुंची। संदीप की शिनाख्त होने के बाद पुलिस ने उसके पिता होशियार सिंह को इसकी सूचना दी। उस वक्त तक किसी को यह भी पता नहीं था कि मां-बेटी की भी मौत हो चुकी है।

#### घर के बाहर लगी थी कुंडी, अंदर पड़ी थी लाशें

पुलिस से सूचना मिलने के बाद संदीप के परिवार वाले उनके घर पहुंचे। उस वक्त संदीप के घर को बाहर से कुंडी लगी हुई थी। मोहल्ले वाले भी उनके साथ थे। उन्होंने कुंडी खोलकर देखा तो सबकी चीखें निकल गई। अंदर रीना की लाश घर के आंगन में पड़ी थी जबकि बेटी चेतना का शव चारपाई पर पड़ा था। इसके बाद वहां कोहराम मच गया। तब पुलिस और लोगों को पता चला कि संदीप ने ही पत्नी-बेटी का कत्ल किया और फिर बेटे के साथ सुसाइड कर ली।

## पोषण माह में अभी तक छह करोड़ गतिविधियां

नयी दिल्ली। छठे राष्ट्रीय पोषण माह के पहले 12 दिनों में देश भर में जन आंदोलन डैशबोर्ड पर छह करोड़ से अधिक गतिविधियां पंजीकृत हुई हैं। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने शनिवार को यहां बताया कि इस दौरान विशेष स्तनपान और पूरक आहार विषय पर एक करोड़ से अधिक गतिविधियाँ आयोजित गई। मार्च 2018 में पोषण अभियान की शुरुआत के बाद से, देश ने पहली बार पोषण पर केंद्रित राष्ट्रव्यापी जन आंदोलन शुरू किया है। इसमें विशेष विशिष्ट लाभार्थियों, अर्थात् गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं, किशोर लड़कियों और छह वर्ष तक की उम्र के बच्चों पर ध्यान केंद्रित किया जाता है।

# 100 और स्वदेशी एलसीए मार्क 1ए लड़ाकू विमान खरीदेगी वायु सेना

**एजेंसी**

सेविल। भारतीय वायु सेना ने लगभग 100 और स्वदेश निर्मित एलसीए मार्क 1-ए लड़ाकू जेट खरीदने की योजना का एलान किया है। इस फैसले से स्वदेशी एयरोस्पेस क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा। वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने स्पेन में पहला सी-295 परिवहन विमान प्राप्त करने के तुरंत बाद एएनआई के साथ विशेष बातचीत में स्वदेशी विमान खरीदने की योजना का एलान किया था।

वायु सेना प्रमुख ने एयरबस निर्माण संयंत्र में हुई बातचीत में कहा कि एलसीए मार्क 1-ए को शुरू से ही



मिग-21, मिग 23 और मिग-27 विमानों सहित मिग श्रृंखला के बेड़े की जगह लेने के लिए विकसित किया गया था। इन सभी विमानों को चरणबद्ध तरीके से हटाने के लिए यह आवश्यक है कि हमारे पास पर्याप्त संख्या में एलसीए श्रेणी के विमान हों। उन्होंने कहा, 83 एलसीए मार्क 1-ए के लिए हम पहले ही अनुबंध कर चुके हैं। अब हम लगभग 100 और विमानों के लिए मामला आगे बढ़ा रहे हैं। भारतीय वायु सेना अपने बेड़े में मिग श्रृंखला के लड़ाकू विमानों को बदलने के लिए इन स्वदेश निर्मित विमानों को खरीदने की योजना बना रही है। इस सिलसिले में योजनाएं रक्षा मंत्रालय और राष्ट्रीय सुरक्षा प्रतिष्ठान में अन्य संबंधित पक्षकारों को सौंप दी गई हैं। लगभग 100 और विमान खरीदने का निर्णय उस समय आया, जब वायु सेना प्रमुख ने पिछले महीने हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड सहित सभी संबंधित संस्थाओं के साथ स्वदेशी लड़ाकू जेट कार्यक्रम की समीक्षा बैठक की थी।

# रक्षा मंत्री ने 23 नए सैनिक स्कूलों को मंजूरी दी

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। देश के हर कोने तक सैनिक स्कूलों की सुविधा उपलब्ध कराने की योजना के तहत सरकार ने 23 नए सैनिक स्कूलों को मंजूरी दे दी है।

छठी कक्षा से शुरू होने वाले ये सैनिक स्कूल गैर-सरकारी संगठनों, निजी स्कूलों और राज्य सरकारों के साथ साझेदारी क्रमबद्ध तरीके से खोले जाएंगे। इन स्कूलों को 100 नए सैनिक स्कूल स्थापित करने की सरकार की पहल के तहत मंजूरी दी गई है। इस पहल के तहत सैनिक स्कूल सोसायटी द्वारा नए सैनिक स्कूलों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विभिन्न आवेदनों के मूल्यांकन के बाद 23 नए



स्कूलों को खोलने की मंजूरी दी है। इस पहल से सैनिक स्कूल सोसाइटी के तत्वावधान में साझेदारी मोड के तहत खुलने वाले नए सैनिक स्कूलों की संख्या बढ़कर 42 हो गई है, इसके अलावा मौजूदा 33 सैनिक स्कूल पहले से ही पूर्ववर्ती पैटर्न के तहत काम कर रहे हैं।

नए सैनिक स्कूलों की स्थापना का उद्देश्य छात्रों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना और उन्हें सशस्त्र बलों में शामिल होने सहित बेहतर कैरियर के अवसर प्रदान करना है। यह निजी क्षेत्र को, युवाओं को कल का जिम्मेदार नागरिक बनाकर राष्ट्र निर्माण की दिशा में सरकार के साथ मिलकर काम करने का अवसर भी देता है। नए 23 सैनिक स्कूलों की प्रदेश वार सूची सैनिक स्कूल की वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

नए सैनिक स्कूल, संबंधित शिक्षा बोर्डों से संबद्धता के अलावा, सैनिक स्कूल सोसायटी के तत्वावधान में कार्य करेंगे और सोसायटी द्वारा निर्धारित साझेदारी मोड में नए सैनिक स्कूलों के लिए नियमों और विनियमों का पालन करेंगे। वे अपने नियमित संबद्ध बोर्ड पाठ्यक्रम के अलावा सैनिक स्कूल पैटर्न के छात्रों को अकादमिक प्लस पाठ्यक्रम की शिक्षा भी प्रदान करेंगे।

**हादसा**

### मरने वालों की संख्या हुई 8, मृतकों के परिजनों को मिलेगा 25-25 लाख का मुआवजा

# पैसेंजर लिफ्ट हादसे में घायल चार और मजदूरों की मौत

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा के बिसरख थाना क्षेत्र में निर्माणाधीन बिल्डिंग की पैसेंजर लिफ्ट गिर गई थी। उसे हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई थी। जबकि 5 मजदूर घायल हुए थे, जिनमें से चार की इलाज के दौरान आज मौत हो गई। अब मरने वालों का आंकड़ा 8 पहुंच गया है।

बिसरख थाना क्षेत्र में अमरपाली ड्रीम वैली प्रोजेक्ट का कार्य चल रहा था। जिसे एनबीसीसी कर द्वारा कराया जा रहा था। शुक्रवार को पैसेंजर लिफ्ट से मजदूर ऊपर जा रहे थे। इस दौरान अचानक से लिफ्ट फेल होकर नीचे गिर गई जिसकी चपेट में 9 लोग आ गए। सभी को नोएडा के जिला



अस्पताल ले जाया गया जहां पर चार को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पांच गंभीर रूप से घायल हो गए जिनका उपचार चल रहा था। लेकिन अब इस मामले में चार और मजदूरों की भी मौत हो गई है। जिनमें से दो मजदूरों की मौत शुक्रवार रात को हुई। वहीं दो मजदूरों की मौत शनिवार सुबह हुई है। अब मरने वालों का आंकड़ा आठ पहुंच गया है।

शुक्रवार को इस्ताक अली पुत्र इरशाद अली निवासी ग्राम फतेहजोर बिसरोलिया थाना बलरामपुरजिला बलरामपुर बिहार उम्र 23 वर्ष, अरुण तांती मंडल पुत्र रुदल मंडल निवासी हुश्यारी थाना खौसी जिला बांका बिहार उम्र 40 वर्ष, विपोत मंडल पुत्र दीनू मंडल निवासी ग्राम भागूडीह थाना अहमदाबाद जिला कटिहार बिहार उम्र 45 वर्ष, आरिस खान निवासी गांव सियाली जागीर थाना हसनपुर जिला अमरोहा उम्र 22 वर्ष की मौत हो गई थी।

उसके बाद आज असुल मुस्तकीम निवासी बिहार, अब्दुल मुस्तकीम, कुलदीप पाल पुत्र जसरथ पाल निवासी ग्राम दीपकपुर जिला थाना छिबरामऊ कन्नौज, अरबाज अली निवासी गांव सियाली थाना हसनपुर जिला अमरोहा की भी मौत हो गई है। अभी अस्पताल में कैफ नाम के युवक का इलाज चल रहा है।

#### मृतकों के परिजनों को मिलेगा 25-25 लाख का मुआवजा

गौरलतब है कि निर्माणाधीन साइट पर लिफ्ट हादसे में मारे गए चारों मजदूरों के स्वजनों को नेशनल बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेट लिमिटेड (एनबीसीसी) और उत्तर प्रदेश सरकार 25-25 लाख रुपये का मुआवजा देगी। जिला प्रशासन के प्रयासों से पीड़ित परिजनों को यह आर्थिक सहायता मिलेगी।

## जल प्रदाय योजनाओं का समय-सीमा में हो क्रियान्वयन : शिवराज

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में जल प्रदाय योजनाओं का क्रियान्वयन निर्धारित समय सीमा में पूरा किया जाए। आधिकारिक जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री श्री चौहान की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री निवास में आज मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी के संचालक मंडल की बैठक हुई। बैठक में मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड के विभिन्न प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई।





## शार्ट न्यूज

### बीएसएफ के महानिदेशक तीन दिवसीय जम्मू के दौरे पर

श्रीनगर। चंडीगढ़ पश्चिमी कमान, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के विशेष महानिदेशक (डीजी) वाई बी खुरानिया अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) पर सुरक्षा परिदृश्य की समीक्षा करने के लिए जम्मू में तीन दिवसीय दौरे पर हैं। जम्मू बीएसएफ के महानिरीक्षक (आईजी) डीके बूरा ने उनका स्वागत किया। जम्मू फ्रंटियर के आईजी डीके बूरा ने शुक्रवार को फ्रंटियर मुख्यालय के शीर्ष अधिकारी को एक विस्तृत प्रस्तुति दी, जिसमें सीमा सुरक्षा और जम्मू आईबी तथा नियंत्रण रेखा (एलसी) पर प्रभुत्व के सभी महत्वपूर्ण पहलुओं को शामिल किया गया। प्रवक्ता ने बताया कि आईजी फ्रंटियर ने एओआर के सामान्य सुरक्षा परिदृश्य का वर्णन किया, जिसमें बीएसएफ बटालियनों की तैनाती पैटर्न और संपूर्ण जम्मू आईबी पर उनके मजबूत प्रभुत्व पहलुओं को शामिल किया गया। उन्होंने बताया कि बीएसएफ के विशेष महानिदेशक ने बाद में सांबा सीमा क्षेत्र का दौरा किया, जहां उन्हें सांबा क्षेत्र में बीएसएफ द्वारा सामना किए जा रहे हाल ही के खतरों के बारे में जानकारी दी गई, जिसमें सुरंग बनाने से लेकर समकक्ष तत्वों द्वारा सीमा पार तस्करी तक शामिल है। उन्हें जमीन पर सीमा प्रभुत्व के विभिन्न पहलुओं को भी दिखाया गया।

### बीआरएस के वरिष्ठ नेता तुम्मला कांग्रेस में हुए शामिल

**हैदराबाद।** तेलंगाना में सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री तुम्मला नागेश्वर राव शनिवार को यहां कांग्रेस में शामिल हो गए। तुम्मला यहां ताज कृष्णा में कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक शुरू होने से ठीक पहले शीर्ष कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की उपस्थिति में कांग्रेस में शामिल हो गए। इससे पहले उन्होंने बीआरएस से इस्तीफा दे दिया था। सूत्रों के अनुसार सत्तारूढ़ पार्टी उन्हें पलेरू निर्वाचन क्षेत्र से का टिकट देने से इनकार कर दिया था। उनके आने से कांग्रेस को खम्मम जिले में अपना आधार मजबूत करने में मदद मिलेगी। तुम्मला खम्मम जिले के एक वरिष्ठ नेता हैं, जिन्होंने वर्तमान बीआरएस शासन के दौरान और इससे पहले अविभाजित आंध्र प्रदेश में जब तेलुगु देशम पार्टी सत्ता में थी, तब मंत्री के रूप में कार्य किया था। इस घटनाक्रम ने खासकर राज्य में आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए बीआरएस को गहरा झटका दिया है।

### तमिलनाडु में निपाह वायरस का कोई संक्रमण नहीं

चेन्नई। तमिलनाडु के स्वास्थ्य मंत्री मा.सुब्रमण्यम ने शनिवार को कहा कि राज्य में निपाह वायरस का कोई संक्रमण नहीं पाया गया है। सुब्रमण्यम ने पत्रकारों को बताया कि केरल के उन सभी सीमावर्ती जिलों में निगरानी बढ़ा दी गई है, जहां निपाह वायरस की सूचना मिली थी। उन्होंने कहा कि केरल से आने वाले सभी लोगों का मेडिकल टीमों द्वारा गहन परीक्षण किया गया। किसी भी व्यक्ति में कोई संक्रमण नहीं पाया गया। बाद में उन्हें राज्य में प्रवेश की अनुमति दी गई। तमिल एनएसयू में डेंगू के मामलों में अचानक वृद्धि के बारे में, श्री सुब्रमण्यम ने कहा कि अब तक 4,048 लोग डेंगू से संक्रमित हो चुके हैं और जनवरी से अब तक तमिलनाडु में तीन मौतें हुई हैं। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में डेंगू और मलेरिया बुखार का फैलना सामान्य है। उन्होंने लोगों से अगले तीन महीनों तक सावधानी बरतने का आग्रह किया। सरकार डेंगू के प्रसार को रोकने और स्वास्थ्य के लिए सभी जरुरी कदम उठा रही है। इस बीच, स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने कहा कि तीन दिनों तक बुखार रहने पर तुरंत डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए और उचित इलाज कराना चाहिए। जैसे-जैसे डेंगू के मामले बढ़ रहे हैं, स्वास्थ्य विभाग राज्य भर के सभी सरकारी अस्पतालों में विशेष डेंगू वार्ड भी स्थापित कर रहा है।

### केन्द्रीय प्रतिनिधि ने अमृतलाल नागर राइटर्स होम का किया स्थलीय निरीक्षण

नैनीताल। केन्द्रीय संस्कृति मंत्रालय के प्रतिनिधि जयदीप सिंह शेखावत ने शनिवार को कुमाऊँ विश्वविद्यालय की रामगढ़ स्थित महादेवी वर्मा सृजन पीठ में निर्माणाधीन अमृतलाल नागर मेमोरियल राइटर्स होम का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। सुप्रसिद्ध साहित्यकार अमृतलाल नागर की जन्मशताब्दी पर महादेवी वर्मा सृजन पीठ परिसर में राइटर्स होम के निर्माण हेतु केंद्र सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा 87 लाख रुपये की परियोजना स्वीकृत की गई है। वर्तमान में परियोजना का कार्य अंतिम चरण में है जिसके भौतिक सत्यापन हेतु मंत्रालय के प्रतिनिधि जयदीप सिंह शेखावत द्वारा राइटर्स होम का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निर्माण कार्य कार्यदायी संस्था उत्तराखंड पेयजल निगम, हल्द्वानी द्वारा सम्पादित किया जा रहा है। महादेवी वर्मा सृजन पीठ के निदेशक प्रो. शिरीष कुमार मौर्य ने बताया कि राइटर्स होम में लेखक यहाँ ठहरकर उस परिवेश में लेखन कार्य कर सकेंगे, जिसमें रहकर कवयित्री महादेवी वर्मा तथा अन्य प्रमुख साहित्यकारों ने कालजयी रचनाओं का सृजन किया। शेखावत ने निर्माण कार्य की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। इस दौरान पीठ के समन्वयक मोहन सिंह रावत, उत्तराखंड पेयजल निगम के अवर अभियंता शिवराज सिंह गैड़ा, पीठ कर्मी बहादुर सिंह कुँवर आदि उपस्थित रहे।

### ईडी छापेमारी : 12.82 करोड़ फीज, 2.33 करोड़ की बेहिसाब नकदी जब्त

चेन्नई। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तमिलनाडु में कई स्थानों पर छापेमारी करके रेत खनन माफिया पर कार्रवाई करते हुए 12.82 करोड़ रुपये फ्रीज किए तथा 2.33 करोड़ रुपये की बेहिसाब नकदी और 50 लाख रुपये से ज्यादा कीमत का 1,204.6 ग्राम सोना जब्त किए हैं। ईडी ने अवैध रेत खनन मामले में राज्य के छह जिलों में आठ रेत खनन यार्डों सहित 34 स्थानों पर छापेमारी की। ईडी ने एक रिपोर्ट में कहा,' अवैध रेत खनन मामले में गत नौ सितंबर को तमिलनाडु के छह जिलों में आठ रेत खनन यार्डों, रेत खनन ठेकेदारों एस.रामचंद्रन, के. रथिनम और करिकालन एवं उनके सहयोगी, ऑडिटर पी. शनमुगराज, अवैध रेत खनन मामले तथा तमिलनाडु सरकार के जल संसाधन विभाग के अधिकारियों सहित विभिन्न लोगों के आवासीय व व्यावसायिक परिसरों सहित 34 स्थानों पर तलाशी ली गयी। ईडी ने कहा,तलाशी के दौरान विभिन्न प्रकार के आपत्तिजनक दस्तावेज पाए गए, 12.82 करोड़ रुपये फ्रीज कर दिए गए और 2.33 करोड़ रुपये की बेहिसाब नकदी व 56.86 लाख रुपये मूल्य का 1024.6 ग्राम सोना जब्त किया गया। छापेमारी के दौरान फर्जी लेन-देन और बेनामी कंपनियों के सबूत मिले। ईडी ने कहा कि खनन की गई रेत की कुल मात्रा का भी पता लगाया जा रहा है और अवैध रूप से खनन की गई रेत को ले जाने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली लॉरियों की संख्या का भी सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से विश्लेषण किया जा रहा है।

### जयराम के 'वित्तीय कुप्रबंधन' पर श्वेतपत्र तैयार, जल्द होगा सार्वजनिक

शिमला। हिमाचल प्रदेश में सत्ता में आने के बाद कांग्रेस लगातार पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर नीत भारतीय जनता पार्टी-सरकार पर वित्तीय कुप्रबंधन का आरोप लगा रही है, जिसे लेकर श्वेत पत्र लाने की बात कही गई थी। शनिवार को इसी सिलसिले में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की अध्यक्षता में मंत्री चंद्र कुमार व अनिरुद्ध सिंह के साथ बनाई गई कमेटी की आखिरी बैठक प्रदेश सचिवालय शिमला में हुई। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बताया कि श्वेत पत्र को फाइनल कर दिया गया है और विधानसभा सत्र से पहले मुख्यमंत्री को सौंप दिया जाएगा। विधानसभा में लाने और श्वेत पत्र को सार्वजनिक करने का फैसला मुख्यमंत्री का होगा। कमेटी ने हालांकि, श्वेत पत्र फाइनल कर दिया है और इसे अंग्रेजी व हिंदी दोनों भाषाओं में जारी किया जाएगा। वहीं विधानसभा सत्र शुरू होने में कुछ ही दिन बाकी है। ऐसे में पक्ष और विपक्ष विधानसभा सत्र को लेकर पूरी तरह से तैयार नजर आ रहे हैं। अग्निहोत्री ने कहा कि 18 सितंबर को मुख्यमंत्री आवास में सुबह कांग्रेस विधायकों की बैठक होगी, जिसमें विधानसभा सत्र के लिए रणनीति तैयार होगी। इस दौरान उन्होंने खुलकर सरकार की उपलब्धियां गिनाई और भाजपा समेत पूर्व मुख्यमंत्री व नेता विपक्ष जयराम ठाकुर को निशाने पर लेते हुए कहा कि सरकार विपक्ष के हर सवाल का जवाब सत्र में देगी। प्रदेश पर बड़ी आपदा आई, लेकिन राजनीतिक मकसद से भाजपा इसे नेतृत्व मुद्दा बना रही है।

# एक देश-एक चुनाव कमेटी की पहली मीटिंग 23 सितंबर को

### पूर्व राष्ट्रपति ने दी जानकारी; एक साथ चुनाव कराने के कानूनी पहलुओं की जांच करेगी

भुवनेश्वर। एक देश, एक चुनाव कमेटी की पहली बैठक 23 सितंबर को होगी। पूर्व राष्ट्रपति और कमेटी के अध्यक्ष रामनाथ कोविंद ने शनिवार 16 सितंबर को यह जानकारी दी। मीटिंग कहां होगी, अभी ये नहीं बताया गया है। इसके पहले 6 सितंबर को गृहमंत्री अमित शाह और कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने पूर्व राष्ट्रपति कोविंद से मुलाकात की थी। करीब एक घंटे तक चली इस मीटिंग को एक शिष्टाचार मुलाकात बताया गया था। अमित शाह इस कमेटी के सदस्य हैं और अर्जुनराम मेघवाल स्पेशल मेंबर हैं।

एक देश-एक चुनाव के प्रपोजल पर कानूनी पहलुओं की जांच के लिए केंद्र सरकार ने 1 सितंबर को एक कमेटी बनाई थी। कहा गया था कि कमेटी एक देश, एक चुनाव के प्रस्ताव से जुड़े



कानूनी पहलुओं पर गौर करने के साथ ही आम लोगों की राय भी लेगी।

#### एक देश-एक चुनाव पर बिल ला सकती है सरकार

सरकार ने 18 सितंबर से 22 सितंबर तक संसद का विशेष सत्र बुलाया है। कयास लगाए जा रहे हैं कि सरकार एक देश, एक चुनाव पर बिल ला सकती है। इससे पहले कानून मंत्रालय ने कमेटी बनाई है। इसका मकसद कानून के मौजूदा ढांचे को ध्यान में रखते हुए देश में एकसाथ चुनाव कराने को लेकर जांच करना है। इसमें जांच की जाएगी कि लोकसभा, विधानसभा, नगर पालिका और पंचायतों के चुनाव एक साथ हो सकते हैं या नहीं।

#### आजादी के बाद लागू था वन नेशन, वन इलेक्शन

वन नेशन, वन इलेक्शन यानी एक देश, एक चुनाव का मतलब हुआ कि पूरे देश में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ ही हों। आजादी के बाद 1952, 1957, 1962 और 1967 में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ ही हुए थे, लेकिन 1968 और 1969 में कई विधानसभाएं समय से पहले भंग कर दी गईं। उसके बाद 1970 में लोकसभा भी भंग कर दी गई। इस वजह से एक देश-एक चुनाव की परंपरा टूट गई।

#### वन नेशन, वन इलेक्शन के समर्थन में पीएम मोदी


मई 2014 में जब केंद्र में मोदी सरकार आई, तो कुछ समय बाद ही एक देश और एक चुनाव को लेकर बहस शुरू हो गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद कई बार वन नेशन, वन इलेक्शन की वकालत कर चुके हैं। संविधान दिवस के मौके पर एक बार प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था- आज एक देश-एक चुनाव सिर्फ बहस का मुद्दा नहीं रहा। ये भारत की जरूरत है। इसलिए इस मसले पर गहन विचार-विमर्श और अध्ययन किया जाना चाहिए।

## स्वार्थी गठबंधन बिहार को फिर जंगलराज की ओर ले जा रहा : शाह

झंझारपुर (बिहार)। केंद्रीय गृह मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने आज कहा कि बिहार में जो स्वार्थी गठबंधन बना है वह प्रदेश को फिर से जंगलराज की दिशा में ले जा रहा है।

शाह ने शनिवार को यहां के ललित कर्पूरी स्टेडियम में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि स्वार्थी गठबंधन के बनने के बाद से ही राष्ट्रीय जनता दल (राजद) अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव जहां फिर से सक्रिय वहीं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार निष्क्रिय हो गए हैं। जब लालू एक्टिव हों और नीतीश कुमार इनएक्टिव हो जाएं तो लोग अच्छी तरह से समझ सकते हैं कि बिहार कैसे चलेगा। उन्होंने कहा कि 12 लाख करोड़ रुपये के घोटाले किए तो संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) का नाम ही बदल दिया। रेल मंत्री रहते हुए श्री यादव ने अरबों-खरबों का भ्रष्टाचार किया। न्यायालय में मामला चल रहा है लेकिन मुख्यमंत्री श्री कुमार को लालू का भ्रष्टाचार नहीं दिखाई पड़ रहा हैं।

मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री कुमार



को अच्छी तरह से मालूम है कि बिहार के विकास के लिए संप्रग सरकार ने कुछ नहीं किया। भ्रष्टाचार को छुपाने के लिए ही संप्रग को इंडिया गठबंधन का नाम दे दिया गया है। उन्होंने बिहार के लोगों से अपील करते हुए कहा कि ये लोग कोई भी नाम बदल लें लेकिन याद रखना होगा कि ये वही लालू प्रसाद यादव हैं जिन्होंने बिहार को कई साल पीछे धकेल दिया।

शाह ने कहा कि जनता दल यूनाइटेड (जदयू) और राजद का जो गठबंधन है वह तेल और पानी जैसा है। तेल और पानी कभी भी एक नहीं हो सकते हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री कुमार का नाम लेते हुए कहा कि स्वार्थ कितना भी ऊपर हो तेल और पानी एक नहीं हो सकते हैं।

## पशुधन, डेयरी और मत्स्य पालन की एक ही छत के नीचे प्रदर्शनी

एजेंसी

हैदराबाद। भारत की ऑल-इन-वन और पशुधन, डेयरी तथा मत्स्य पालन उद्योग-केंद्रित व्यापार की ताकत और निर्यात क्षमता को प्रदर्शित करने के यहां एलडीएफ इंडिया कॉन्क्लेव आयोजित की जा रही है।

प्रदर्शनी का आयोजन 21 से 23 सितंबर तक शहर के हाईटेक्स में आयोजित किया जाएगा।

आयोजन के संयुक्त मेजबान हिटेक्स और एक्वाफार्मिंग टेक्नोलॉजीज एंड सॉल्यूशंस (एएफटीएस) ने कहा शुक्रवार को यहां जारी एक विज्ञप्ति में यह जानकारी देते हुये बताया कि इसका उद्देश्य ज्ञान हस्तांतरण को सक्षम करने के लिए पूरे पशुधन, डेयरी और मत्स्य पालन पारिस्थितिकी तंत्र को एक छत के नीचे लाना है। जिससे क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को सुगम बनाया जा सके। तीन दिवसीय बिजनेस-टू-बिजनेस कार्यक्रम में दुनिया भर से 200 से अधिक प्रदर्शक शामिल होंगे। विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह उत्पादों और सेवाओं की एक विविध श्रृंखला की पेशकश करेगा, जो प्रसंस्करण और मूल्य वर्धित तकनीकों के लाइव प्रदर्शन से पूरित होगी।

हाईटेक्स के बिजनेस हेड टीजी श्रीकांत ने कहा कि पशुधन, मछली उत्पादन और डेयरी खपत में भारत के वैश्विक नेतृत्व को देखते हुए, एलडीएफ इंडिया नवाचार, प्रगति और स्थिरता के लिए उत्प्रेरक की भूमिका निभाता है। सतत मत्स्य पालन विकास को बढ़ावा देने में इसके महत्व को पहचानने वाला एनएफडीबी (राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड) प्रदर्शनी का प्रमुख हिस्सा है।

## केरल में निपाह संक्रमितों के कॉन्टैक्ट में 1008 लोग आए

### इनमें 327 स्वास्थ्य कर्मी; 24 सितंबर तक स्कूल-कॉलेज बंद

**कोझिकोड/नई दिल्ली।** केरल के कोझिकोड में निपाह वायरस का छठा केस मिलने के बाद सभी स्कूल-कॉलेज और ट्यूशन सेंटर्स को 24 सितंबर तक बंद रखने का आदेश जारी किया गया है। यहां 14 सितंबर से ही शैक्षणिक संस्थाएं बंद हैं। दूसरी तरफ निपाह वायरस से संक्रमितों के कॉन्टैक्ट में आने वाले लोगों की संख्या 1008 हो गई है।

केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने बताया कि इनमें से 327 स्वास्थ्य कर्मी हैं। कोझिकोड जिले के बाहर संक्रमितों के संपर्क में 29 लोग आए हैं। कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग में मलप्पुरम के 22, वायनाड के 1 और कन्नूर-त्रिशूर जिले के 3-3 लोगों की पहचान हुई है।

स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि ये आंकड़ा और बढ़ सकता है। कोझिकोड में निपाह वायरस से 30 अगस्त को पहली



और 11 सितंबर को दूसरी मौत हुई थी। 30 अगस्त को मृतक के अंतिम संस्कार में 17 लोग शामिल हुए थे। इन सभी को आइसोलेशन में रखा गया है।

#### अब तक 6 सैंपल पॉजिटिव मिले

वीना जॉर्ज ने कहा कि टेस्ट के लिए भेजे गए 11 सैंपल के नतीजे नेगेटिव आए हैं। अब तक 6 सैंपल पॉजिटिव मिले हैं, ये कल तक की गिनती है और कोई नया मामला नहीं आया है। अभी मेडिकल कॉलेज में 21 लोग आइसोलेशन में हैं।

उन्होंने बताया कि हमारी प्राथमिकता उन लोगों का पता लगाना है जो पॉजिटिव पाए गए अंतिम व्यक्ति के संपर्क में आए थे। इसके साथ ही, हम पहले मामले के स्रोत की पहचान करने की कोशिश कर रहे हैं। जिस व्यक्ति की पिछले महीने मौत हो गई थी। हमने पुलिस से उसका मोबाइल टावर लोकेशन देने की अपील है, इससे हम उन जगहों का पता लगा सकें जहां वो गया था। हमने पहले ही 19 टीमें गठित कर दी हैं। हम अन्य जिलों के लोगों का भी पता लगा रहे हैं जो निपाह मरीजों के संपर्क में आए हैं।

#### निपाह के 4 एक्टिव मामलों में एक 9 साल का बच्चा भी शामिल

केरल में स्वास्थ्य विभाग ने शुक्रवार को कोझिकोड में एक व्यक्ति (39) के निपाह वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि की थी। इसी के साथ कोझिकोड में निपाह वायरस के चार एक्टिव मामले हो गए। इनमें एक 9 साल के बच्चे की हालत गंभीर है। वह आईसीयू में भर्ती है।

## कोवई कार बम विस्फोट मामला : एनआईए ने तमिलनाडु में कई स्थानों पर की छापेमारी

**चेन्नई।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने कोयंबटूर कार बम विस्फोट के सिलसिले में आईएसआईएस आतंकी पहलू की चल रही जांच के तहत शनिवार को तमिलनाडु में कई स्थानों पर छापेमारी की। विस्फोट पिछले वर्ष दीपावली की पूर्वसंध्या पर हुआ था।

एनआईए सूत्रों ने कहा कि कोयंबटूर, चेन्नई और दक्षिणी तेनकासी जिलों सहित राज्य भर में 30 से अधिक स्थानों पर छापेमारी की जा रही है।

कोयंबटूर में संवेदनशील उक्कदम क्षेत्र के पास स्थित कोट्टई क्षेत्र में सत्तारूढ़ द्रमुक के 82वें वार्ड सदस्य सुश्री एम.मुबाश्री के आवास सहित 23 स्थानों पर छापे मारे जा रहे है। यहां प्राप्त रिपोर्टों में कहा गया है कि तलाशी के बाद उनसे पूछताछ की गई जिसके बाद एनआईए अधिकारी उनके आवास से चले गए।





तीन घंटे से कुछ अधिक समय तक चलने के बाद उनके घर पर छापेमारी अब समाप्त हो गई है।छापेमारी उन रिपोर्टों की सत्यता का पता लगाने के लिए की गई थी कि क्या कोयंबटूर अरबी कॉलेज में कोई प्रशिक्षण दिया गया था, जहां कहा जाता है कि कार में सिलेंडर विस्फोट में मारी गई जमीशा मुबीन ने पढ़ाई की थी।

चेन्नई में भी कुछ स्थानों पर छापेमारी जारी है, जिसमें ईसीआर पर इंजंबक्कम, तिरु.वि.नगर और अयनावरम क्षेत्र शामिल हैं। तेनकासी से एक रिपोर्ट में कहा गया है कि एनआईए अधिकारी कडयानल्लूर में एक घर में तलाशी ले रहे हैं।

एनआईए ने अब तक उक्कदम में कोट्टई संगमेश्वर थिरुकोविल के सामने हुए बम विस्फोट के सिलसिले में आतंकवादी संबंधों वाले 13 लोगों को गिरफ्तार किया है, जिसमें मुख्य संदिग्ध जेम्स मुबीन (ड्राइवर) की मौत हो गई थी, जब सिलेंडर से भरे वाहन में कथित तौर पर इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस चालू हो जाने से विस्फोट हो गया था।

एनआईए ने अब तक चेन्नई के पूनमल्ली में एनआईए अदालत के समक्ष मामले में दो आरोपपत्र दायर किए हैं। गिरफ्तार किया गया 13वां आरोपी दिवाली की पूर्व संध्या पर केरल की एक जेल में कार बम विस्फोट की घटना का मुख्य साजिशकर्ता था, जिसने इसमें आतंकी संबंधों का खुलासा किया था।

## आंध्र में 1. 3 करोड़ रु. मूल्य के मोबाइल फोन की चोरी

करनूल। आंध्र प्रदेश में धोने शहर के पास ओबुलापुरम मिट्टा गांव में एक ट्रक के दो ड्राइवरों ने कंटेनर में रखे 1.3 करोड़ रुपये के मोबाइल फोन चुरा लिए। यह घटना हालांकि 11 सितंबर को हुई थी, लेकिन पुलिस ने इसका खुलासा शनिवार को हुआ। पुलिस ने बताया कि एक कंटेनर ट्रक में 1.3 करोड़ रुपये के मोबाइल फोन हरियाणा से बेंगलुरु ले जाए जा रहे थे। ट्रक के दो ड्राइवरों ने ओबुलापुरम मिट्टा गांव में सड़क किनारे वाहन रोक दिया। बाद में उन्होंने ट्रक से मोबाइल फोन उतारकर दूसरे ट्रक में लाद दिए और भाग गए। खाली ट्रक की जानकारी कंटेनर ट्रक मालिक को मिली। उन्होंने धोने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस टीमों ने इलाके के सीसीटीवी फुटेज की जांच की। पुलिस ने कंटेनर ट्रक के चालकों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीमें गठित कर उन्हें हरियाणा भेजा।

## विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है तेलंगाना : केटीआर

हैदराबाद। तेलंगाना के सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) और उद्योग मंत्री के टी रामा राव (केटीआर) ने शनिवार को कहा कि राज्य अपनी स्थापना के बाद से सभी शंकाओं को दूर करते हुए विकास के मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। केटीआर ने आज टी-हब में महाराष्ट्र के कन्फेडरेशन ऑफ रियल एस्टेट डेवलपर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ बातचीत की। उन्होंने एक विस्तृत प्रस्तुति के माध्यम से हैदराबाद की प्रगति का एक व्यापक अवलोकन प्रस्तुत किया, जिसमें पिछले दशक में सरकार की पहलों पर प्रकाश डाला गया। केटीआर ने कार्यक्रम के दौरान महाराष्ट्र के प्रतिनिधियों का गर्मजोशी से स्वागत किया, जो तेलंगाना के विकास में बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए हैदराबाद आए हुए थे। उन्होंने महाराष्ट्र के साथ अपने व्यक्तिगत



संबंधों का भी उल्लेख किया जब वह पुणे में एक छात्र के रूप में अपना जीवन बीता रहे थे। उन्होंने तेलंगाना और महाराष्ट्र के बीच ऐतिहासिक संबंधों के कारण दोनों क्षेत्रों के बीच स्थायी सांस्कृतिक और मानवीय संबंधों पर बल दिया। केटीआर ने कहा कि डेढ़ दशक तक चले कई आंदोलनों के बाद हमने एक अलग राज्य का दर्जा प्राप्त किया है। पिछले 10 वर्षों में हमने विकास में महत्वपूर्ण प्रगति की है और राज्य के गठन के बाद उपजे कई शंकाओं को दूर किया है।

## सूचना अधिकारी ने की मीडिया कर्मियों संग बैठक

रुद्रप्रयाग। सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का आम जनमानस तक व्यापक प्रचार-प्रसार कराने तथा शासन-प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले के जिलाधिकारी डॉ. सौरभ गहरवार के निर्देशन में प्रभारी जिला सूचना अधिकारी रती लाल शाह ने जनपद के प्रिंट एवं इलेक्ट्रोनिक प्रेस प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। जिसमें प्रेस प्रतिनिधियों की ओर से अपने-अपने सुझाव भी दिए गए। शाह ने कहा कि सरकार द्वारा जो जन कल्याणकारी योजनाएं संचालित हो रही हैं, उनको पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने में प्रेस की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने सभी से अपेक्षा की कि शासन-प्रशासन द्वारा जो भी विकास परक योजनाएं संचालित हो रही हैं, उनका व्यापक प्रचार-प्रसार कराने में पूर्ण सहयोग किया जय। उन्होंने उपस्थित



प्रेस प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा जो भी सुझाव रखे हैं,उनको जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करते हुए उन पर उचित कार्यवाही करने का पूर्ण प्रयास किया जाएगा। बैठक में उपस्थित प्रेस प्रतिनिधियों ने सुझाव देते हुए कहा कि प्रेस के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने के लिए समय-समय पर संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए ताकि इसमें विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी एवं संचालित योजनाओं से लाभान्वित हुए व्यक्तियों की पूर्ण जानकारी भी उपलब्ध हो सके. ताकि उनका व्यापक प्रचार-प्रसार हो सके।

## तेलंगाना के स्कूलों में 'मुख्यमंत्री नाश्ता योजना'

हैदराबाद। तेलंगाना सरकार ने दशहरा उत्सव के उपहार के रूप में 24 अक्टूबर से सरकारी प्राथमिक और उच्च विद्यालयों (कक्षा एक से 10 तक) के विद्यार्थियों के लिए मुख्यमंत्री नाश्ता योजना की घोषणा की है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिये हैं। इस योजना पर सरकार को 400 करोड़ रुपये का अतिरिक्त खर्च आएगा। मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव (केसीआर) की सरकार ने विद्यार्थियों के कल्याण के लिए यह फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि योजना का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई के साथ-साथ अच्छा, पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना है। सरकार गरीब परिवारों के विद्यार्थियों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के साथ-साथ उनकी पढ़ाई पर एकाग्रता बढ़ाने पर भी ध्यान दे रही है।

## हिमाचल में मुख्यमंत्री लघु दुकान कल्याण योजना जल्द होगी शुरू

**शिमला।** हिमाचल में लघु उद्योगों को प्रोत्साहन प्रदान करने और कौशल-आधारित श्रमिकों को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार मुख्यमंत्री लघु दुकान कल्याण योजना (एम.एम.एल.डी.के.वाई.) योजना शुरू करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि इस योजना के अन्तर्गत राज्य सरकार द्वारा 50 हजार रुपये तक के ऋण पर 50 प्रतिशत ब्याज़ उपदान प्रदान किया जाएगा।

प्रदेश सरकार की यह पहल राज्य के छोटे, मध्यम उद्यमियों के लिए वरदान साबित होगी। छोटे और मध्यम उद्यमी धन के अभाव के कारण अपने व्यवसाय का विस्तार नहीं कर पाते और व्यावसायिक रूप से उनके लिए तरक्की की राहें बंद हो जाती हैं। प्रदेश सरकार ने उनकी इस समस्या का



समाधान करने और समाज के इस वर्ग को आर्थिक रूप से मज़बूत करने के उद्देश्य से बिना सुरक्षा ज़मानत के (संपार्श्विक मुक्त) ऋण की एक महत्त्वाकांक्षी योजना तैयार की है।

उन्होंने कहा कि एम.एम.एल.डी.के. योजना छोटे उद्यमों और कौशल-आधारित श्रमिकों जैसे मोची, दर्जी, बार्बर, मोबाइल रिपेयरिंग विक्रेता, सब्जी व फल विक्रेता और ग्रामीण क्षेत्रों में अपना व्यवसाय संचालित करने वाले छोटे उद्यमियों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से तैयार की गई है। योजना के प्रारम्भिक चरण में 18-55 वर्ष के आयु वर्ग के 75,000 व्यक्तियों को शामिल करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

इस योजना का सुचारू क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार ने 40 करोड़ रुपये के पर्याप्त बजट का प्रावधान किया है। डिजिटल टेक्नॉलजी एंड गवर्नेंस विभाग द्वारा इसके लिए एक ऑनलाइन आवेदन प्रणाली तैयार की जाएगी, जिसके माध्यम से संपूर्ण ऋण अनुमोदन प्रक्रिया के लिए आवेदन किया जा सकेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल छोटे उद्यमियों के सशक्तिकरण और राज्य की अर्थव्यवस्था को संबल प्रदान करने का मार्ग प्रशस्त करेगी।

## शार्ट न्यूज

### बृजभूषण शरण सिंह राउज एवेन्यू कोर्ट में हुए पेश

नई दिल्ली। भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह आज दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट पेश हुए। महिला पहलवानों के यौन शोषण केस की सुनवाई आज दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में हुई। दिल्ली पुलिस ने कहा कि सांसद बृजभूषण शरण सिंह को निगरानी समिति ने दोषमुक्त नहीं किया है। कमेटी ने सिफारिशें दी थीं, फैसला नहीं. बृजभूषण शरण सिंह पर लगे आरोपों पर दिल्ली पुलिस 23 सितंबर को भी बहस जारी रखेगी। सुनवाई की अगली तारीख 23 सितंबर है। इससे पहले 20 जुलाई को अदालत ने बृजभूषण शरण सिंह व सहायक सचिव विनोद तोमर को जमानत प्रदान कर दी थी। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष व शिकायतकर्ता के वकीलों ने जमानत पर आपत्ति नहीं जताई बल्कि जमानत देते हुए शर्तें लगाने का आग्रह किया था। राउज एवेन्यू कोर्ट के अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) हरजीत सिंह जसपाल ने आदेश पारित किया था।

### गौतम बुद्ध नगर में ईवी इंडिया एक्सपो

गौतम बुद्ध नगर। हाल ही के समय में ईवी टेक्नोलॉजी की ओर झुकाव अचानक बढ़ गया है। भारत ने 2030 तक 100 फीसदी इलेक्ट्रिक परिहवन के महत्वाकांक्षी लक्ष्य हासिल करने का लक्ष्य रखा है। देश के इस बदलाव में योगदान देने और विश्वस्तरीय मौजूदगी के साथ भरोसेमंद ईवी ब्राण्ड बनने के लिए डायनमो इलेक्ट्रिक ने भारत में ई-बाइकों के लो एवं हाईस्पीड मॉडल्स का लॉन्च किया। प्रदर्शनी में लॉन्च किए गए 6 मॉडल्स हैं इन्फीनिटी, एल्फा, स्माइली, आरएक्स 1, आरएक्स4 और वीएक्स 1 कंपनी ने इंडिया एक्सपो सेंटर में आयोजित ईवी इंडिया एक्सपो 2023 के दौरान ये नए प्रोडक्ट्स पेश किए। इन मॉडलों में मल्टीपरपज़ एवं किफायती प्रोडक्ट्स को आकर्षक रंगों में पेश किया गया है। पर्यावरण के अनुकूल ये वाहन अतिरिक्त एक्सेसरीज़ के साथ उपलब्ध हैं, जैसे ब्लूटुथ स्पीकर, एंटी-थेफ्ट अलार्म, यूएसबी चार्जिंग पोर्ट और सेंट्रल लॉकिंग सिस्टम। यह प्रोडक्ट्स इन-हाउस बैटरी सिस्टम से पावर्ड हैं और किफायती दाम पर राइडरों को राईड का खासतौर पर लास्ट माईल डिलीवरी का उत्कृष्ट अनुभव प्रदान करते हैं। हाई स्पीड आरटीओ रजिस्टर्ड मॉडल्स में आरएक्स1 और आरएक्स 4 शामिल हैं, जो 2-3 किलोवॉट की फास्ट चार्जिंग लिथियम बैटरी के साथ अधिकतम 65 किलोमीटर प्रति घण्टा की स्पीड देते हैं। इनकी एक्स-शोरूम कीमत क्रमश: रु 82,000 और रु 99,000 है।

### एनएच-91 पर मिले युवक की हत्या का खुलासा

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा की थाना जारचा पुलिस ने अज्ञात मृतक युवक की हत्या का सफल अनावरण करते हुये घटना में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त डंडा व ट्रक को बरामद कर लिया है। युवक की मामूली विवाद के बाद में गभाना के पेट्रोल पंप पर डंडे से पीट कर हत्या कर दी गई थी और ट्रक के ड्राइवर ने उसके शव को हाई वे किनारे फेंक दिया था। दरअसल, 12 सितंबर को जारचा पुलिस को एनएच 91 के पास सड़क किनारे एक त्रिपाल मे लिपटा हुआ अज्ञात युवक का शव पड़ा हुआ मिला था। शरीर पर कोई गहरा चोट प्रतीत नहीं हो रही थी, लेकिन नाक से खून बह रहा था। आस पास के लोगों से शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, परन्तु शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। मृतक का पोस्टमार्टम करने पर पता चला कि उसकी मौत सिर में आई चोट के कारण हुई है। इसके बाद पुलिस ने अज्ञात में मुकदमा दर्ज किया और दो टीम बनाकर इस पूरे प्रकरण की जांच में जुट गई है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस को पता चला की एक ट्रक से इस शव को यहां पर फेंका गया था। जिसके बाद पुलिस ने उस ट्रक के ड्राइवर को हिरासत में लिया और उसे पूछताछ की तो उसने इस पूरे हत्याकांड का खुलासा कर दिया।

### गाजियाबाद में 50 लाख रुपए की अफीम पकड़ी

गाजियाबाद। गाजियाबाद पुलिस की क्राइम ब्रांच ने शनिवार को अंतर्राज्यीय तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से दो किलो अफीम बरामद हुई है। पुलिस का दावा है कि मादक पदार्थों के अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस अफीम की कीमत करीब 50 लाख रुपए है। पकड़ा गया आरोपी 27 वर्षीय मुकुल दांगी है। वो मूल रूप से झारखंड में चतरा जिले का रहने वाला है। पूछताछ में मुकुल दांगी ने बताया, मैं पांचवीं पास हूं। घर में थोड़ी बहुत खेतीबाड़ी है। मेरे कुछ जानने वाले वाले अफीम और गांजा की तस्करी उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, एनसीआर में करते हैं। एक बार मैं गैंग के साथ सप्लाई पहुंचाने गया। दो बार में मुझे 10 हजार रुपए मिले। काम में फायदा लगा तो इसी धंधे से पूरी तरह जुड़ गया। मुकुल दांगी ने बताया, रांची के आदित्य से माल लेकर मैं इसकी सप्लाई बरेली, बदायूं, मुरादाबाद, गाजियाबाद सहित अन्य शहरों में करता हूं। मैं बसों और ट्रेनों से माल सप्लाई करने निकलता हूं और माल डिलीवर होने तक अपना मोबाइल बंद रखता हूं। पुलिस ने बताया, अभियुक्त से पूछताछ में उसके कुछ साथियों और ठिकानों के बारे में जानकारी मिली है। जिसके आधार पर टीमें बनाकर छापामार कार्रवाई की जा रही है।

### रुपये दोगुना करने के नाम कमेटी डालकर 20 महिलाओं से ढाई करोड़ ठगे

गाजियाबाद। कविनगर क्षेत्र में किट्टी पार्टी व कमेटी डालकर रुपये दोगुना करने का झांसा देकर 20 से ज्यादा महिलाओं से करीब ढाई करोड़ रुपये ठगने का मामला सामने आया है। महिलाओं का आरोप है कि दो साल तक जन्सी पांडेय रुपये लेती रही। समय पूरा होने पर उन्होंने रुपये नहीं लौटाए। इसी बीच उनकी मौत हो गई तो जन्सी के परिवार के लोग धमकी देने लगे। मामले में उन्होंने अरुण पांडेय, प्रणय पांडेय और पल्लवी कम्बोज के खिलाफ कविनगर थाने में केस दर्ज कराया है। महिलाओं का आरोप है कि 2018 में उनकी मुलाकात जन्सी पांडेय से हुए। जन्सी ने अपने पति व अन्य लोगों के साथ मिलकर किट्टी पार्टी व कमेटी डाली। हर महीने वे उनसे रुपये लेते रहे। अब तक उन्होंने उनसे करीब ढाई करोड़ रुपये ले लिए। आरोप है कि जन्सी की मौत के बाद अरुण के पास रुपये मांगने गए तो अरुण व अन्य लोगों ने उनके साथ अभद्रता की और गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। आरोपियों ने उनसे ली गई रकम से अलग-अलग जगह प्लाट व मकान खरीद लिए। 20 जुलाई 2023 को जब वह कमेटी के रुपये लेने उनके घर गए तो आरोपियों ने महिलाओं के साथ अश्लील हरकतें कर जान से मारने की नीयत से एक महिला का गला भी दबाया। एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिस के साइबर एक्सपर्ट कर रहे विधायक के मोबाइल-लैपटॉप की जांच

नूंह। पुलिस गिरफ्त में आए फिरोजपुर झिरका के विधायक मामन खान से पुलिस पूछताछ जारी है। पुलिस ने मामन के मोबाइल और लैपटॉप को अपने कब्जे में ले लिया है। जिससे अब इनके जरिए पुलिस हिंसा के सच तक पहुंचने की कवायद में जुट गई है। शुरुआती जांच में पता चला है कि लैपटॉप और मोबाइल से काफी फोटो और वीडियो डिलीट की गई हैं। पुलिस साइबर एक्सपर्ट की मदद से डिलीट हुई इन फोटो और वीडियो को रिकवर करने का प्रयास कर रही है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि मोबाइल से कई अहम सुराग लगने की उम्मीद है। इसलिए एक्सपर्ट्स से उसकी जांच कराई जा रही है । पुलिस मामन के मोबाइल से हुई बातचीत व चैट्स को आधार मानकर इस मामले में आगे बढ़ रही है । अभी तक कई अहम चीजें पुलिस के हाथ ऐसी लगी है जो मामन की मुश्किलें बढ़ा रही हैं। इतना ही नहीं जो लोग उनके संपर्क में उस दौरान आए हैं पुलिस उनसे भी पूछताछ करेगी। पुलिस सूत्रों ने बताया मामन खान इस मामले में उलझ गए हैं और उनका बाहर निकलना अब इतना आसान नहीं होगा। क्योंकि उनके कुछ समर्थकों ने ही कड़ी पूछताछ में विधायक को ही बड़कली चौक पर हुई हिंसा के मामले में दिशा निर्देशक बताया है। चर्चा रही कि मामन खान को पूछताछ के लिए नगीना थाना व घटना स्थल पर लाया गया है लेकिन ऐसा दिखाई नहीं दिया ।

# मलबा डालने के लिए बन रहे 158 पक्के पॉइंट्स

नई दिल्ली। पूरी दिल्ली में निर्माण व विध्वंसक मलबा (सी एंड डी वेस्ट) डालने के लिए 158 पॉइंट्स तय किए गए। 12 जोनों में ये पॉइंट्स बनाए जा रहे हैं। करीब 75 फीसदी पॉइंट्स कॉलोनियों के आस पास होंगे। इन पॉइंट्स पर 20-25 फुट ऊंची सीट लगाई जाएंगी, ताकि मलबा डालने के दौरान धूल प्रदूषण न हो। कई पॉइंट्स पर सीटें लगनी शुरू हो गई है। शुरुआती दौर में करीब 50 फीसदी पॉइंट्स पर वाटर स्प्रिंकलर भी लगाए जाएंगे।

तय किए गए पॉइंट्स पर ही अब सी एंड डी वेस्ट डाला जाएगा। अवहेलना करने पर लंबा चालान कट सकता है। एमसीडी ने पहले भी सी एंड डी वेस्ट डालने के लिए पॉइंट्स बनाए थे। लेकिन अधिकतर सी एंड डी वेस्ट अभी तक गैर अनधिकृत तरीके से खुले मैदानों, पार्कों, गलियों के कोनों में डाला जा रहा, जिससे एमसीडी को मुसीबत हो रही। यहां से ये वेस्ट उठाकर ढलाव घर जाता और फिर वहां



से लैंडफिल साइट ले जाता था। अब निगम ने सी एंड डी वेस्ट के लिए पक्के पॉइंट्स बनाए हैं, जहां 24 घंटे मलबा डालने की अनुमति रहेगी। ठेकेदार भी यहां मलबा डाल पाएंगे।

### एमसीडी और निवासियों दोनों को सहूलियत

शहर में तीन तरह का कचरा मिश्रित, ठोस और सी एंड डी वेस्ट ज्यादा निकलता है। अभी सभी तरह का कचरा कूड़े के तीन पहाड़ों पर जा रहा है। लेकिन अब एमसीडी और दिल्ली वासियों दोनों को सहूलियत होगी। लोगों को घर के पास अपना ईंट,

## इधर-उधर फेंका तो कटेगा चालान

पत्थर, टूटे प्लास्टर वाला मलबा डालने की छूट मिलेगी और चालान से भी छुटकारा मिलेगा। एमसीडी को लैंडफिल साइटों को तेजी से कम करने में सहूलियत मिलेगी।

### एफसीटीएस मशीनें खराब नहीं होंगी

ढलाव घरों में एफसीटीएस मशीनों के अंदर सी एंड डी वेस्ट जाता है तो मशीनें खराब हो जाती हैं। लेकिन इस युक्ति से सी एंड डी वेस्ट ढलाव घर तक नहीं पहुंचेगा, जिससे मशीनें भी सुरक्षित रहेंगी।

### पांच सी एंड डी प्लांट्स पर होगा निस्तारण

एमसीडी के पांच सी एंड डी प्लांट्स बक्करवाला (1000 टन हरदिन), रानीखेड़ा (1500 टन हरदिन), शास्त्री पार्क (1000 टन हरदिन), बुराड़ी (2000 टन हरदिन) और ओखला (1000 टन हरदिन) में चल रहे हैं। हरदिन यहां 5500 टन सी एंड डी वेस्ट का निस्तारण होता है। इस तरह हर महीने डेढ़ लाख टन व सालाना 18 लाख टन सी एंड डी वेस्ट का निस्तारण होता है। इसके निस्तारित मलबे से ब्रिक्स, टाइल्स इत्यादि बनती है।

### मलबे को कोने में न फेंकें - मेयर

मेयर डॉ शैली ओबरॉय ने शनिवार को सिविक सेंटर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर ये जानकारी दी।

दिल्ली वासियों, कॉन्ट्रैक्टर्स, ठेकेदारों से अपील करते हुए कहा कि अब मलबे को पार्कों, खुले मैदान, गलियों के कोने में न फेंके। दिल्ली के कोने-कोने को साफ रखने की तैयारी है, इसमें दिल्ली वासियों के अधिक सहयोग की जरूरत है।

# पार्किंग विवाद में घर में घुसकर युवक की चाकू मारकर हत्या

नई दिल्ली। सरिता विहार इलाके में शुक्रवार रात कई लड़कों ने पार्किंग विवाद में एक युवक की घर में घुसकर चाकू से गोदकर हत्या कर दी।

मृतक की शिनाख्त अर्धेंदू उर्फ अरविंद मंडल (36) के रूप में हुई है। हमले के दौरान बीच-बचाव कराने आई अरविंद की पत्नी रेखा मंडल भी बुरी तरह जख्मी हो गई।

सिर में चोट लगने के बाद रेखा को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई। हमले के दौरान अरविंद के 15 वर्षीय बेटे ने किसी तरह छिपकर जान बचाई। पुलिस ने बलवा करने, मारपीट और हत्या का मामला दर्ज कर चार आरोपियों को दबोच लिया है।

इनमें एक नाबालिग भी शामिल है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान राजू पात्रा, रवि उर्फ गुल्लू, शंभू और एक नाबालिग के रूप में हुई है। वारदात का मुख्य आरोपी मनोज हल्दर और उसका साथी विजय पात्रा उर्फ पोंचू फरार हैं। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से मामले की छानबीन कर रही है।

पुलिस के मुताबिक, अरविंद अपने परिवार के साथ गली नंबर-9, आली विहार में रहता था।

परिवार में पिता गौराचंद मंडल, पत्नी रेखा मंडल, 15 साल का बेटा व अन्य सदस्य हैं। अरविंद प्राइवेट नौकरी करता था। बेटा पब्लिक स्कूल में आठवीं कक्षा का छात्र है। शुक्रवार को वह बेटे के स्कूल गया था।

शाम करीब 5 बजे दोनों पिता-पुत्र कहीं से लौट रहे थे। इस बीच काली मंदिर रोड, प्रियंका कैंप, सरिता विहार के पास मनोज हल्दर नामक लड़के से बाइक खड़ी करने को लेकर अरविंद की कहासुनी हो गई।

झगड़े में अरविंद का बेटा बोल पड़ा। इस बात पर मनोज भड़क गया। उसने अरविंद को देख लेने की धमकी दी।

# कांग्रेस ने डूसू चुनाव के लिए जारी की 26 प्रचारकों की सूची

नई दिल्ली। प्रदेश कांग्रेस ने डूसू चुनाव में एनएसयूआई को जिताने के लिए पूरी ताकत लगाने का निर्णय लिया है। उसने एनएसयूआई उम्मीदवारों के समर्थन में सभाओं को संबोधित करने के लिए 26 प्रचारकों की सूची जारी की है, इस सूची में दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष, पदाधिकारी व पूर्व विधायक व एडवोकेट शामिल हैं।

प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने 26 प्रचारकों की सूची जारी करते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वह एनएसयूआई उम्मीदवारों के पक्ष में अपने-अपने क्षेत्रों में घर-घर जाकर दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्रों से संपर्क करें।

इसके अलावा उन्होंने सभी जिलों व ब्लाकों में छात्रसंघ चुनावों को लेकर बैठकें आयोजित करने का सिलसिला तेज करने के निर्देश दिए।

प्रदेश कांग्रेस के 26 नेताओं की सूची में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार, कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य अल्का लाम्बा, पूर्व विधायक नसीब सिंह, भीष्म शर्मा, पूर्व डूसू अध्यक्ष रागिणी नायक, अमृता धवन, मुदित अग्रवाल, नीतू वर्मा, रोहित चौधरी, महमूद जिया, हर्ष चौधरी, डॉ. नरेश कुमार, तरुण कुमार, अशोक बसौया, राजीव शर्मा, संजय चौधरी, राजेश पांडे, सतपाल सिंह, अली मेंहदी, तरुण त्यागी, वरुण खारी, अक्षय लाकड़ा, मोहित गरीड़, अक्षय कुमार, राहुल डाका, द्वारका बार एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. नरेश शर्मा एडवोकेट शामिल है।

## लग्जरी गाड़ियां चुराने वाले गिरोह का पर्दाफाश

गौतम बुद्ध नगर। नोएडा में फॉर्च्यूनर-स्कॉर्पियो जैसी लग्जरी गाड़ियां चुराने वाले चोरों को गैंग पकड़ा गया है। चोरों से 2 करोड़ की 10 लग्जरी गाड़ियां बरामद हुई हैं। जिनमें 2 फॉर्च्यूनर व 2 स्कॉर्पियो भी शामिल हैं। इस गैंग का नाम गद्दू गैंग है। पुलिस ने गद्दू गैंग के सरगना सहित 8 चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से कार चोरी करने के अलग-अलग डिवाइस बरामद भी बरामद हुई हैं। दरअसल, नोएडा के जोन-2 क्षेत्र के थाना सेक्टर-20, थाना फेस-1 और थाना सेक्टर-39 क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से लग्जरी गाड़ियां चोरी होने घटनाओं में बढ़ोतरी हो रही थी। जांच में पुलिस को गद्दू गैंग के बारे में पता चला। जिसके बाद थाना सेक्टर-20 और थाना फेस 1 पुलिस ने संयुक्त ऑपरेशन में चोरी करने वाले इस गैंग के 8 लोगों को गिरफ्तार किया है।

# दिल्ली-एनसीआर में रुक-रुक कर बारिश

## कई इलाकों में जलभराव; सड़कों पर लगा जाम

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर में मानसून की विदाई से पहले बारिश मौसम को सुहावना बना रही है। दिल्ली-एनसीआर में सुबह से ही बारिश हो रही है। हवा के साथ हो रही बारिश से मौसम सुहावना हो गया। तापमान में भी गिरावट आ गई है। वहीं इस बारिश की वजह से गाजियाबाद के कई इलाकों में पानी भर गया है। दिल्ली-एनसीआर में बारिश की वजह से जाम लग गया है।



शुक्रवार सुबह अंधेरा छा गया था और बारिश होने लगी थी। हालांकि दोपहर को धूप निकल आई और उमस ने परेशान किया। मौसम विभाग ने शनिवार के साथ ही रविवार को भी बारिश होने का पूर्वानुमान जताया है। वहीं 19 से 21 सितंबर तक बादल छाए रहने की संभावना है।

मौसम विभाग ने शुक्रवार सुबह बारिश होने की संभावना जताई थी। इस दौरान 50-70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का भी अनुमान था। अनुमान के अनुसार, सुबह सात बजे से कहीं तेज तो कहीं मध्यम स्तर की बारिश हुई।

शुक्रवार को अधिकतम तापमान 34.2 डिग्री और न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री कम 23.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं सुबह 8: 30 बजे तक 004.1 मिमी व शाम साढ़े पांच बजे तक 000.6 मिमी बारिश दर्ज की गई। मयूर विहार में अधिकतम तापमान 30.4, पूसा में 33.7 डिग्री, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 32.3 डिग्री दर्ज किया गया। शनिवार को 30-40 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से धूल भरी हवाएं चलने की संभावना है।

# गांवों के हितों के लिए एलजी व सीएम आवास के पास पालम 360 खाप ने महापंचायत

## दो अक्तूबर को राजघाट पर नेताओं को सद्बुद्धि देने की प्रार्थना व आंदोलन शुरू करने का ऐलान करेंगे : चौ. सुरेंद्र सोलंकी

नई दिल्ली। राजधानी के गांवों के हितों के लिए और उनके ऊपर थोपे गए अन्याय पूर्ण कानूनों व नियमों के खिलाफ पालम 360 खाप ने आज उपराज्यपाल व मुख्यमंत्री आवास के पास महापंचायत की। इस दौरान महापंचायत का नेतृत्व करते हुए पालम 360 खाप के प्रधान चौ. सुरेंद्र सोलंकी ने चेतावनी दी कि ग्रामीणों ने सरकारों से दो-दो करने की ठान ली है और 30 सितंबर तक उनकी मांगों पर गौर नहीं करने की स्थिति में वह दो अक्तूबर को गांधी जयंती के अवसर पर राजघाट पर नेताओं को सद्बुद्धि देने की प्रार्थना करेंगे और आंदोलन शुरू करने का ऐलान करेंगे।

चंदगीराम अखाड़ा के सामने रिंग रोड पर आयोजित महापंचायत में पालम 360 खाप के अधीन सभी सभी खापों के प्रतिनिधि और करीब 10 हजारों ने शिरकत की। इस मौके पर चौ. सुरेंद्र सोलंकी ने कहा कि राजधानी के ग्रामीणों के साथ देश आजाद होने के




बाद भी अन्याय होना बदस्तूर जारी है, लेकिन वह अब अन्याय बर्दास्त नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की कृषि भूमि कोड़ियों के भाव अधिग्रहण करके उन्हें बेरोजगार कर दिया। इस दौरान गांवों में मौजूद ग्रामसभा भूमि पर सरकार ने हड़प ली, जबकि यह भूमि ग्रामीणों को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने के लिए छोड़ी गई थी। चौ. सुरेंद्र सोलंकी ने कहा कि भूमि अधिग्रहण के बाद ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कोई पहल नहीं की।

वहीं उनको नौकरी व वैकल्पिक प्लाट भी नहीं दिए गए। दूसरी ओर ग्रामीणों पर हाउस टैक्स, कनवर्जन चार्ज, पार्किंग शुल्क समेत कई प्रकार के टैक्स लगाने के साथ-साथ भवन उप नियम जैसे कई नियम थोप दिए गए। इसके अलावा एक भी मास्टर प्लान में गांवों की ओर ध्यान नहीं दिया गया और ग्रामीणों को राहत देने का कार्य नहीं किया गया। इस तरह ग्रामीण जीवन गुलाम भारत की तरह व्यतीत कर रहे है।

उन्होंने कहा कि गांवों से हाउस टैक्स नहीं लिया जाए, संशोधित एवं किसान हितैषी लैंड पूलिंग पॉलिसी, डी.डी.ए. पॉलिसी, , लैंड म्यूटेशन (दाखिल-खारिज) शुरू किया जाए, धारा 81 एवं 33 समाप्त किया जाए, धारा 81 के तहत पुराने मुकदमे वापिस लिए जाए, दिल्ली सरकार की ओर से ग्रामसभा की जमीन को डीडीए को देना बंद किया जाए, धारा 74/4 और 20 सूत्री के तहत गरीबों को अवंटित भूमि एवं प्लोटों को मालिकाना हक दिया जाए, लाल डोरे का विस्तार किया जाए, ग्रामीणों को भूमि अधिग्रहण करने के मामले में अल्टरनेटिव प्लॉट जल्द से जल्द दिए जाए, गांव वालों को पुश्तैनी संपति का मालिकाना हक दिया जाए।

ग्रामीणों में अपने साथ हो रहे अन्याय को लेकर इस कदर रोष है कि महापंचायत में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुए। आम तौर पर महापंचायत में महिलाएं शिरकत नहीं करती है। इस दौरान महिलाओं ने अपनी मांगों के संबंध लिखी तख्तिया हाथों में लेकर पुरुषों से अधिक जोश के साथ नारेबाजी की।

# गौतम बुद्ध नगर में नाले में पड़ा मिला नवजात शिशु



गौतम बुद्ध नगर। नोएडा से एक बड़ी शर्मनाक खबर सामने आई है। जहां पर करीब 5 से 6 दिन का एक नवजात शिशु नाले में पड़ा हुआ मिला ।सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शिशु को बाहर निकला और मासूम की स्थिति खराब होने पर उसको अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर बच्चे का इलाज चल रहा है। दरसअल 15/16 सितंबर की रात्रि को थाना फेस-3 पुलिस को सूचना मिली कि एक नवजात शिशु सेक्टर 66 के पास नाले में पड़ा मिला है। सूचना के बाद तत्काल पुलिस मौके पर पहुँची तो पाया की बच्चा की उम्र करीब 5 से 6 दिन की लग रही थी। लोगों ने बताया की बच्चा सेक्टर-66 के पास नाले में पड़ा हुआ था। किसी ने बच्चे के रोने की आवाज सुनी तो देखा कि एक छोटा बच्चे जैसा कुछ नाले के पास पड़ा हुआ था। इसके बाद पुलिस ने बच्चों को वहां से निकला। नवजात शिशु को अपनी अभिरक्षा में लेकर बच्चे की नाजुक स्थिति को देखते हुए उसको तत्काल सेक्टर 71 के कैलाश सुपर स्पेशलिस्ट अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिस समय रात में बच्चे को भर्ती कराया गया उस समय बच्चे की हालत नाजुक थी। बच्चा काफी रो भी रहा था और उसे बुखार भी था। लेकिन पुलिस ने इस कार्य में काफी तत्परता दिखाई और बच्चे को एक बेहतर अस्पताल में भर्ती कर दिया ।पुलिस द्वारा मौके पर मौजूद रहकर अपनी उपस्थिति में शिशु का संघन उपचार कराया जा रहा है। बच्चा अभी उपचाराधीन और खतरे से बाहर है।

फेस 3 थाना प्रभारी ने बताया कि नाले में एक 5 से 6 दिन का मासूम बच्चा मिला। तत्परता दिखाते हुए उसे एक बेहतर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रात में बच्चों की हालत नाजुक थी लेकिन अब वह खतरे से बाहर है लेकिन अभी भी उसका इलाज चल रहा है। बच्चों को कौन फेंक कर गया इन सभी बिंदुओ पर गहनता से जांच करते हुए आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# नौकरी का झांसा देकर रेप करने वाला आरोपी गिरफ्तार

गौतम बुद्ध नगर। नोएडा की थाना फेस टू पुलिस ने एक युक्ति के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। युवक पर आरोप है कि उसने युवती को नौकरी दिलाने के बहाने बुलाया। इसके बाद उसे कोल्ड ड्रिंक पिलाकर उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। युवती की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। फेस टू थाना पुलिस को एक युवती ने शुक्रवार को सूचना दी कि उसके साथ में एक युवक ने दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया है।

युवती ने बताया कि आरोपी ने उसको नौकरी दिलाने के बहाने बुलंदशहर से फेस 2 के एनएसईजेड बुलाया। यहां पर बुलाने के गाड़ी में बिठाकर परीचौक ले गया।

उसके बाद कोल्ड ड्रिंक पिलाने और ऑफिस दिलाने के बहाने एक कमरे में अंदर ले जाकर रेप की वारदात को अंजाम दिया। सूचना प्राप्त होने पर थाना फेस-2 पुलिस ने तुरंत एफआईआर दर्ज की और लोकल इंटेलिजेंस व इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की मदद से रेप के आरोपी सोनू उर्फ फजर को चेतन्या बिल्डिंग के पास भंगेल से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी मूलरूप से बागपत का रहने वाला है, फिलहाल थाना क्षेत्र के सलारपुर में रह रहा था।

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है। इस मामले में थाना फेस टू प्रभारी ने बताया कि एक युवती के द्वारा दुष्कर्म की शिकायत की गई थी। युवती की शिकायत पर तत्काल प्रभाव से मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# नेशनल मीडिया नेटवर्क के संस्थापक प्रधान संपादक डॉ. दयानंद वत्स राष्ट्रीय पत्रकारिता सम्मान से सम्मानित किए गए

नई दिल्ली। आल इंडिया अचीवर्स कांफ्रेंस के तत्वावधान में आज कौटिल्य मार्ग, नई दिल्ली स्थित सम्राट होटल के सभागार में कांफ्रेंस के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर एवं सेकेट्री जनरल वरिष्ठ पत्रकार श्री अभिषेक बच्चन की अध्यक्षता में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मालवीय नगर से आम आदमी पार्टी के विधायक एवं सुप्रीम कोर्ट के वकील तथा दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष माननीय श्री सोमनाथ भारती ने हिंदी पत्रकारिता के क्षेत्र में 47वर्षों से सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार एवं नेशनल मीडिया नेटवर्क के संस्थापक प्रधान संपादक डॉ.दयानंद वत्स को उनकी पत्रकारिता के क्षेत्र में की गयी सराहनीय सेवाओं और उल्लेखनीय योगदान देने के लिए



राष्ट्रीय पत्रकारिता सम्मान 2023 से सम्मानित किया। सम्मान स्वरूप शाल, स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र भेंट किया गया। ज्ञातव्य है कि डॉ.दयानंद वत्स अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ नई दिल्ली के राष्ट्रीय महामंत्री भी हैं। डॉ .दयानंद वत्स दिल्ली विश्वविद्यालय के हंसराज कॉलेज से हिंदी में एम.ए और आई.आई.एम.सी भारतीय जन-संचार संस्थान के शुरुआती दिनों में 1981बैच के हिंदी पत्रकारिता के छात्र रहे हैं। डॉ. दयानंद वत्स भारतीय जन-संचार संस्थान के भारतीय भाषा पत्रकारिता विभाग के तत्कालीन पाठ्यक्रम निदेशक प्रो.(डॉ.) रामजीलाल जांगिड़ के शिष्य हैं जिन्होंने विश्व के 160 देशों के पत्रकार तैयार किए।

अपने संबोधन में मुख्य अतिथि सोमनाथ भारती ने कहा कि प्रेस लोकतंत्र का चौथा खंबा है। मुझे खुशी है कि भारतीय पत्रकार निर्भीकता से अपने दायित्व को निभा रहे हैं। इस अवसर पर मोंटेनीग्रो की भारत में आनरेरी काउंसल जनरल जेनिस दरबारी, श्री के एल गंजू , राजू बख्तियानी, ज्योतिषाचार्य जयप्रकाश शर्मा लाल धागे वाले भी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि माननीय श्री सोमनाथ भारती ने इस मौके पर कई अन्य गणमान्य विशिष्ठ विभूतियों को भी सम्मानित किया। आयोजक श्री अभिषेक बच्चन ने बताया कि आज उनका यह 101वां सम्मान समारोह है। जिसमें राष्ट्रीय पत्रकारिता सम्मान एवं इंटरनेशनल हाल आफ फेम सम्मान प्रदान किए गये।

# संपादकीय

## जन्म प्रमाणपत्र को एकल प्रामाणिक दस्तावेज के रूप में मिली मान्यता

शहरों में तो नगरपालिकाएं यह प्रमाणपत्र बना देती हैं, मगर गांवों में अब भी जन्म-मृत्यु संबंधी विवरण दर्ज करने के लिए कुटुंब रजिस्टर की व्यवस्था चली आ रही है।

नागरिकों की पहचान का प्रामाणिक दस्तावेज किसे माना जाए, यह लंबे समय से विचार का विषय रहा है। इसी क्रम में अलग-अलग दस्तावेजों को वैधानिक मान्यता दी गई। मगर उसमें उलझन फिर भी यह बनी रही कि अपनी पहचान साबित करने के लिए लोगों को एक साथ कई दस्तावेज प्रस्तुत करने पड़ते थे। ऐसे में तय हुआ कि क्यों न कोई ऐसा दस्तावेज लागू किया जाए, जो अंतिम रूप से व्यक्ति की पहचान प्रमाणित करता हो। इसी सोच के साथ आधार पहचानपत्र शुरू किया गया, मगर वह विवादों में घिर गया और उसे व्यक्ति के पहचान का प्रमाणपत्र नहीं माना जा सका। अब सरकार ने जन्म और मृत्यु पंजीकरण (संशोधन) अधिनियम के जरिए जन्म प्रमाणपत्र को एकल दस्तावेज के रूप में मान्यता प्रदान कर दी है।

इस तरह लोग विभिन्न आवेदनों के साथ अलग-अलग दस्तावेज लगाने के बजाय केवल जन्म प्रमाणपत्र नत्थी कर सकेंगे। निश्चित रूप से यह बड़ी राहत की बात है। अभी तक बच्चों का दाखिला कराने, विवाह पंजीकरण, मोटर वाहन चलाने के लिए लाइसेंस लेने, पासपोर्ट आदि बनवाने के लिए अलग-अलग दस्तावेज लगाने पड़ते थे। मसलन, जन्मतिथि प्रमाणित करने के लिए अलग दस्तावेज, घर का पता प्रमाणित करने के लिए अलग दस्तावेज लगाना पड़ता था। इन सबके साथ आधार पहचानपत्र भी नत्थी करना जरूरी था।

नया नियम अगले महीने से लागू होगा। हालांकि पहले भी जन्म प्रमाणपत्र को प्रमुख दस्तावेज माना जाता था, क्योंकि इसमें व्यक्ति की पहचान से जुड़ी सभी बुनियादी जानकारियां उपलब्ध होती हैं। उसमें जन्मतिथि, जन्म स्थान और माता-पिता की पहचान दर्ज होती है। मगर उसमें दिक्कत यह आती थी कि ग्रामीण परिवेश में रहने वाले लोगों के पास जन्म प्रमाणपत्र की सुविधा नहीं थी। शहरों में तो नगरपालिकाएं यह प्रमाणपत्र बना देती हैं, मगर गांवों में अब भी जन्म-मृत्यु संबंधी विवरण दर्ज करने के लिए कुटुंब रजिस्टर की व्यवस्था चली आ रही है। वह कितना अद्यतन होता है, दावा नहीं किया जा सकता। अगर किसी व्यक्ति को जन्म प्रमाणपत्र की जरूरत होती है, तो ग्राम प्रधान या सरपंच एक कागज पर लिख कर दे देता है।

इस तरह गावों में बहुत सारे लोग कुटुंब रजिस्टर में अपने बच्चों के पैदा होने की जानकारी दर्ज कराने की जरूरत ही नहीं समझते। फिर जिन लोगों के नाम उसमें दर्ज होते भी हैं, वे जन्म प्रमाणपत्र को जरूरी दस्तावेज के रूप में संभाल कर नहीं रखते। हालांकि अब डिजिटल रूप में भी जन्म प्रमाणपत्र उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जा रही है, मगर गांवों में चली आ रही व्यवस्था कितनी बदल पाएगी, कहना मुश्किल है।

जन्म प्रमाणपत्र को एकल प्रमाणपत्र की मान्यता मिलने से निश्चित रूप से बहुत सारे लोगों के लिए सुविधा हो जाएगी। मगर आधार पहचानपत्र को जिस तरह हर योजना और हर पंजीकरण में अनिवार्य कर दिया गया है और उससे लोगों के व्यक्तिगत विवरणों के चोरी हो जाने का खतरा बताया जाता रहता है, उससे मुक्ति मिलना संभव नहीं लगता।

नागरिकता प्रमाणपत्र एक ऐसे दस्तावेज के रूप में होना चाहिए, जो हर नागरिक को सहज सुलभ हो और जिसकी वजह से उसकी व्यक्तिगत गोपनीयता में सेंध लगने का खतरा न हो। जन्म प्रमाणपत्र इस मामले में सुरक्षित दस्तावेज माना जा सकता है, मगर बहुत सारे दूरदराज गांवों में रहने वाले और अशिक्षित लोगों के पास यह मौजूद नहीं है। उसके लिए विशेष व्यवस्था करनी होगी। ग्राम पंचायतों को भी नगरपालिकाओं की तरह डिजिटल सुविधाओं से जोड़ कर इस समस्या से पार पाया जा सकता है।

## देश की राजनीति को आपराधिक छवि के लोगों से मुक्त करने का काम अधूरा

मौजूदा कानूनी व्यवस्था के तहत अदालत की ओर से किसी अपराध का दोषी घोषित हो जाने और दो साल से ज्यादा की सजा पाने वालों को चुनाव लड़ने पर पाबंदी है, लेकिन यह अवधि छह साल की है।

राजनीति में आपराधिक पृष्ठभूमि के लोगों का प्रवेश रोकने के लिए लंबे समय से बहसें चलती रही हैं। अमूमन सभी दल और उनके नेता इसे लेकर चिंता जताते हैं, मगर विडंबना यह है कि अब तक कोई ऐसी व्यवस्था नहीं बन सकी है, जिसमें किसी अपराध में लिप्त रहे व्यक्ति को संसद या विधानसभा में पहुंचने से रोका जा सके।

मौजूदा कानूनों में जो प्रावधान किए भी गए हैं, वे एक स्तर के बाद इस मामले में कारगर नहीं रह पाते। यह बेवजह नहीं है कि आज भी देश की राजनीति को आपराधिक छवि के लोगों से मुक्त करने का काम अधूरा है। अब इस मामले में सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमित्र ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि अगर कोई व्यक्ति किसी अपराध के लिए एक बार दोषी करार दे दिया जाता है तो उसके चुनाव लड़ने पर आजीवन प्रतिबंध लगा देना चाहिए। इस रपट को राजनीति में आपराधिक छवि के लोगों के दखल को रोकने की दिशा में एक अहम विचार के रूप में देखा जा रहा है।

गौरतलब है कि मौजूदा कानूनी व्यवस्था के तहत अदालत की ओर से किसी अपराध का दोषी घोषित हो जाने और दो साल से ज्यादा की सजा पाने वालों को चुनाव लड़ने पर पाबंदी है, लेकिन यह अवधि छह साल की है। इस अवधि के बाद वही व्यक्ति फिर से संसद या विधानसभा का चुनाव लड़ सकता और जीतने के बाद जनप्रतिनिधि कहला सकता है।

अब न्यायमित्र ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि सांसदों को अधिक पवित्र और कानून का पालन करने वाला होना चाहिए। चूंकि सांसद और विधायक लोगों की संप्रभु इच्छा का प्रतिनिधित्व करते हैं, इसलिए एक बार नैतिक अपराध से जुड़ा पाए जाने के बाद उन्हें स्थायी रूप से चुनावी राजनीति के लिए अयोग्य घोषित कर दिया जाना चाहिए।

इस संदर्भ में यह पक्ष विचार योग्य हो सकता है कि केंद्र और राज्य सरकार के कर्मचारियों पर लागू सेवा नियमों के अनुसार, नैतिक अधमता से जुड़े किसी भी अपराध के लिए दोषी ठहराए गए व्यक्ति को सेवा से बर्खास्त किया जा सकता है, मगर राजनेताओं को इस मामले में अलग स्तर पर क्यों रखा गया है। हालांकि दिसंबर, 2020 में केंद्र सरकार ने सरकारी कर्मचारियों और राजनेताओं के बीच तुलना को खारिज कर दिया था। सवाल है कि क्या इसे संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन माना जा सकता है?

जाहिर है, इस मसले पर अब एक सर्वसम्मत निष्कर्ष पर पहुंचने की जरूरत है, जिसके जरिए राजनीति को अपराधीकरण से पूरी तरह मुक्त किया जा सके। लेकिन आज देश भर में ऐसे अनेक सांसद और विधायक हैं, जिनके खिलाफ लंबित मामलों की संख्या बढ़ी है। हाल ही में आई एडीआर यानी एसोसिएशन आफ डेमोक्रेटिक रिसर्च की एक रिपोर्ट में बताया गया कि करीब चालीस फीसद मौजूदा सांसदों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं।

इनमें से पच्चीस फीसद मामले गंभीर अपराधों से जुड़े हुए हैं, जिनमें हत्या, हत्या की कोशिश, अपहरण, महिलाओं के विरुद्ध अपराध जैसे मामले शामिल हैं। सवाल है कि देश की संसद तक में इस स्थिति के रहते राजनीति को आपराधिक छवि से मुक्त करने की सदिच्छा का क्या हासिल होगा! निश्चित रूप से यह एक विद्रूप ही है कि किसी अपराध का दोषी होने और सजायाफ्ता होने के बावजूद कोई व्यक्ति जनता की नुमाइंदगी करने के दावे के साथ चुनाव मैदान में उतरता है। जनता की भलाई करने का वादा और दावा करता है और चुनाव जीत जाने पर विधायिका में बैठ कर कानून बनाने की प्रक्रिया में हिस्सा भी लेता है।

विश्व रोगी सुरक्षा दिवस : 17 सितंबर

## रोगियों के हितों की सुरक्षा भी जरूरी है



डॉ आर.पी. पाराशर
नेशनल प्रेसिडेंट इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन (आयुष)

रोगियों के हितों की सुरक्षा के लिए आधुनिक तकनीक आधारित नीतियों के निर्धारण और क्रियान्वन की महती आवश्यकता है। इसके लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा घोषित वैश्विक रोगी सुरक्षा कार्य योजना 2021-2030 के अनुरूप अविलंब ठोस कदम उठाए जाने चाहिएं क्योंकि स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं में विस्तार के साथ-साथ रोगियों की सुरक्षा का मुद्दा भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपने इस प्रमुख कार्यक्रम को रोगी सुरक्षा की एक दशाब्दी नाम देते हुए सभी सदस्य देशों से अपील की है कि वे इस कार्यक्रम को वैश्विक, क्षेत्रीय व राष्ट्रीय स्तर पर सफल बनाने हेतु अधिकतम योगदान दें। उल्लेखनीय है कि 2019 में विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा नीति निर्माताओं, चिकित्सा विशेषज्ञों, स्वास्थ्य कर्मियों, सामाजिक संगठनों, रोगियों और उनके परिवारों द्वारा सामूहिक प्रयासों के माध्यम से शोध आधारित स्वास्थ्य रक्षा संबंधी नीतियों के निर्धारण और क्रियान्वयन हेतु विश्व रोगी सुरक्षा दिवस के आयोजन की शुरुआत की थी। वर्तमान में मरीजों को शारीरिक, मानसिक, आर्थिक, सामाजिक व अन्य प्रकार के हो रहे नुकसान में 15त्न कमी लाने का लक्ष्य विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा निर्धारित किया है। इससे वैश्विक स्तर पर न केवल लाखों मरीजों का जीवन बचाया जा सकेगा बल्कि मरीजों को हो रहे नुकसान के इलाज और प्रबंधन पर होने वाले अरबों डॉलर की बचत भी हो सकेगी जिसका उपयोग स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं के विस्तार के लिए हो सकेगा। यह नुकसान रोगियों को मुख्य रूप से दवाओं के साइड इफेक्ट्स, सर्जिकल प्रक्रियाओं, इन्वेस्टिगेशन के दौरान होने वाले रेडिएशन और अनावश्यक जांच प्रक्रियाओं के माध्यम से होता है जिनमें मृत्यु और विकलांगता भी शामिल हैं।

### विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार रोगियों को इलाज के दौरान होने वाले मुख्य नुकसान

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार दवाओं के प्रयोग संबंधी गलतियों के चलते तीस में से एक मरीज को भारी नुकसान उठाना पड़ता है जिसमें से एक चौथाई मामलों में यह गंभीर और घातक भी हो सकता है।

विश्व में हर साल 30 करोड़ से अधिक सर्जिकल प्रक्रियाएं होती हैं जिनके दौरान होने वाले नुकसान को 10 प्रतिशत तक टाला जा सकता है।

अस्पतालों में होने वाले संक्रमण की वैश्विक दर 0.14 प्रतिशत है जो कि हर वर्ष 0.06प्रतिशत की गति से बढ़ रही है। इससे अस्पतालों में मरीज के रहने की अवधि बढ़ रही है जिसके चलते न केवल मरीजों की जेब पर खर्च कई गुना बढ़ जाता है बल्कि अस्पतालों में विद्यमान सुविधाओं और संसाधनों का समुचित उपयोग नहीं हो पाता है।

अस्पतालों में भर्ती मरीजों में इलाज के दौरान सेप्सिस के मामले 23.6 प्रतिशत पाए गए हैं जिससे प्रभावित 24.4 प्रतिशत व्यक्ति मौत के मुंह में समा जाते हैं।

वैश्विक स्तर पर 5 से 20 प्रतिशत मामलों में मरीज की बीमारी का निदान सही तरीके से या पूर्ण रूप से नहीं हो पाता जिसके चलते मरीज को सही इलाज नहीं मिल पाता है और मरीज को कई तरह के नुकसान उठाने पड़ते हैं।

असुरक्षित ब्लड ट्रांसफ्यूजन के कारण व्यक्ति को कई तरह के संक्रमण हो सकते हैं जिसके परिणाम स्वरूप उसे विभिन्न प्रकार के शारीरिक और आर्थिक नुकसानों का सामना करना पड़ता है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार विश्व भर में हर वर्ष 16 अरब इंजेक्शन मरीजों को लगाए जाते हैं। गलत इंजेक्शन या गलत तरीके से दिए गए इंजेक्शनों के परिणाम स्वरूप संक्रमण और अन्य दुष्परिणाम मरीज को भुगतने पड़ते हैं। कई बार गलत इंजेक्शन का प्रयोग जानलेवा सिद्ध होता है।

### विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार

वैश्विक स्तर पर इलाज के दौरान 10 में से एक मरीज को विभिन्न तरह के नुकसान होते हैं जिनमें हर साल होने वाली 30 लाख से अधिक मौतें भी शामिल हैं।

असुरक्षित देखभाल के कारण निम्न और मध्यम आय वाले देशों में चार प्रतिशत व्यक्तियों की मृत्यु इलाज के दौरान हो जाती है।

मरीज को होने वाले तमाम नुकसानों में से आधे दवाओं के कारण होते हैं। सामूहिक प्रयासों से 50 प्रतिशत से अधिक नुकसानों को टाला जा सकता है।

मरीजों को होने वाले नुकसान के चलते वैश्विक अर्थव्यवस्था की वृद्धि में प्रतिवर्ष 0.7 प्रतिशत की कमी आ जाती है। यदि गणना की जाए तो अप्रत्यक्ष रूप से प्रतिवर्ष वैश्विक अर्थव्यवस्था में खरबों डॉलर का घाटा हो जाता है। रोगी सुरक्षा हेतु विभिन्न योजनाओं के लिए किए जाने वाले निवेश से न केवल लाखों लोगों की जान बच सकती है बल्कि इससे होने वाली बचत निवेश के मुकाबले कई गुना हो सकती है।

### रोगियों को होने वाले नुकसान को कम करने के उपाय

रोगियों को होने वाले नुकसान को कम करने के लिए दवाओं के अतार्किक प्रयोग के संबंध में सख्त दिशा निर्देश लागू किए जाएं जिनकी अवहेलना करने पर कठोर कार्रवाई का प्रावधान हो।

नर्सिंग होम व अस्पताल अंधाधुंध कमाई के चक्कर में रोगियों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करते हैं और बिना समुचित स्ट्रलाइजेशन और डिसइन्फेक्शन के लगातार सर्जरी करते रहते हैं। सर्जिकल उपकरणों व ऑपरेशन थिएटर के समुचित स्ट्रलाइजेशन तथा डिसइन्फेक्शन न होने से मरीज वायरस, फंगस और बैक्टीरिया के संक्रमण का शिकार हो जाता है जिसका इलाज लंबा और महंगा होता है जो घातक भी सिद्ध हो सकता है। सभी प्राइवेट व सरकारी नर्सिंग होम और अस्पतालों में सर्जिकल थियेटर की संख्या और वहां विद्यमान सर्जिकल उपकरणों के आधार पर विभिन्न प्रकार की सर्जरी की अधिकतम संख्या सुनिश्चित की जानी चाहिए।

साथ ही सभी चिकित्सकीय संस्थानों में नियमित रूप से सरकारी स्तर पर ऑडिट किया जाए जो संस्थान में स्ट्रलाइजेशन और डिसइन्फेक्शन की स्थिति के साथ-साथ वहां होने वाली सर्जरी की अधिकतम संख्या की भी जांच करे।

सर्जिकल उपकरणों का स्ट्रलाइजेशन और डिसइन्फेक्शन हर सर्जरी के बाद उच्च स्तरीय डिसइनफेक्टेंट और केमिकल्स द्वारा किया जाए।

हर सर्जरी के बाद ऑपरेशन थिएटर का स्ट्रलाइजेशन व डिस इन्फेक्शन मध्यम स्तरीय रसायन से किया जा सकता है जिनमें तीन प्रतिशत हाइड्रोजन पराक्साइड, अमोनियम कंपाउंड्स, फेनोलिक्स व डाइल्यूट ग्लूटलडायहड शामिल हैं। हर 24 घंटे के बाद उच्च स्तरीय केमिकल्स से ऑपरेशन थिएटर की सफाई की जाए जिनमें 7.5 प्रतिशत हाइड्रोजन परोक्साइड, हाइपोक्लोराइट व हाइपोक्लोरिक एसिड शामिल हैं। सप्ताह में कम से कम एक बार ऑपरेशन थिएटर की सफाई ऐसे केमिकल से की जाए जो सभी तरह के बैक्टीरिया, वायरस व फंगस पर प्रभावी हो। ऐसे रसायनों में पैरासिटिक एसिड, हाइपोक्लोराइट, ऑर्थो-थेललडिहाइड तथा 7.5 प्रतिशत हाइड्रोजन पराक्साइड शामिल हैं। हालांकि हाइपोक्लोराइट के मुकाबले सोडियम डाइक्लोरो आइसो साइन्यूरेट तथा क्लोरोमाइन-टी जैसे रसायन क्लोरीन को अधिक समय तक बांधकर रखते हैं जिससे लंबे समय तक उनका असर कायम रहता है। वैसे फोरमलडिहाइड को एक बेहतर डिसइनफेक्टेंट माना जाता है क्योंकि इसमें फोर्मलीन लिक्विड में पोटैशियम परमैगनेट मिलाकर गैस उत्पन्न की जाती है जिससे फर्श से छत तक डिसइन्फेक्शन हो जाता है। लेकिन एल्डिहाइड के कैंसर कारक प्रभाव के सामने आने के बाद इसका प्रयोग सीमित कर दिया गया है। ऐसे में वैज्ञानिकों को ऐसे उपाय खोजने की जरूरत है जो वायरस, बैक्टीरिया, फंगस वगैरह का खात्मा तो करें लेकिन मरीज या स्टाफ को उसके कारण कोई नुकसान न पहुंचे।

मरीज की बीमारी का सही निदान हो, इसके लिए डॉक्टरों को अतिरिक्त प्रयास करने होंगे। एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड, टोमोग्राफी तथा एम.आर.आई. जैसी जांच के साथ रक्त से होने वाली जांच अनुभवी व वरिष्ठ चिकित्सक द्वारा की जानी चाहिए। विभिन्न प्रकार की जांच करने वाली लैब में कार्यरत डॉक्टरों और कर्मचारियों की शैक्षणिक योग्यताओं की नियमित रूप से जांच होनी चाहिए। जांच की गलत रिपोर्ट देने वाले डॉक्टर और लैब के खिलाफ सख्त कार्रवाई का प्रावधान नियमों में किया जाए। आजकल घर से सैंपल देने का चलन बढ़ रहा है, ऐसे में यह भी सुनिश्चित करना आवश्यक है कि लैब तक पहुंचने के दौरान सैंपल की गुणवत्ता प्रभावित न हो। अनावश्यक लैब टेस्ट कराने के चलते मरीज को बेवजह आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है और अनावश्यक टेस्ट लिखने की प्रैक्टिस पर लगाम लगाने की आवश्यकता है। इसके लिए नेशनल मेडिकल कमिशन उचित जारी दिशा निर्देश जारी करे।

सर्जरी के बाद की देखभाल में कमी के चलते भी मरीज को संक्रमण हो सकता है, यदि वार्ड या निजी कक्ष में समुचित सफाई न हो। वार्ड और निजी कक्ष में भी नियमित रूप से डिसइनफेक्टेंट और केमिकल्स से नियमित रूप से सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही अस्पताल के स्टाफ व मरीज के मुलाकातियों को भी निजी साफ-सफाई की उचित प्रक्रिया के बाद ही मरीज के संपर्क में आने दिया जाए।

एचआईवी व एड्स जैसे रोगों के कीटाणुओं का पता ब्लड ट्रांसफ्यूजन के लिए ताजे रक्त से नहीं चल पाता है और कई बार तीन महीने के बाद दूषित ब्लड के कारण मरीज संक्रमित हो जाता है। किसी भी प्रकार के बैक्टीरिया, वायरस, फंगस या अन्य संक्रमण का खून में तुरंत पता लगाने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन सहित सभी देशों की सरकारों को तकनीक विकसित करनी चाहिए।

## विनम्रता और शांति भारत की ताकत

चंद्रयान-3 की चांद पर कदम रखने की सफलता और द्द20 सम्मेलन में भारत की नेतृत्व करने की भूमिका के साथ ही अब भारत विश्व के सिरमौर देश में अपना स्थान बना चुका है। दिल्ली घोषणा पत्र को सभी देशों के महासमर्थन के साथ भारत के वसुदेव कुटुंबकम की भावना और विश्व शांति की अपील को सर्वमान्यता प्राप्त हो चुकी है। भारत आगामी तीन-चार वर्षो में विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। सामरिक क्षमता में भी भारत सिरमौर देशों में शामिल है। चंद्रयान-3 को चंद्रमा के साउथ ब्लॉक में पहुंचने के बाद भारत विश्व का पहला देश बन चुका है। इसके साथ यह बहुत उल्लेखनीय तथा महत्वपूर्ण तथ्य है कि अंतरराष्ट्रीय कैनवास पर भारत स्पष्ट रूप से एक शक्तिशाली देश बन कर उभरा है । चीन और पाकिस्तान अब अलग-अलग पड़ चुके हैं। दूसरी तरफ पुतिन ने भारत की द्द20 की सफलता के बाद मेक इन इंडिया योजना का भारी समर्थन कर देश की स्थिति की प्रशंसा भी की है। कुल मिलाकर वर्तमान परिस्थितियां भारतीय दृष्टिकोण से बहुत ज्यादा उसके पक्ष में है। भारत सदैव विश्व मंच पर शांति सौहाद्र और विनम्रता की नीति को अपनाता आया हैद्य भारत ने सदैव शांति और अहिंसा को ही अपना परम धर्म मान कर वैश्विक शांति की पैरवी की हैद्य भारत का सदैव मानवतावादी दृष्टिकोण ही रहा है एवं उतनी ही संवेदनशीलता के साथ उसने अंतरराष्ट्रीय जगत पर अपनी बात का प्रभाव छोड़ा हैद्य पर इसका कतई अर्थ यह नहीं है कि भारत कमजोर या भीरू है। भारत की वैज्ञानिक तथा सामरिक शक्ति अब दुनिया में चौथे नंबर पर आ चुकी है।और हमारे पड़ोसी देश चीन,पाकिस्तान इस मुगालते में बिल्कुल ना रहे कि वह भारत की तरफ आंख उठाकर उस पर किसी भी तरह आक्रमण करने की कोशिश करें। भारत अब एक स्वाभिमानी शक्तिशाली राष्ट्र बन चुका है और किसी भी आतताई शक्ति को हर स्तर पर मुंहतोड़ जवाब दे सकता है। इसीलिए भारत अब धीरे धीरे वैश्विक स्तर पर एक शक्तिशाली और मजबूत राष्ट्र के रूप में उभरा है।

भारत की संस्कृति प्रागैतिहासिक काल से विनम्रता,सदाशयता और सज्जनता की रही है। महात्मा गांधी ने स्वयं कहा है कि पापी को नहीं पाप को नष्ट करना चाहिए। समाजीकरण की प्रक्रिया में मानवता का प्रथम कदम विनम्रता के साथ शुरू हो तो सफलता उसके कदम चूमना शुरु करती है। विनम्रता मनुष्य के जीवन का वह सद्गुण है जो उसे हर मुसीबत से विजई होना सिखाता है। सदाशयता भी यदि विनम्रता के साथ जुड़ जाए तो मनुष्य को ऊंचाइयों पहुंचने से कोई रोक नहीं सकता है। प्रत्येक मनुष्य जीवन में उस ऊंचाई को अर्जित करना चाहता है, जिसका उसने जीवन में कभी स्वप्न देखा हो, यह जीवन का आवश्यक अंग भी है क्योंकि जीवन की सफलता और सार्थकता एक दूसरे पर आश्रित आवश्यक अंग है। मनुष्य मूल प्रवृत्ति से स्वार्थी, अंहकारी होता है, किंतु जैसे जैसे अपने आसपास के वर्तमान संपर्क में आता है उसकी मूल प्रवृत्ति का लोप होते जाता है तथा नए विचारों का प्रभाव उस पर ज्यादा से ज्यादा होने लगता है। समाज के सामाजिक ढांचे को मजबूती प्रदान करने के लिए सहिष्णुता, करुणा ,सदाशयता आदि गुणों का विकास होता है और इन्हीं गुणों के मिश्रण से विनम्रता रूपी सद्गुण का समन्वय के साथ विकास होता है। विनम्रता के मामले में हम यह कह सकते हैं कि यह वह गुण है जिसे प्रकृति में महान लोगों को ही नवाजा है,या यह कहना चाहिए कि विनम्रता, संयम,सहजता आदि गुणों से ही सामान्य व्यक्ति महानता की ओर अग्रसर होता है।




## ब्रह्मांड के पहले इंजीनियर थे भगवान विश्वकर्मा



रमेश सर्राफ धमोरा

विश्वकर्मा शिल्पशास्त्र के आविष्कारक और सर्वश्रेठ ज्ञाता माने जाते हैं। जिन्होने विश्व के प्राचीनतम तकनीकी ग्रंथों की रचना की थी। इन ग्रंथों में न केवल भवन वास्तु विद्या, रथ आदि वाहनों के निर्माण बल्कि विभिन्न रत्नों के प्रभाव व उपयोग आदि का भी विवरण है। माना जाता है कि उन्होनें ही देवताओं के विमानों की रचना की थी। भगवान विश्वकर्मा की उत्पत्ति ऋग्वेद में हुई है। जिसमें उन्हें ब्रह्मांड (पृथ्वी और स्वर्ग) के निर्माता के रूप में वर्णित किया गया है। भगवान विष्णु और शिव लिंगम की नाभि से उत्पन्न भगवान ब्रह्मा की अवधारणाएं विश्वकर्मण सूक्त पर आधारित हैं।

हर वर्ष 17 सितम्बर को विश्वकर्मा जयंती मनायी जाती है। यह कन्या संक्रांति पर पड़ता है। यह वह दिन है जब सूर्य सिंह राशि से कन्या राशि में प्रवेश करता है। इस दिन का औद्योगिक जगत और भारतीय कलाकारों, मजदूरो, इंजीनियर्स आदि के लिए खास महत्व है। विश्वकर्मा जयन्ती भारत के जम्मू कश्मीर, पंजाब, हिमाचल, हरयाणा, दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, असम, ओडिशा, त्रिपुरा, बिहार और झारखंड जैसे राज्यों में मनायी जाती है। नेपाल में भी विश्वकर्मा पूजा को बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। विश्वकर्मा के पूजन और उनके बताये वास्तुशास्त्र के नियमों का अनुपालन कर बनवाये गये मकान और दुकान शुभ फल देने वाले माने जाते हैं। इनमें कोई वास्तु दोष नहीं माना जाता।

विश्वकर्मा पूजा एक ऐसा त्योहार है जहां शिल्पकार, कारीगर, श्रमिक भगवान विश्वकर्मा का त्योंहार मनाते हैं। कहा जाता है कि हिंदू भगवान ब्रह्मा के पुत्र विश्वकर्मा ने पूरे ब्रह्मांड का निर्माण किया था। विश्वकर्मा को देवताओं के महलों का वास्तुकार भी कहा जाता है। इसलिए भगवान विश्वकर्मा को दुनिया का सबसे पहला इंजीनियर और वास्तुकार माना जाता है। विश्वकर्मा दो शब्दों से विश्व (संसार या ब्रह्मांड) और कर्म (निर्माता) से मिलकर बना है। इसलिए विश्वकर्मा शब्द का अर्थ है। दुनिया का निर्माता यानि की दुनिया का निर्माण करने वाला। औद्योगिक श्रमिकों द्वारा इस दिन बेहतर भविष्य, सुरक्षित कामकाजी परिस्थितियों और अपने-अपने क्षेत्र में सफलता के लिए प्रार्थना की जाती हैं। विश्वकर्मा जयन्ती के दिन देश के कई हिस्सों में काम बंद रखा जाता है और खूब पंतगबाजी की जाती है। विभिन्न प्रदेशों की सरकार विश्वकर्मा जयन्ती पर अपने कर्मचारियों को सावेतनिक अवकाश प्रदान करती है।

यह त्योहार मुख्य रूप से दुकानों, कारखानों और उद्योगों द्वारा मनाया जाता है। इस अवसर पर, कारखानों और औद्योगिक क्षेत्रों के श्रमिक अपने औजारों की पूजा करते हैं और भगवान विश्वकर्मा से उनकी आजीविका सुरक्षित रखने के लिए प्रार्थना करते हैं। वे मशीनों के सुचारू संचालन के लिए प्रार्थना करते हैं और विश्वकर्मा पूजा के दिन अपने उपकरणों का उपयोग करने से परहेज करते हैं।

विश्वकर्मा प्रकाश को वास्तु तंत्र का अपूर्व ग्रंथ माना जाता है। इसमें अनुपम वास्तु विद्या को गणितीय सूत्रों के आधार पर प्रमाणित किया गया है। ऐसा माना जाता है कि सभी पौराणिक संरचनाएं भगवान विश्वकर्मा द्वारा निर्मित हैं। भगवान विश्वाकर्मा के जन्म को देवताओं और राक्षसों के बीच हुए समुद्र मंथन से माना जाता है। पौराणिक युग के अस्त्र और शस्त्र भगवान विश्वकर्मा द्वारा ही निर्मित हैं।

धर्मग्रंथों में विश्वकर्मा को सृष्टि के रचयिता ब्रह्माजी का वंशज माना गया है। ब्रह्माजी के पुत्र धर्म तथा धर्म के पुत्र वास्तुदेव थे। जिन्हें शिल्प शास्त्र का आदि पुरुष माना जाता है। इन्हीं वास्तुदेव की अंगिरसी नामक पत्नी से विश्वकर्मा का जन्म हुआ। अपने पिता के पदचिन्हों पर चलते हुए विश्वकर्मा भी वास्तुकला के महान आचार्य बने। मनु, मय, त्वष्टा, शिल्पी और देवज्ञ इनके पुत्र हैं। इन पांचों पुत्रों को वास्तु शिल्प की अलग-अलग विधाओं में विशेषज्ञ माना जाता है।

पौराणिक साक्ष्यों के मुताबिक स्वर्गलोक की इन्द्रपुरी, यमपुरी, वरुणपुरी, कुबेरपुरी, असुरराज रावण की स्वर्ण नगरी लंका, भगवान श्रीकृष्ण की समुद्र नगरी द्वारिका और पांडवों की राजधानी हस्तिनापुर के निर्माण का श्रेय भी विश्वकर्मा को ही जाता है। पौराणिक कथाओं में इन उत्कृष्ट नगरियों के निर्माण के रोचक विवरण मिलते हैं। उड़ीसा का विश्व प्रसिद्ध जगन्नाथ मंदिर तो विश्वकर्मा के शिल्प कौशल का अप्रतिम उदाहरण माना जाता है। विष्णु पुराण में उल्लेख है कि जगन्नाथ मंदिर की अनुपम शिल्प रचना से खुश होकर भगवान विष्णु ने उन्हे शिल्पावतार के रूप में सम्मानित किया था।

विश्वकर्मा वैदिक देवता के रूप में सर्वमान्य हैं। इनको गृहस्थ आश्रम के लिए आवश्यक सुविधाओं का निर्माता और प्रवर्तक भी कहा गया है। अपने विशिष्ट ज्ञान-विज्ञान के कारण देव शिल्पी विश्वकर्मा मानव समुदाय ही नहीं वरन देवगणों द्वारा भी पूजित हैं। देवता, नर, असुर, यक्ष और गंधर्व सभी में उनके प्रति सम्मान का भाव है। भगवान विश्वकर्मा के पूजन- अर्चन किये बिना कोई भी तकनीकी कार्य शुभ नहीं माना जाता। इसी कारण विभिन्न कार्यो में प्रयुक्त होने वाले औजारों, कल-कारखानों और विभिन्न उद्योगों में लगी मशीनों का पूजन विश्वकर्मा जयंती पर किया जाता है।

महाभारत में पांडव जहां रहते थे उस स्थान को इंद्रप्रस्थ के नाम से जाना जाता था। इसका निर्माण भी विश्ववकर्मा ने किया था। कौरव वंश के हस्तिनापुर और भगवान कृष्ण के द्वारका का निर्माण भी विश्वणकर्मा ने ही किया था। सतयुग का स्वर्ग लोक, त्रेता युग की लंका, द्वापर की द्वारिका और कलयुग के हस्तिनापुर आदि के रचयिता विश्वकर्मा जी की पूजा अत्यन्त शुभकारी है। सृष्टि के प्रथम सूत्रधार, शिल्पकार और विश्व के पहले तकनीकी ग्रन्थ के रचयिता भगवान विश्वकर्मा ने देवताओं की रक्षा के लिये अस्त्र-शस्त्रों का निर्माण किया था। विष्णु को चक्र, शिव को त्रिशूल, इंद्र को वज्र, हनुमान को गदा और कुबेर को पुष्पक विमान विश्वकर्मा ने ही प्रदान किये थे। सीता स्वयंवर में जिस धनुष को श्रीराम ने तोड़ा था वह भी विश्वकर्मा के हाथों बना था। जिस रथ पर निर्भर रह कर श्रेष्ठ धनुर्धर अर्जुन संसार को भस्म करने की शक्ति रखते थे उसके निर्माता विश्वकर्मा ही थे। पार्वती के विवाह के लिए जो मण्डप और वेदी बनाई गई थी वह भी विश्वकर्मा ने ही तैयार की थी।

माना जाता है कि विश्वकर्मा ने ही लंका का निर्माण किया था। इसके पीछे कहानी है कि शिव ने माता पार्वती के लिए एक महल का निर्माण करने के लिए भगवान विश्वकर्मा को कहा तो विश्वकर्मा ने सोने का महल बना दिया। इस महल के पूजन के दौरान भगवान शिव ने राजा रावण को आंमत्रित किया। रावण महल को देखकर मंत्रमुग्ध हो गया और जब भगवान शिव ने उससे दक्षिणा में कुछ देने को कहा तथा उसने महल ही मांग लिया। भगवान शिव ने उसे महल देकर वापस पर्वतों पर चले गए। विश्वकर्मा ने देवताओं के लिए उड़ने वाले रथों का निर्माण किया था। विश्वकर्मा ने देवताओं के राजा इंद्र का हथियार वज्र का निर्माण किया था। वज्र को ऋषि दधीचि और अज्ञेयस्त्र की हड्डियों से बनाया गया है। भगवान कृष्ण का सुदर्शन चक्र उनकी शक्तिशाली रचनाओं में से एक था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस स्वतंत्रता दिवस के मौके पर कामगारों के लिए बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा जयंती पर देश में एक नई योजना 'विश्वकर्मा योजना' को लॉन्च किया जाएगा।

# शार्ट न्यूज

## ट्रक से टकरायी कार , तीन लोगों की मौत

रायबरेली। उत्तर प्रदेश में रायबरेली के खीरो इलाके में अनियंत्रित कार सड़क पर खड़े ट्रक से जा टकरायी है और इस दुर्घटना में कार सवार एक ही परिवार के तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि दो बच्चे गम्भीर रूप से घायल हो गए है। पुलिस उपाधीक्षक लालगंज महिपाल पाठक ने शनिवार को बताया कि खीरो थाना इलाके के इसौली के पास शुक्रवार देर रात एक बजे के आसपास अनियंत्रित होकर आल्टो कार खड़े ट्रक में पीछे से घुस गई। जिसमें कार सवार तीन लोगों में तीन लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई वहीं दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों में विनय प्रताप सिंह (22), अभय प्रताप सिंह (26), कल्पना सिंह (42) शामिल हैं जबकि अभय प्रताप के दोनों बच्चे गौरव (4) और गरिमा (6) गंभीर रूप से घायल हो गए है। कल्पना सिंह, अभय और विनय की मां थी। इस घटना के बाद आसपास हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने इसकी सूचना सेमरी पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची सेमरी पुलिस ने सभी को एंबुलेंस की मदद से सीएचसी लालगंज पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया। दोनों बच्चों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा है।

## जौनपुर सिविल कोर्ट के वकील प्रत्येक शनिवार को रहेंगे हड़ताल पर

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिले का मामला जब तक पूरी तरह से शांत नहीं हो जाता और एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू नहीं हो जाता है तब तक सिविल कोर्ट जौनपुर के वकील बाहों में काली पट्टी बाधने के साथ ही प्रत्येक शनिवार को न्यायिक कार्यों का बहिष्कार करेंगे। सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जितेंद्र नाथ उपाध्याय एवं मंत्री अनिल सिंह देहाती ने संयुक्त रूप से बताया कि दीवानी न्यायालय अधिवक्ता संघ के सभागार में शनिवार को साधारण सभा की बैठक हुई जिसमें सर्वसम्मति से हापुड़ के मामले को लेकर प्रस्ताव पारित किया गया कि 18 सितम्बर सोमवार से दीवानी न्यायालय के सभी अधिवक्तागण बांह पर काली पट्टी बांधकर न्यायिक कार्य करेंगे। दोनों पदाधिकारियों ने कहा कि जब तक हापुड़ का मामला शांत नहीं हो जाता तथा अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू नहीं हो जाता , तब तक प्रत्येक शनिवार को सभी अधिवक्तागण पूर्ण रूपेण न्यायिक कार्य से विरक्त रहेंगे यदि कोई अधिवक्ता काम करता हुआ पाया गया तो- यदि वह सीनियर अधिवक्ता हुए तो 10000 का जुर्माना और यदि वह जूनियर अधिवक्ता हुए तो 5000 का जुर्माना अपने बार में जमा करना होगा ।

## मोदी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी मामले में जांच शुरू

**महोबा।** उत्तर प्रदेश के महोबा जिले में चरखारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्साधीक्षक के सोशल मीडिया एकाउंट से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए अभद्र टिप्पणी किये जाने के मामले की जांच शुरू कर दी गई है। मामले में चिकित्सक को नोटिस थमाया गया है और स्पष्टीकरण मांगा गया है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ़ काशीराम ने बताया कि पिछले दिनों नई दिल्ली में आयोजित हुई जी.20 समिट के बाद सीएचसी के प्रभारी चिकित्साधीक्षक डॉ़ राजेश कुमार के फेसबुक एकांउन्ट से की गई एक पोस्ट में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए एक बेहद अभद्र व आपत्तिजनक टिप्पणी पोस्ट की गई, जिससे विवाद खड़ा हो गया। इस मामले में अनेक लोगों ने अपनी शिकायतें उच्चस्तर पर दर्ज कराते हुए चिकित्साधिकारी के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की थी। इनमे से अनेक शिकायतें मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय को भी प्राप्त हुई है। सीएमओ डॉ़ काशीराम ने बताया कि राजकीय सेवा में कार्यरत एक चिकित्सक द्वारा किये गए उक्त कार्य को अति गम्भीरता से लेते हुए मामले में केंद्र प्रभारी डॉ़ राजेश के खिलाफ नोटिस जारी किया गया है और उनसे तत्काल स्पष्टीकरण मांगा गया है।

## लखीमपुर में कार और बाइक की टक्कर

लखीमपुर-खीरी। लखीमपुर खीरी के थाना नीमगांव क्षेत्र में लखीमपुर से मैगलगंज मार्ग पर एक सड़क हादसा हो गया। हादसे में एक बाइक आर कार की टक्कर हो गई। जिसमें बाइक सवार की घटनास्थल पर मौत हो गई। वहीं कार में सवार लोग मौके से कार छोड़कर भाग गए। सूचना मिलने ही कोतवाली प्रभारी घटनास्थल पर पहुंचे। परिजनों की तहरीर पर आवश्यक कार्रवाई किए जाने का आश्वासन देते हुए मुकदमा पंजीकृत करके कार्रवाई की जाएगी। घटना की सूचना पाकर मृतक प्रदीप पुत्र सुभाष उम्र 30 वर्ष के परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। परिजनों का आरोप था कि पुलिस ने बिना मौके से शव का पंचनामा किया ही शव को हटा दिया है, जिसको लेकर के परिजनों ने पुलिस चौकी बेहजम में जमकर हंगामा काटा। कोतवाली प्रभारी अजीत सिंह के काफी समझाने के बाद परिजन शांत हुए। मृतक प्रदीप दूध का व्यवसाय करता था। दूध लेकर डेरी अमघट पर बेचने के लिए गया हुआ था। देरी से वापस घर लखनपुर थाना फरधान जा रहा था।

## कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर दो आरोपी गिरफ्तार

**कानपुर।** कानपुर सेंट्रल स्टेशन चेकिंग के दौरान दो संदिग्ध व्यक्तियों के पास से अवैध मादक पदार्थ बरामद किया गया। प्लेटफार्म नंबर 4,5 व्यक्तियों के पास से संदिग्ध बैग होने की सूचना पर उनकी तलाशी ली गई। जिसमे अवैध गांजा बरामद किया गया। जीआरपी थाने लाकर दोनो संदिग्ध खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की गई। शनिवार को कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर जीआरपी पुलिस को दो संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना मिली। थाना प्रभारी जीआरपी योगेंद्र प्रताप सिंह ने बताया की तत्काल ही भोर की सुबह तकरीबन 5 बजे जीआरपी पुलिस ने सेंट्रल स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 4 और 5 के बीच में दो अभियुक्तों को पकड़ा और उनके पास मौजूद बैग की तलाशी ली। तलाशी के दौरान अवैध गांजा बरामद हुआ। गांजा 31 किलो 87 ग्राम बरामद किया गया है ,जिसकी कीमत लाखों में है। पकड़े गए दोनों अभियुक्त राजस्थान के रहने वाले हैं । जिनमें से राजेंद्र सिंह और सूबे सिंह जॉकी मानक पदार्थ का काम करते हैं।

## सहारनपुर में दवा व्यापारी से 4 लाख की लूट

सहारनपुर। सहारनपुर में एक दवा व्यापारी के साथ तीन अज्ञात बदमाशों ने 4 लाख रुपए की लूट कर ली। लूट की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पीड़ित व्यापारी से पूछताछ की। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है। मामला थाना सदर बाजार क्षेत्र का है। थाना सदर बाजार के दिल्ली रोड पर एक दवा व्यापारी गिरीश बजाज के साथ लूट हो गई। अज्ञात बदमाशों ने व्यापारी से चार लाख की नगदी लूट ली। मौके पर पहुंची सादर बाजार पुलिस ने घटना की छानबीन की, लेकिन लुटेरों का कोई सुराग नहीं लगा। शहर की पैरामाउंट कॉलोनी में रहने वाले गिरीश बजाज का किशनपुरा इलाके में मेडिकल स्टोर है। गिरीश शनिवार सुबह कुछ दवा लेने किशनपुरा स्थित मेडिकल स्टोर पर गए और वहां पर रखे चार लाख रुपए स्कूटी की डिग्गी में डालकर घर आ रहे थे। जैसे ही वह दिल्ली रोड पर पहुंचे तो पीछे से बाइक सवार दो बदमाश आए और स्कूटी में टक्कर मारकर उन्हें गिरा दिया। चाबी छीनकर स्कूटी की डिग्गी खोली और कैश निकाल लिया। बदमाश फरार हो गए।

## आजमगढ़ में महिला नदी से कूदी, मौत

**आजमगढ़।** आजमगढ़ में एक बुजुर्ग महिला ने तमसा नदी में छलांग लगा दी। छलांग लगाते जब आस-पास के लोगों ने देखा तो, महिला को नदी से बाहर निकालकर इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। मामले की सूचना स्थानीय लोगों ने पुलिस को भी दे दी। हालांकि महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। अभी तक महिला की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस का कहना है कि आस-पास के सीसीटीवी देखे जा रहे हैं जिससे कि इस मामले में कुछ जानकारी हो सके। महिला द्वारा नदी में कूदकर जान देने के मामले में पुलिस घटना के कारणों का पता लगाने में जुट गई है। यह कोई पहली घटना नहीं एक सप्ताह पूर्व भी एक महिला ने नदी में कूदकर जान देने की कोशिश की थी। हालांकि महिला को बचा लिया गया था। पर आज की घटना में महिला को नहीं बचाया जा सका है। पुलिस का कहना है कि महिला की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं जिससे कि घटना का जल्द से जल्द खुलासा हो सके।

# गांधी जयंती तक प्रदेश में चलेगा मेरा विद्यालय - स्वच्छ विद्यालय अभियान

### स्वच्छ भारत दिवस के अवसर पर योगी सरकार ने लिया महत्वपूर्ण निर्णय

लखनऊ। महात्मा गांधी की पुण्य जयंती 2 अक्टूबर पर स्वच्छ भारत दिवस के अवसर पर योगी सरकार ने प्रदेश के सभी विद्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों में 2 अक्टूबर तक एक गहन स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।

इसके तहत विद्यालयों में स्वच्छता के महत्व को प्रचारित करते हुए विद्यालय और समुदाय आधारित गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को स्वच्छता के बारे में जागरूक किया जाएगा। इस कार्यक्रम की मुख्य थीम मेरा विद्यालय - स्वच्छ विद्यालय होगी। इससे पहले योगी सरकार ने प्रदेश के समस्त शिक्षण संस्थानों में 01 सितंबर 2023 से 15 सितंबर 2023 तक स्वच्छता पखवाड़ा भी आयोजित किया था जो अब 2 अक्टूबर तक निरंतर जारी रहेगा।

उल्लेखनीय है कि स्वच्छता के प्रति संवेदनशीलता को एक जन आंदोलन का रूप प्रदान करने के उददेश्य से प्रत्येक वर्ष महात्मा गांधी की पुण्य जयंती, 02 अक्टूबर को स्वच्छ भारत दिवस के रूप में आयोजित किया जाता रहा है। इसी क्रम में आवासन व शहरी कार्य मंत्रालय एवं पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, भारत सरकार एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण एवं शहरी) द्वारा संयुक्त रूप से स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

इसके अंतर्गत सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता की संकल्पना को ओर अधिक बल प्रदान करने के उद्देश्य से प्रस्तावित कार्यक्रम स्वच्छता ही सेवा की मुख्य थीम कचरा मुक्त भारत (गार्बेज फ्री इंडिया) निर्धारित किया गया है।

#### स्वच्छता शपथ का होगा आयोजन

सभी विद्यालयों और शिक्षण संस्थानों में प्रार्थना सभा के बाद स्वच्छता शपथ का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी छात्र और शिक्षक व स्टाफ प्रतिभाग करेंगे। स्कूलों, छात्रावासों और शैक्षणिक संस्थानों में शिक्षकों की मदद से बेकार एवं अपशिष्ट कचरे का निपटान अभियान के रूप में सुनिश्चित किया जाएगा एवं बच्चों को रंग आधारित गीले कचड़े के लिए हरा कूड़ादान एवं सूखे कचरे के लिए नीला कूड़ादान ठोस एवं अपशिष्ट प्रबन्धन के विषय में बताया जाएगा। इसके अतिरिक्त सभी विद्यालयों, छात्रावासों और शैक्षणिक संस्थानों में वृक्षारोपण किया जाएगा एवं बच्चों को प्राकृतिक संरक्षण के संबंध में अवगत कराया जाएगा।

कचरा मुक्त भारत और अपशिष्ट प्रबंधन आदि पर पर छात्रों के लिए निबंध, स्लोगन, कविता लेखन, पेंटिंग, भाषण, प्रश्नोत्तरी, मॉडल बनाने, नाटक मंचन इत्यादि प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी एवं उत्तीर्ण बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए पुरस्कृत भी किया जाएगा। सभी विद्यालयों और शिक्षण संस्थानों के माध्यम से ग्राम पंचायतों, नगर क्षेत्रों में स्वच्छता संदेशों के साथ ठोस एवं अपशिष्ट पृथक्करण के महत्व, एकल उपयोग प्लास्टिक (एसयूपी) के विकल्प, स्वच्छता आधारित व्यवहार परिवर्तन के लिए समुदाय में जागरूकता रैलियों का आयोजन किया जाएगा।

### हाईवे पर खड़े ट्रक से टकराई कार

# मथुरा में कार सवार 3 दोस्त समेत 4 की मौत

**मथुरा।** मथुरा में शुक्रवार देर रात दिल्ली आगरा नेशनल हाईवे पर बड़ा हादसा हो गया। यहां दिल्ली की तरफ से आ रही कार बेकाबू होकर बगल में खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसे में कार सवार 3 दोस्तों और ट्रक ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई।

जबकि 2 कार सवार गंभीर घायल हैं। कार सवार 5 दोस्त अलीगढ़ से कोकिलावन शनिदेव के दर्शन के लिए जा रहे थे। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने कार में फंसे लोगों को रेस्क्यू कर बाहर निकाला।



हादसा थाना जैंत क्षेत्र में स्थित चौधरी ढाबा के पास हुआ। हादसा इतना भयंकर था कि कार के परखचे उड़ गए। मृतकों की पहचान निविध बंसल,आलोक दयाल, आकाश, अजीत कुमार (ट्रक ड्राइवर) के रूप में की है।

वहीं, घायलों की पहचान कमल वर्मा, विशाल वर्मा के रूप में हुई है। तीन मृतक अलीगढ़ के रहने वाले हैं, जबकि मृतक ट्रक ड्राइवर बिहार के छपरा का रहने वाला है। फिलहाल, पुलिस शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मृतक आलोक का हॉस्पिटल है,वह संचालक बताया जा रहा है। जबकि मृतक निशित बंसल का ढ़ाबा चलाते थे।

## बिजली के खंभे पर काम करते हुए प्राइवेट लाइनमैन की मौत

बहराइच। उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के थाना रिसिया क्षेत्र के बिछला गांव निवासी एक प्राइवेट लाइनमैन की मौत हो गयी है। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को बताया कि रिसिया थाना क्षेत्र के ग्राम छीटनपुरवा निवासी सुरेश प्राइवेट लाइनमैन था। क्षेत्र के बिछिला गांव में बिजली के खंभे से उपभोक्ता का कनेक्शन कट गया था। जिस पर सभी ने प्राइवेट लाइनमैन को तार जोड़ने के लिए बुलाया। रात में नौ बजे के आसपास सुरेश बिजली के खंभे पर चढ़कर तार जोड़ने लगा। तभी उप केंद्र से बिजली आपूर्ति शुरू हो गई। बिजली आपूर्ति शुरू होने से युवक जिंदा जल गया और उसकी मौत हो गई। आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने बताया कि युवक की बिजली से जलकर मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।


# कुशीनगर : सोते समय की पत्नी-बेटी की हत्या

### सिर पर रॉड से किया हमला

एजेंसी

**कुशीनगर।** कुशीनगर में शुक्रवार रात एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी और बेटी की हत्या कर दी। उसने सो रही मां-बेटी के सिर पर लोहे की रॉड से ताबड़तोड़ कई वार किए। जिससे दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। दोनों का कत्ल काने के बाद वह अपनी बड़ी बेटी के बच्चे को लेकर फरार हो गया। घटना रामकोला थाना क्षेत्र के फुलवरिया मगरिब गांव की है।

शनिवार सुबह ग्रामीणों ने जब इंद्रजीत अली के घर से खून निकलता देखा, तो घर के अंदर गए। कमरे में हर तरफ खून ही खून फैला था। डबल




मर्डर की सूचना पर पुलिस अफसर समेत कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंची। पुलिस वाले भी वहां के हालात देखकर सन्न रह गए। पुलिस ने मां-बेटी के शवों को अपने कब्जे में लिया। इसके बाद उन्हें पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। फिलहाल आरोपी की गिरफ्तारी के लिए कई टीमों को लगाया गया है।

## फरियादी को कार्यालय में मुर्गा बनाने वाले एसडीएम पर गिरी गाज

**बरेली।** उत्तर प्रदेश में बरेली के मीरगंज तहसील में एसडीएम उदित पवार को एक फरियादी को कार्यालय में मुर्गा बनाने का प्रारंभिक जांच में दोषी पाये जाने के बाद जिला मुख्यालय से संबंध कर दिया गया है। एसडीएम द्वारा ने एक फरियादी को अपने कार्यालय में मुर्गा बनाने का वीडियो और फोटो वायरल होने के बाद हडकंप मच गया। मामला बढ़ता देख डीएम ने पूरे मामले की जांच के आदेश दिये और प्रारंभिक जांच में एसडीएम को दोषी पाया और आरोपी एसडीएम को मीरगंज से शुक्रवार देर रात हटा कर जिला मुख्यालय से संबंध कर दिया गया है।

शुक्रवार शाम मीरगंज तहसील मंडनपुर गांव निवासी एक युवक ने आरोप लगाया कि श्मशान भूमि की पैमाइश कराने एसडीएम मीरगंज उदित पवार के पास पहुंचा था। उसका आरोप है कि कब्जे की शिकायत से एसडीएम नाराज हो गये और उसे अपने ही कार्यालय में मुर्गा बना दिया।

# भदोही : उग्रसेन किले के खंडहरों में दबे हैं, तमाम गुप्त रहस्य

भदोही। काशी प्रयाग के मध्य जिला मुख्यालय से लगभग 40 किलोमीटर दूर वरूणा व बसुही नदियों की पवित्र संगम स्थली एवं वाराणसी-जौनपुर तथा भदोही जनपदों के सीमांत पर बसे सरावां गांव अवस्थित उग्रसेन किले के खंडहरों में दफन तमाम ऐतिहासिक व पौराणिक रहस्य आज भी लोगों के लिए पहेलियां बने हुए हैं।

उग्रसेन किले के खंडहरों पर अतिक्रमण कर बनाया गया सत्य साईंदाता मठ तमाम गुप्त रहस्यों को समेटे हुए हैं। दूरदराज से चलकर पहुंचे सैलानियों के लिए मठ आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

दंतकथाओं पर यकीन करें तो विक्रम सदी की शुरुआत के समय कभी महाराज उग्रसेन यहां के राजा हुआ करते थे। मां भद्रकाली के परम भक्त राजा उग्रसेन सुबह सोकर उठने के बाद भद्रकाली धाम में खौलते तेल के कड़ाहे में कूद कर खुद का शरीर मां की सेवा में समर्पित कर देते थे। कहा जाता है कि राजा के समर्पण को देखकर प्रसन्न देवी भद्रकाली प्रगट होकर उनके शरीर का भक्षण करती थी। तत्पश्चात् राजा को जिन्दा करने के बाद सोने की पोटली देकर अंतर ध्यान हो जाया करती थी। जहां से वापस किले पर पहुंचने के बाद महाराज उग्रसेन गरीबों के बीच स्वर्ण दान करते थे। यह सिलसिला अनवरत चलता रहता था।

बताया जाता है कि एक दिन राज परिवार के सोकर उठने के पहले ही शाही महल पूरी तरह जमींदोज हो गया, जिसमें राज परिवार के लगभग सभी सदस्य जिंदा दफन हो गए। किले के जमींदोज होने के बाद राज परिवार की तमाम परंपराएं व रहस्य किले के खंडहरों में दबकर आज भी लोगों के लिए पहेलियां बने हुए हैं।


वर्ष 1980 के दशक में एक फकीर उग्रसेन के खंडहरों पर पहुंचा और यहां अड्डा जमा कर बैठ गया। स्थानीय लोगों की मदद से खंडहरों पर एक विशालकाय झोपड़ी का निर्माण हुआ। बताया जाता है कि फकीर के रहन-सहन व क्रियाकलाप से स्थानीय लोग काफी प्रभावित हुए। इसके बाद शुरू हुआ आकाश वृत्ति( चंदे) का दौर जो बढ़ता ही गया।

कुछ लोगों ने श्रमदान कर किले के खंडहरों की पुरानी ईटों को जोड़ कर टीले पर सत्यसाईं दाता मठ का निर्माण शुरू कर दिया।

# कुशीनगर : अंतरराज्यीय साइबर ठगी गैंग का पर्दाफाश

कुशीनगर। उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले में अपराध एवं अपराधियो एवं जनपद में हो रही साइबर ठगी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शनिवार को साइबर सेल ने ऐसी ही ठगी से लोगों को शिकार बनाने वाले एक अंतरराज्यीय गैंग का पर्दाफाश किया।

पुलिस ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक साइबर सेल मनोज कुमार पन्त मय टीम व प्रभारी निरीक्षक सेवरही हर्षवर्धन सिंह मय टीम ने बिन टोलिया कस्बा सेवरही के पास से साइबर अपराध में संलिप्त 3 तीन लोगों,बुलेट कुमार चौरिया पुत्र अमरजीत चौरसिया साकिन पाखोपाली थाना उचकागाव पो़ थावे जिला गोपागलंज राज्य बिहार, अमित चौरसिया पुत्र जगदीश



चौरसिया साकिन सब्जी मण्डी तमकुही रोड थाना सेवरही जनपद कुशीनगर, तथा करन जायसवाल पुत्र राकेश जायसवास साकिन सब्जी मण्डी तमकुहीरोड थाना सेवरही जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार किया। इनके पास से मौके पर कब्जे से अवैध रुप से लोगों के खातों का प्रयोग कर अर्जित किये गये कुल 51,000/- रुपये, 64 अदद फर्जी सिम कार्ड , 20 अदद आधार कार्ड (भिन्न-भिन्न फर्जीवाडे के), 11 अदद पासबुक (भिन्न भिन्न बैंको के सादे), घटना में प्रयुक्त 5 अदद मोबाइल ( डेटा सहित मय 8 फर्जी वाले एकाँउंट में किये लगभग एक करोड़ 20 लाख रूपयो की विवरण सहित), अपराध में प्रयुक्त एक चोरी की मोटर साइकिल (एचएफ डीलक्स काले रंग बिना नम्बर प्लेट) की बरामदगी की है।

इस संबंध में पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने बताया कि अंतर्राज्यीय साइबर ठगी गैंग के द्वारा सीएससी सेंटर जो भिन्न-भिन्न स्थानों पर स्थित है उनसे मिलकर गांव के भोले-भाले गरीब लोगों को पैसों का लालच देकर खाते खुलवाने के नाम पर उनके आधार व उनके फिंगर के इस्तेमाल से नई सिमें ली गयीं।

## पानी की टंकी में गिरकर किशोर की मौत

बहराइच। उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले के पयागपुर थाना क्षेत्र के खजुरी गांव निवासी एक किशोर शनिवार को पानी टंकी के टैंक में पैर फिसलने से गिर गया, जिससे टैंक के पानी में डूबकर किशोर की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार पयागपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत खजुरी में पानी टंकी का निर्माण कार्य चल रहा है। पानी टंकी निर्माण के लिए टैंक खुदा हुआ है, जिसमें इस समय पानी भरा हुआ है। शनिवार को गांव निवासी अंकित कुमार (14) पुत्र सरजू पास में जाते समय पैर फिसलने से गिर गया। टैंक के पानी में डूबकर किशोर की मौत हो गई। कुछ देर बाद उसका शव टैंक से बरामद हुआ। पुलिस ने बताया कि किशोर के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पानी टंकी के टैंक में डूबने से किशोर की मौत हुई है।

## 50 हजार का इनामी शार्पशूटर यूपीएसटीएफ ने किया गिरफ्तार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पश्चिमी इलाके में सक्रिय कुख्यात अपराधियों पर शिकंजा कसने की कवायद में यूपीएसटीएफ की कई गठित इकाइयों में से एक मेरठ इकाई ने स्थानीय पुलिस बल के साथ मिलकर इंचैली थानाक्षेत्र से कुख्यात अपराधी सन्नी काकरान के शार्प शूटर और 50 हजार के इनामी बदमाश रवि कुमार को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया गया है।

यूपीएसटीएफ की ओर से शनिवार को दी गयी जानकारी में बताया गया कि विगत काफी दिनों से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जनपदों में कुख्यात शातिर अपराधियों के सक्रिय होकर आपराधिक घटनाओं को अंजाम दिये जाने की सूचनायें प्राप्त हो रहीं थी। इस सम्बन्ध में एसटीएफ की विभिन्नटीमों को इस बारे में सूचना एकत्र कर कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये थे।



इसी क्रम में एसटीएफ की मेरठ फील्ड इकाई के अपर पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में टीमें गठित कर जानकारी एकत्र कर रहीं थीं।

इसी बीच मुखबिर से शुक्रवार को सूचना मिली की 50 हजार का इनामी बदमाश रवि मवाना की ओर आ रहा है। वह मसूरी या नगलीईशा के रास्ते से होते हुए दौराला जायेगा। इस सूचना पर निरीक्षक सुनील कुमार के नेतृत्व में टीम ग्राम मसूरी थाना इंचैली तिराहे पर पहुंची तो वहां पर पहले से इंचैली थानाध्यक्ष सूर्यदीप सिंह मय हमराह पुलिस बल के मौजूद थे।

## तिहरे हत्याकांड के शवों का पुलिस के साए में हुआ अंतिम सस्कार

कौशांबी। उत्तर प्रदेश में कौशांबी जिले के संदीपन घाट थाना क्षेत्र में हुए तिहरे हत्याकांड के शवों का शनिवार को पुलिस के साए में अंतिम सस्कार किया गया। जिलाधिकारी के आदेश पर इस हत्याकांड की जांच मजिस्ट्रेट ने शुरू कर दी है। इसकी रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी। परिवार की मांगें शासन को भेजी जा रहीं हैं। जमीनी विवाद के चलते मोहिद्दीनपुर गांव में शुक्रवार की रात्रि घर के बाहर सोते समय होरीलाल उसके दामाद शिवशरण पुत्री ब्रज कली की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। आक्रोशित परिजनों और ग्रामीण द्वारा आसपास केकई घर एवं दुकान आगके हवाले कर दिया था। मौके पर पहुंचे पुलिस जनों एवं अधिकारियों के ऊपर ईट पत्थर से हमला कर दिया गया था, जिसमें घायल तहसील दार पुष्पेंद्र गौतम के सिर में गंभीर चोटे आए थी। मृतकों के परिजनों में इस कदर खून सवार था कि आसपास रास्ते में जो मिलता था उसे भी मारा पीटा गया जिसमें दूधिया ननका व सोनू सिंह केभी चोट आ गई, भारी मशक्कत के बाद प्रशासनिक अधिकारी की मौजूदगी तीनों शव पोस्टमार्टम के लिए ले गई उप जिलाधिकारी दीपेंद्र यादव ने बताया पोस्टमार्टम में विलंब होने के कारण शुक्रवार को शव का अंतिम संस्कार नहीं हो पाया था1

पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि तिहरे हत्याकांड में बेटी और पिता के शव का उमरछा गंगा घाट पर अंत्येष्टि कर दी गई जबकि दामाद शिवशरण की अंत्येष्टि उनके गांव कांकराबाद गंगा घाट पर कर दी गई है ।

## कौशांबी : सड़क दुर्घटना में स्कूल जा रहे शिक्षक की मौत

कौशांबी। उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले के मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र में शनिवार को स्कूल जा रहा एक शिक्षक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गयी। पुलिस ने बताया कि मंझनपुर कस्बा के चमनगंज मोहल्ला निवासी अख्जररजा (50) रोज की तरह मोपेड से प्राथमिक विद्यालय टेन शाह आलमाबाद जा रहे थे जैसे ही मडूकी गांव के पास पहुंचे पीछे से आ रहा ट्रक ने मोपेड में टक्कर मार दी। इस हादसे में मोपेड सड़क पर गिर गई और शिक्षक ट्रक के पिछले पहिए के नीचे आ गए । सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# झांसी : माताटीला बांध से छोड़ा गया पानी

**झांसी।** उत्तर प्रदेश के झांसी जिला प्रशासन ने मध्य प्रदेश के लगातार हो रही बारिश के कारण माताटीला बांध से छोड़े गये पानी के मद्देनजर लोगों से बेतवा नदी के बीच बने टापुओं पर न जाने और नदी किनारे रहने वाले ग्रामीणों से सतर्क रहने की शनिवार को अपील की।

जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने जनपद के समस्त आमजन से अपील करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश क्षेत्र में हो रही लगातार बारिश के कारण डैम से पानी छोड़ा जा रहा है। इस कारण नदियां उफान पर हैं, इसके दृष्टिगत नदी किनारे बसे गांव के ग्रामीण किसी भी दशा में नदी के मध्य टापू पर ना जाएं और ना ही नदी के किनारे किसी भी तरह की गतिविधि करें ।उन्होंने आह्वान किया कि आप सभी सुरक्षित रहें और लोगों को भी सुरक्षित रहने की सलाह दें।



जिलाधिकारी ने बताया कि आज सुबहमाताटीला बांध से लगभग 25239 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। लगातार हो रही बारिश के कारण माताटीला बांध से दोपहर दो बजे तक 50000 क्यूसेक पानी और छोडा गया है।

पानी छोड़े जाने के कारण कई गांव प्रभावित होने की संभावना पर उन्होंने नदी के किनारे बसे गांवों को सतर्क रहने की हिदायत दी।

उन्होंने ऐसे गांव जो नदी किनारे हैं और पानी छोड़े जाने की स्थिति में प्रभावित होने वाले हैं, वहां के ग्राम प्रधान, ग्राम निगरानी समिति, लेखपाल, सचिव सहित अन्य सभी को सतर्क रहने की सलाह दी। सभी लोग पूर्ण सतर्क रहते हुए नदी के बढ़ते जल स्तर पर सतत् दृष्टि बनाए रखें और लगातार जानकारी देते रहे। विभिन्न विभागीय अधिकारियों को मौके पर जाकर निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि नदी के तट के किनारे कोई गो-आश्रय स्थल है तो वहां पर विशेष सतर्कता बरती जाए। पशु हानि और जन हानि किसी भी दशा में ना हो इसे अवश्य सुनिश्चित कर लिया जाए।

## शार्ट न्यूज

### पेट्रोल और डीजल की कीमतों में टिकाव

नयी दिल्ली। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में लगातार तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज भी टिकाव रहा, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर सप्ताहांत पर अमेरिकी क्रूड 1.15 प्रतिशत उबलकर 91.20 डॉलर प्रति बैरल पर और लंदन ब्रेंट क्रूड तेजी के साथ 93.93 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। देश के चार महानगरों में पेट्रोल और डीजल की कीमत इस प्रकार रही।

| | | |
|---|---|---|
| दिल्ली | 96.72 | 89.62 |
| मुंबई | 106.31 | 94.27 |
| चेन्नई | 102.73 | 94.33 |
| कोलकाता | 106.03 | 92.76 |

### पाकिस्तान में पेट्रोल-डीजल की कीमतें रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचीं, 330 रुपये प्रति लीटर हुआ भाव

नई दिल्ली। पाकिस्तान की कार्यवाहक सरकार ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में एक बार फिर इजाफा किया है। इस बढ़ोतरी के साथ ही कीमतें नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गईं हैं। नकदी के गंभीर संकट से जूझ रहे पड़ोसी देश पाकिस्तान में पेट्रोल-डीजल की कीमत लगभग 330 रुपये प्रति लीटर हो गई है, यहां मुद्रास्फीति दर पहले से ही दहाई अंक में पहुंची हुई है। कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकड़ की मंजूरी मिलने के बाद वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार रात पेट्रोल की कीमत में 26.02 रुपये और डीजल की कीमत में 17.34 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी करने का आदेश जारी कर दिया है। इसके बाद पेट्रोल और 'हाई-स्पीड' डीजल (एचएसडी) की कीमतें 330 रुपये प्रति लीटर से ज्यादा हो गई हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि पेट्रोल और डीजल की कीमतों का 330 रुपये प्रति लीटर पर पहुंचना एक मनोवैज्ञानिक अवरोध के टूटने जैसा है। अगस्त में मुद्रास्फीति की दर 27.4 प्रतिशत से अधिक बढ़ने के बाद ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है। इसके पहले एक सितंबर को भी कार्यवाहक सरकार ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 14 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की थी। पड़ोसी देश में एक पखवाड़े के भीतर दो बार इन पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतें बढ़ने से वहां के लोगों पर आर्थिक बोझ बढ़ जाएगा।

### विशेष अदालत ने बंगलूरू जाली नोट मामले में महिला को दोषी ठहराया

नई दिल्ली। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की एक विशेष अदालत ने बंगलूरू जाली नोट मामले में एक महिला को दोषी ठहराया है। यह मामला कर्नाटक के रास्ते बांग्लादेश से भारत में भारी मात्रा में उच्च गुणवत्ता वाले जाली नोटों की तस्करी से संबंधित है। वनिता उर्फ %थंगम% इस मामले में दोषी करार दी जाने वाली छठी आरोपी है। उन्हें भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 489बी (असली नकली नोटों के रूप में उपयोग करना) के तहत छह साल की कैद, आईपीसी की धारा 489सी (नकली नोटों को रखना) के तहत पांच साल की कैद और आईपीसी की धारा 120बी (आपराधिक साजिश) के तहत दो साल की कैद की सजा सुनाई गई थी। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने शनिवार को कहा कि सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी। अदालत ने वनिता पर 20,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया। 2018 में एनआईए के साथ एक संयुक्त अभियान में कर्नाटक पुलिस ने 2.50 लाख रुपये के नकली नोटों के साथ तीन अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद वनिता के पास से 4.34 लाख रुपये मूल्य के नकली नोट जब्त किए थे। एजेंसी ने कहा कि 2018 में एनआईए के एक अधिकारी की ओर से दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर कर्नाटक पुलिस ने शुरू में आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था।

### कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स 10000 रुपये प्रति टन हुआ, एटीएफ पर निर्यात शुल्क घटाया गया

नई दिल्ली। सरकार ने कच्चे पेट्रोलियम पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) आज से बढ़ाकर 10,000 रुपये प्रति टन कर दिया है। इससे घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर 6,700 रुपये प्रति टन तय किया गया था। विमान ईंधन या एटीएफ पर शुल्क मौजूदा चार रुपये प्रति लीटर से घटाकर 3.5 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है। वित्त मंत्रालय ने कहा है डीजल के निर्यात पर एसएईडी या शुल्क को मौजूदा 6 रुपये प्रति लीटर से घटाकर 5.50 रुपये प्रति लीटर कर दिया जाएगा। केंद्र सरकार ने पहली बार एक जुलाई, 2022 से स्थानीय रूप से उत्पादित कच्चे तेल की बिक्री पर अप्रत्याशित कर लगाया था क्योंकि तेल की खोज और उत्पादक कंपनियों ने यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बाद कई साल के उच्च कच्चे तेल की कीमतों के बीच भारी मुनाफा कमाया था। उस दौरान निजी रिफाइनर घरेलू बाजार के बजाय बेहतर अंतरराष्ट्रीय कीमतों के बीच बड़े पैमाने पर विदेशों में ईंधन की बिक्री कर रहे थे। तेल उत्पादक सऊदी अरब और रूस की ओर से तेल उत्पादन में कटौती को साल के अंत तक बढ़ाए जाने के बाद से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आई है। शुक्रवार को, तेल की कीमतें लगातार पांचवें सत्र में 10 महीने के नए उच्च स्तर पर पहुंच गईं।

### जूम एयरलाइंस ने डीजीसीए से हासिल की एयर ऑपरेटर सर्टिफिकेट

नई दिल्ली। जूम एयरलाइंस को भारत में वाणिज्यिक यात्री संचालन शुरू करने के लिए आधिकारिक मंजूरी हासिल कर ली है। गुरुग्राम स्थित एयरलाइन को डीजीसीए से अपना एयर ऑपरेटर सर्टिफिकेट (एओसी) मिल गया है। ऐसे में अब घरेलू यात्रियों को एक और एयरलाइन की सुविधा मिल मिलेगी। एओसी किसी भी एयरलाइन के लिए एक महत्वपूर्ण प्रमाणन है, क्योंकि यह दर्शाता है कि एक ऑपरेटर ने नागरिक उड्डयन अधिकारियों की ओर से निर्धारित कड़े सुरक्षा, परिचालन और नियामक मानकों को पूरा किया है। इस प्रमाणन के साथ, जूम एयरलाइंस को अब आधिकारिक तौर पर भारत में वाणिज्यिक यात्री संचालन शुरू करने की मंजूरी मिल गई है। जूम एयरलाइंस के सीईओ अतुल गंभीर ने इस उपलब्धि के बारे में कहा, एयर ऑपरेटर सर्टिफिकेट प्राप्त करना सुरक्षा और परिचालन उत्कृष्टता के लिए हमारी अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। हम इस महत्वपूर्ण मील के पत्थर तक पहुंचने में हमारी मदद करने के लिए अपनी समर्पित टीम के आभारी हैं। हमारे एओसी के साथ, हम यात्रियों को एक शीर्ष यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए तत्पर हैं जो सुविधा, दक्षता और आराम को जोड़ती है।

### विश्व आर्थिक मंच ने जारी की सर्वे रिपोर्ट, भारत में मजबूत आर्थिक वृद्धि का जताया भरोसा

नई दिल्ली। राजनीतिक व वित्तीय अस्थिरता के बीच आने वाले वर्षों में वैश्विक जीडीपी में कमजोरी आने की आशंका है, लेकिन भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती से आगे बढ़ती रहेगी। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के शुक्रवार को जारी सर्वे के मुताबिक, 10 में से 6 अर्थशास्त्रियों का मानना है कि विकसित देशों में आर्थिक अनिश्चितता बनी हुई है। वैश्विक आर्थिक दृष्टिकोण संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को पूरा करने की दिशा में प्रगति को कमजोर कर देगा। 74 फीसदी का कहना है कि भू-राजनीतिक तनाव का भी यही असर होगा। 90 फीसदी से अधिक अर्थशास्त्री दक्षिण एशिया खासकर भारत में मध्यम या मजबूत वृद्धि को लेकर आश्वस्त हैं। क्षेत्र में मजबूत वृद्धि की उम्मीद करने वालों की हिस्सेदारी पिछले सर्वे में 36 फीसदी थी, जो अब बढ़कर 52 फीसदी हो गई है। डब्ल्यूईएफ की प्रबंध निदेशक सादिया जाहिदी ने कहा, मुख्य अर्थशास्त्रियों की राय वैश्विक जीडीपी में कमजोरी की ओर इशारा करती है। यह विकासशील देशों के सामने आने वाली तत्काल चुनौतियों...सीमा पार निवेश और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण की आवश्यकता को भी रेखांकित करती है। 41 फीसदी अर्थशास्त्रियों को अगले तीन वर्षों में उन्नत और विकासशील देशों के बीच सहयोग बढ़ने की उम्मीद है। 30ल ने कहा, दोनों जीडीपी के बीच निजी पूंजी प्रवाह भी बढ़ेगा।

# पांच जिलों में शत प्रतिशत, 21 जिलों में 90 फीसदी पूरा हुआ डिजिटल क्रॉप सर्वे

## बागपत, आजमगढ़, अमरोहा, बलरामपुर और गोंडा में शत प्रतिशत हुआ डिजिटल क्रॉप सर्वे

लखनऊ। प्रदेश में फसलों के डिजिटल सर्वे का कार्य तेज गति से जारी है। सभी 75 जिलों में सर्वे का कार्य जारी है। वहीं 54 जिलों के 10-10 राजस्व ग्रामों में क्रॉप सर्वे का कार्य भी तेज गति से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 25 सितंबर तक सभी 54 जिलों में सर्वे के कार्य को पूरा करने का निर्देश दिया है। फिलहाल इनमें से पांच जिलों में शत प्रतिशत सर्वे पूरा कर लिया गया है। वहीं 21 जिलों में कार्य 90 फीसदी से अधिक पूरा हो चुका है। इसके अलावा 13 जिलों में 70 से 90 फीसदी, 13 जिलों में 50 से 70 फीसदी कार्य पूरा किया जा चुका है। जबकि मात्र दो जनपदों में धीमी प्रगति पर मुख्यमंत्री ने नाराजगी जताई है। जिलाधिकारियों को तेज गति से सर्वे पूरा करने की सख्त हिदायत दी गई है।



### किसानों के जीवन में खुशहाली की नई राह खोलेगा डिजिटल क्रॉप सर्वे

बता दें कि मोबाइल एप के जरिए कृषि सहित अन्य विभागों के कर्मचारी खेतों में उगी फसलों का रिकॉर्ड तैयार कर रहे हैं। योगी सरकार इसके जरिए प्रदेश में पैदा की जा रही फसलों का पूरा डेटा तैयार करा रही है। सर्वे के माध्यम से फसलों के जो आंकड़े प्राप्त होंगे, उससे प्रदेश के किसानों के लिए योजना बनाने में बहुत सुविधा प्राप्त होगी। डिजिटल क्रॉप सर्वे किसानों के जीवन में खुशहाली की नई राह खोलने का एक उपक्रम है।

### 1.19 करोड़ से अधिक कृषि प्लॉटों का हो रहा डिजिटल क्रॉप सर्वे

सर्वे के कार्य में लगे प्रत्येक सर्वेयर को प्रतिदिन 50 प्लॉटों का सर्वे करने का लक्ष्य दिया गया है, जिसकी मॉनीटरिंग स्वयं जिलाधिकारी करेंगे। पूरे प्रदेश में इस कार्य में कुल 5764 सर्वेयर लगाये गये हैं, जिसमें 1437 कृषि विभाग, 2733 राजस्व विभाग और 1594 पंचायत सहायक हैं। इन्हें प्रदेश के 27641 ग्रामों में कुल 1.19 करोड़ से अधिक कृषि प्लॉटों का डिजिटल क्रॉप सर्वे करना है।

### किस जिले में कितनी प्रगति

अपडेट आंकड़ों की बात करें तो बागपत, आजमगढ़, अमरोहा, बलरामपुर और गोंडा में सर्वे का कार्य शत प्रतिशत पूरा कर लिया गया है। इसके अलावा गाजीपुर, अंबेडकर नगर, सोनभद्र, बलिया, मुजफ्फरनगर, फतेहपुर, अलीगढ़, आगरा, हाथरस, बरेली, ललितपुर, मेरठ, बुलंदशहर, फिरोजाबाद, अमेठी, सहारनपुर, गौतमबुद्ध नगर, श्रावस्ती, रायबरेली और महाराजगंज में सर्वे का कार्य 90 फीसदी से ऊपर पूरा कर लिया गया है।

इसी प्रकार बांदा, गाजियाबाद, शाहजहांपुर, कानपुर नगर, रामपुर, सिद्धार्थनगर, उन्नाव, बदायूं, संभल, शामली, लखनऊ, बहराइच और कुशीनगर में सर्वे का कार्य 70 से 90 फीसदी पूरा हो चुका है। जबकि पीलीभीत, बिजनौर, मऊ, इटावा, मथुरा, कन्नौज, प्रयागराज, मैनपुरी, एटा, कासगंज, कानपुर देहात, सीतापुर और लखीमपुर खीरी में कार्य 50 से 70 फीसदी के बीच पूरा हुआ है। वहीं मात्र दो जनपद हापुड़ और बाराबंकी में अभी भी 50 फीसदी से कम कार्य हुआ है। इसे लेकर मुख्यमंत्री ने दोनों जिलों के जिलाधिकारियों को सख्त हिदायत दिये हैं।

# सोना 1880-1830 डॉलर के दायरे में रहने का अनुमान

**मुंबई।** सम्पत्ति बाजार में जोखिमों का विश्लेषण एवं निवेश समाधान सेवाएं प्रदान करने वाली कंपनी की एक ताजा रिपोर्ट में शुक्रवार को कहा गया कि अभी आने वाले कुछ समय तक वैश्विक बाजार में सोने का भाव 1880-1830 डॉलर प्रति औंस के एक लंबे दायरे में नीचे-ऊपर जा सकता है। वर्तमान में सोने के भाव 1960 डॉलर के दायरे में हैं।

नेविगेटर शीर्षक से इस रिपोर्ट में कहा गया है कि सोने का बाजार पिछले एक महीने से 1880-1960 डॉलर के बीच है जबकि पिछले दो महीनों के दौरान गोल्ड ईटीएफ से निवेश की निकासी देखी गई थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि ईटीएफ में हाल के हफ्तों के दौरान पुन~ कुछ पूंजी प्रवाह तेज हुआ है। इससे इस महंगी धातु में मजबूती आ सकती है।

रिपोर्ट में कहा गया कि बाजार में सोने में उतार-चढ़ाव मूलत~ दो कारकों, अमेरिकी ब्याज दरों की दिशा और अमेरिकी डॉलर की दिशा से जुड़ा होता है। अमेरिका में ब्याज दरें बढ़ने की संभावनाओं से डालर की विनिमय दर में भी मजबूती आने की संभावनाएं बनी हुई हैं। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के प्रमुख ने अपने पिछले सम्बोधन में साफ किया था कि देश में मुद्रास्फीति पर लगाम लगाने के लिए अभी ब्याज दर और बढ़ने की जरूरत पड़ सकती है। पहले अमेरिकी अर्थव्यवस्था के प्रदर्शन को लेकर चिंता और अनिश्चितताएं व्यक्त की जा रही थीं, जिससे निवेश के विकल्प के रूप में सोने में चमक आ गयी थी, पर वे अनिश्चितताएं सही साबित नहीं हुई और अमेरिका में बेरोजगारी कम हुई है जो अर्थव्यवस्था की मजबूती का संकेत है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस समय व्यापारियों को कुछ विकसित देशों में आर्थिक नरमी है और उसकी गहनता को लेकर चिंता है। इससे सोने की मांग तेज होने की संभावना कम है।



रिपोर्ट का निष्कर्ष है कि मुद्रास्फीति और अनिश्चितताओं का वातावरण सोने को बढ़त दे सकता था, अगस्त की जैक्सन होल बैठक में फेडरल रिजर्व के चेरमैन जेरॉम पावेल के संबोधन केबाद मुद्रास्फीति के खिलाफ अमेरिकी फेड की लड़ाई का महत्व अधिक हो गया है। रिपोर्ट अनुसार ऐसे वातावरण में निकट अवधि में सोने का बाजार सीमित दायरे में दिखेगा।

# ओला ने बेंगलुरु में बाइक टैक्सी सेवा फिर से शुरू की




एजेंसी

बेंगलुरु। ओला के सह-संस्थापक एवं कार्यकारी अधिकारी(सीईओ) भाविश अग्रवाल ने शनिवार से इलेक्ट्रिक बाइक टैक्सियों का संचालन फिर से शुरू करने की घोषणा की।

अग्रवाल ने आज यहां कहा कि ओला के एस1 इलेक्ट्रिक स्कूटर को शहर में बाइक टैक्सी के रूप में चलाया जाएगा।

उन्होंने कहा, आज बेंगलुरु में ओला बाइक फिर से शुरू हो रही है।

यह घोषणा कर्नाटक प्राइवेट ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन के बंद के मद्देनजर आई है, जिसमें कांग्रेस सरकार से बेंगलुरु में टैक्सी संचालन पर प्रतिबंध लगाने की मांग की गई है।

इससे पहले, यात्रियों को ले जाने पर ऑटो रिक्शा चालकों द्वारा बाइक टैक्सी सवारों पर हमला करने के कुछ मामले सामने आए थे।

ओला ने पहले बेंगलुरु में बाइक टैक्सी सेवा शुरू की थी लेकिन फिर उसे वापस ले ली।

अग्रवाल ने माइक्रोब्लॉगिंग साइट पर बाइक टैक्सियों की कीमतों की भी घोषणा की।

उन्होंने कहा कि पांच किलोमीटर की सवारी के लिए 25 रुपये और 10 किलोमीटर के लिए 50 रुपये तय किए गए हैं।

उन्होंने कहा कि कीमत सबसे कम और सफर बहुत आरामदायक है, साथ ही यह पर्यावरण के लिए भी बढ़िया है।अगले कुछ महीनों में इस सेवा को पूरे भारत में बढ़ाया जाएगा।

# मोबाइल गेमिंग ऐप पोकेमॉन गो अब हिंदी में

नयी दिल्ली। द पोकेमॉन कंपनी (टीपीसी) ने नियैन्टिक के साथ मिलकर अपने विश्व स्तर पर लोकप्रिय मोबाइल गेमिंग ऐप पोकेमॉन गो को हिंदी में लॉन्च करने की घोषणा की है।

कंपनी ने कल रात यहां आयोजित एक कार्यक्रम में यह घोषणा करते हुये कहा कि हिंदी एशिया की छठी और वैश्विक स्तर पर 15वीं भाषा है जिसमें इस गेम का स्थानीयकरण किया गया है। उपयोगकर्ता अनुभव को और बेहतर बनाने के लिए कई पोकेमॉन के नाम भी हिंदी में रखे गयें हैं। 1996 में लॉन्च होने के बाद से पोकेमॉन एक प्रतिष्ठित वीडियो गेम और मनोरंजन फ्रेंचाइजी के रूप में लोगों को जोड़ रहा है, जिसे दुनिया भर के सभी उम्र के लाखों प्रशंसक पसंद करते हैं।

भारत मे लगातार बढ़ते प्रशंसक समुदाय को देखते हुए टीपीसी ने 800 से अधिक पोकेमॉन के हिंदी में नाम बदलकर भारतीय खिलाड़ियों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करने का निर्णय लिया है।

यह पोकेमॉन को भारतीय प्रशंसकों के लिए और भी अधिक करीब बना देगा। अब हर कोई नए हिंदी नामों को ऑफ़िशिल पोकेडेक्स पेज पर देख सकते हैं और जल्द ही पोकेमॉन से




संबंधित सारी जानकारी और विवरण हिंदी में खोज सकेगा।

भारतीय पोकेमॉन गो समुदाय के अनुभव को और बेहतर बनाने के लिए, टीपीसी और नियैन्टिक ने अब इस विश्व स्तर पर लोकप्रिय गेम को हिंदी भाषा में उपलब्ध किया है। इस रोमांचक विकास से खिलाड़ी हिंदी में संपूर्ण गेमप्ले का आनंद लेते हुए पोकेमॉन गो की दुनिया में खो जाएंगे।

नियैन्टिक के उभरते बाजार के उपाध्यक्ष ओमार टेलेज़ ने कहा, नियैन्टिक सीमाओं से परे एक वैश्विक समुदाय को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है, और हिंदी भाषा में लॉन्च भारत और इसकी तेजी से बढ़ती गेमिंग उपयोगकर्ताओं के प्रति कंपनी की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। पोकेमॉन गो का हिंदी संस्करण समावेशिता को बढ़ावा देगा, जुड़ाव को प्रोत्साहित करेगा और अधिक खिलाड़ियों को अपने पोकेमॉन गो एडवेंचर में शामिल होने में सक्षम बनाएगा। 2016 में गेम के लॉन्च के बाद से, हमने पूरे भारत में पांच लाख से अधिक पोकेस्टॉप जोड़े हैं और कंपनी कई ऑन-ग्राउंड एक्टिवेशन भी आयोजित कर रही है। हमें यकीन है कि दि पोकेमॉन कंपनी के साथ हमारा यह कदम देश में हमारे दर्शकों का आधार बढ़ाने में और मदद करेगा।

उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त, हिंदी स्थानीयकरण का जश्न मनाने के लिए, नियैन्टिक सभी भारतीय खिलाड़ियों के लिए एक महीने तक चलने वाले विशेष कार्यक्रम भी चला रहा है। यह इन-गेम इवेंट फ़ील्ड रिसर्च, सीमित समय वाली रिसर्च और विशेष पुरस्कारों के साथ बोनस जैसी रोमांचक फीचरों से भरा हुआ है। भारतीय ट्रेनर के प्रवेश योग्यता बढ़ाने के लिए पोकेमॉन गो ने गूगल प्ले और एप्पल स्टोर मे उपलब्ध कॉइन बंडल के दाम संशोधित किये है। इसके अतिरिक्त पोकेमॉन गो वेब स्टोर मे विशेष बोनस भी जोडा है जो भारतीय खिलाड़ियों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दिखाता है।

उन्होंने कहा कि पारिवारिक संबंध का जश्न मनाती एक लघु फिल्म भारतीय प्रशंसकों के लिए इस अवसर को और भी खास बनाने के लिए। टीपीसी ने एक कदम आगे बढ़कर दि जरनी ऑफ वन ड्रीम नामक एक लघु फ़िल्म हिंदी, तमिल, तेलुगु और बंगाली मे लॉन्च किया है। यह कहानी एक पिता और उसके बेटे के इर्द-गिर्द घूमती है और पारिवारिक संबंधों के महत्व को दोहराती है। फिल्म इस विचार को पुष्ट करती है कि कोई भी लक्ष्य छोटा नहीं होता है और आकांक्षाओं को यथार्थ में परिवर्तित करने की क्षमता पर प्रकाश डालता है। हर आयु वर्ग के लोग इस फिल्म से जुड़ सकते हैं।

टीपीसी के मुख्य परिचालन अधिकारी ताकातो उत्सुनोमिया ने कहा, शुरुआत से ही, पोकेमॉन की अपील पीढ़ियों और संस्कृतियों से आगे निकल गई है, जिससे यह खेल और खोज की खुशी के माध्यम से लोगों को एक साथ लाने वाली एक विश्वव्यापी घटना बन गई है। भारत पर हमारा ध्यान केंद्रित है। हमारा मानना है कि हिंदी में स्थानीयकरण आने वाली लंबी यात्रा के शुरुआत को दर्शाता है।

हमारा लक्ष्य अपने दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ भारत में खुद को मजबूती से स्थापित करना है और आशा है कि हम पोकेमॉन प्रशंसक समुदाय के साथ मिलकर पोकेमॉन की दुनिया को और समृद्ध करेंगे।

# शक्कर में लिवाली, खाद्य तेलों में तेजी, दलहन- दाल मजबूत, चावल सामान्य

इंदौर। सियागंज किराना बाजार में शक्कर में लिवाली सुधार लिए बताई गई। इससे भाव में मजबूती दर्ज की गई। खाद्य तेलों में मूंगफली तेल तथा सोयाबीन रिफाइंड तेजी लिए रहा। तिलहनों में खरीदी बताई गई। मंडी बंद रही। दाल तथा चावल में कामकाज सामान्य बताया गया।



### किराना बाजार

शक्कर में लिवाली सुधार लिए बताई गई। आज शक्कर में 04 गाड़ी की आवक हुई। हल्दी तथा खोपरा बूरा लिवाली से मजबूत बना बताया गया। साबूदाना में लिवाली साधारण रही।

### तेल-तिलहन

मांग सुधार से खाद्य तेल तेजी लिए रहे। मूंगफली तेल तथा सोयाबीन रिफाइंड महंगा बिका। तिलहनों में उठाव से तेजी मंदी का अभाव रहा।

### दाल-दलहन

स्थानीय संयोगितागंज अनाज मंडी बंद रही। दालों में उठाव बना बताया गया। मूंग की दाल मजबूती लिए रही। चावल में खरीदी रही इससे भाव स्थिरता लिए रहे।

### किराना

शक्कर 3960 से 3980 रुपये प्रति क्विंटल।

खोपरा गोला 105 से 125 रुपये प्रति किलोग्राम। खोपरा बूरा 2200 से 3450 रुपये प्रति 15 किलोग्राम। हल्दी खडी 150 से 275 रुपये प्रति किलोग्राम। साबूदाना 7200 से 8100, पैकिंग में 8400 से 8600 रुपये प्रति क्विंटल।

### तिलहन

सरसों निमाड़ी 6100 से 6300, सोयाबीन 5100 से 5150 रुपये प्रति क्विंटल।

### तेल

मूंगफली तेल इंदौर 1850 से 1880, सोयाबीन रिफाइंड इंदौर 890 से 895, साल्वेंट 840 से 845, पाम तेल 885 से 890 रुपये प्रति 10 किलो।

### दाल

चना दाल 8300 से 8800, तुअर दाल सवा नंबर 14400 से 14500, तुअर दाल फूल 15000 से 15100, तुअर दाल बोल्ड 16000 से 16500, आयातित तुअर दाल 13500 से 13600, मसूर दाल 7700 से 8000, मूंग दाल 10800 से 11100, मूंग मोगर 11500 से 11800, उड़द दाल 10500 से 10800, उड़द मोगर 11200 से 11500 रुपये प्रति क्विंटल।

### चावल-पोहा

बासमती 11500 से 12500, तिबार 9500 से 10000, दुबार 8500 से 9000, मिनी दुबार 7500 से 8000, मोगरा 4200 से 6500, बासमती सैला 7000 से 9500, कालीमूंछ 8000 से 8500, राजभोग 6500 से 7500, दूबराज 4000 से 4500, परमल 2800 से 3000, हंसा सैला 2900 से 3100, हंसा सफेद 2500 से 2700, पोहा 4300 से 4800 रुपये प्रति क्विंटल।

### रवा-मैदा

रवा 1640 से 1650, मैदा 1570 से 1580, आटा 1530 से 1540, चना बेसन 4200 से 4250 रुपये प्रति 50 किलोग्राम।

## 31 जीएसटी अपीलीय प्राधिकरण बनाएगी सरकार, उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक पांच बेंच बनेंगी

नई दिल्ली। जीएसटी लागू होने के छह वर्षों के लंबे इंतजार के बाद पहले चरण में केंद्र सरकार ने जीएसटी अपीलीय प्राधिकरण गठित करने की अधिसूचना जारी कर दी है। 28 राज्यों और आठ केंद्र शासित प्रदेशों में प्राधिकरण की 31 बेंच होंगी। इनमें सबसे अधिक पांच बेंच उत्तर प्रदेश में होंगी। यह बेंच गाजियाबाद, लखनऊ, आगरा, वाराणसी और प्रयागराज में होंगी। इस गठन से कारोबारियों के विवादों का तेजी से निपटान होगा। फिलहाल किसी विवाद के लिए उच्च अदालत में शिकायतकर्ता को जाना होता है। अधिसूचना के मुताबिक, दिल्ली को छोड़कर ज्यादातर केंद्र शासित प्रदेशों में कोई स्वतंत्र पीठ नहीं है और इसे दूसरे राज्यों के साथ साझा करना होगा। गुजरात, कर्नाटक, राजस्थान, तमिलनाडु और महाराष्ट्र में 2-2 बेंच होंगी। इस गठन के बाद अब न्यायाधिकरणों के लिए उपयुक्त स्थानों की पहचान, योग्य सदस्यों की नियुक्ति और जरूरी बुनियादी ढांचे और संसाधन उपलब्ध कराने का अगला चरण शुरू होगा। 2017 में लागू किए गए जीएसटी ने पूरे देश के लिए एक प्रभावी तरीका बनाया। हालांकि, प्राधिकरण नहीं होने से शिकायतों का हल निकालना मुश्किल हो गया। अदालतों में मामलों की लाइन लग गई थी।

# ब्रिटेन की नई कंपनी ने सोलर पैनल बनाने की नई तकनीक विकसित की



लंदन। ब्रिटेन की एक छोटी और नई कंपनी को भारत में सौर ऊर्जा की तकनीक सप्लाई का बड़ा ऑर्डर मिला है। बता दें कि इस ऑर्डर के तहत कंपनी गुजरात के मुंद्रा में 2.0 गीगावाट के सौर पैनल लगाने के लिए तकनीक की सप्लाई करेगी, जिसके लिए कंपनी को 40 लाख पाउंड (जीबीपी) मिलेंगे। कंपनी इसे लेकर उत्साहित है। खबर के अनुसार, ब्रिटेन के सरे में स्थित मध्यम वर्ग की कंपनी गैर रिकवरी एंड रिसाइकिल लिमिटेड को यह ऑर्डर मिला है।

### ब्रिटेन सरकार ने की ऑर्डर पाने में मदद

दरअसल इस कंपनी का दावा है कि उसने एक नई तकनीक विकसित की है, जिसकी मदद से सौर पैनल्स में ऊर्जा की खपत, कार्बन फुटप्रिंट और उत्पादन के खर्च में कमी आएगी। भारत के इस ऑर्डर को पाने में ब्रिटेन सरकार की निर्यात क्रेडिट एजेंसी यूके एक्सपोर्ट फाइनेंस ने मदद की और कंपनी के बॉन्ड के बदले 4,75,000 पाउंड की गारंटी जारी की। इसकी मदद से कंपनी को भारत का यह ऑर्डर मिला। बता दें कि कंपनी की इस तकनीक में सौलर पैनल बनाने में एरगोन गैस का इस्तेमाल कर सिलिकॉन क्रिस्टिल्स साफ किए जाते हैं, जिन्हें बाद में सोलर सेल्स में इस्तेमाल किया जाता है। इस प्रक्रिया में बड़ी मात्रा में एरगोन गैस की जरूरत होती है।

जीआर2एल कंपनी का दावा है कि उनके द्वारा विकसित की गई तकनीक में एरगोन मशीनरी सोलर सेल्स का उत्पादन भी करती है और साथ ही माइक्रोइलेक्ट्रोनिक प्रोडक्शन, 3डी मेटल प्रिंटिंग और एयरोस्पेस हीट ट्रीटमेंट भी करती हैं। इससे एरगोन गैस का 95 प्रतिशत तक रिसाइकिल होती है। अब कंपनी अपनी इसी तकनीक को मुंद्रा सोलर टेक्नोलॉजी लिमिटेड को सप्लाई करेगी, जो गुजरात के मुंद्रा में बहुत बड़ा सौलर प्लांट लगाने जा रही है। कंपनी ने बयान जारी कर कहा कि लॉयड बैंक और ब्रिटिश सरकार के यूके एक्सपोर्ट फाइनेंस विभाग ने इस ऑर्डर को पाने में उनकी मदद की। कंपनी ने कहा है कि 2023 के अंत तक उनकी मशीनरी की सप्लाई कर दी जाएगी।

# एशिया कप फाइनल के लिये वाशिंगटन को बुलाया गया

एजेंसी

नयी दिल्ली। एशिया कप के फाइनल से पहले बंगलादेश के खिलाफ मैच के दौरान चोटिल हुये ऑलराउंडर अक्षर पटेल के कवर के रूप में वॉशिंगटन सुंदर को बुलाया गया है। वाशिंगटन सुंदर अक्षर पटेल के कवर के रूप में श्रीलंका के खिलाफ रविवार को होने वाले फाइनल से पहले कोलंबो में भारत की एशिया कप टीम के साथ जुड़ने के लिए रवाना हो गए हैं।

बंगलादेश के साथ एशिया कप के सुपर फोर के अंतिम मैच में अक्षर चोटिल हो गए थे। अभी तक यह साफ नहीं है कि अक्षर पटेल फाइनल में खेलेंगे या नहीं, हालांकि भारतीय टीम प्रबंधन ने एहतियातन सुंदर को कोलंबो बुलाया है।

उल्लेखनीय है कि बंगलादेश के खिलाफ शुक्रवार को सुपर फोर मुकाबले में थ्रो से चोट लगने के बाद अक्षर की बांह में सूजन आ गई है।

ईएसपीएनक्रिकइन्फो का मानान है कि अक्षर के हाथ में कोई फ्रैक्चर नहीं है और यह कदम सिर्फ एहतियाती है क्योंकि बल्लेबाजी के दौरान क्रीज में फुल-स्ट्रेच डाइव लगाने का प्रयास करते समय अक्षर की कलाई पर भी चोट लग गई थी। अक्षर ने हैमस्ट्रिंग की जकड़न की भी शिकायत की, जिस पर बल्लेबाजी करते समय टेप लगाने की जरूरत पड़ी। फाइनल के लिए उनकी उपलब्धता पर अंतिम फैसला लेने से पहले अगले 24 घंटों तक उनकी निगरानी की जाएगी

वॉशिंगटन एशियन गेम्स के लिए चुनी गई भारतीय क्रिकेट टीम में भी शामिल हैं और जल्द ही कोलंबो में टीम से जुड़ जाएंगे।

वॉशिंगटन का एशिया कप के फाइनल में टीम इंडिया से जुड़ना चौंकाने वाला नहीं है क्योंकि श्रीलंका के बैटिंग ऑर्डर में बाएं हाथ के कई बल्लेबाज हैं।

वाशिंगटन की ऑफ ब्रेक गेंदबाजी पावरप्ले में टीम इंडिया के कारगर साबित हो सकती है। अक्षर पटेल वर्ल्ड कप के लिहाज से टीम इंडिया के लिए काफी अहम खिलाड़ी हैं। इसी वजह से भारतीय टीम मैनेजमेंट उनके साथ कोई जोखिम नहीं ले सकती हैं।

सुपर फोर के अंतिम मैच में चोट लगने के बावजूद अक्षर ने बल्लेबाजी जारी रखी और टीम फिजियो ने समय समय पर आकर उनकी कलई में स्प्रे किया। उन्होंने भारत के 266 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 38 गेंदों में 42 रनों की शानदार पारी खेली। भारत आखिरकार छह रन से जीत हासिल करने से चूक गया।



भारत की मौजूदा टीम में एक ऑफस्पिनर की कमी है। टीम प्रबंधन को उम्मीद है कि अक्षर और रवींद्र जड़ेजा के रूप में दो बाएं हाथ के स्पिनिंग ऑलराउंडरों की मौजूदगी से इसकी भरपाई की जा सकती है। इस बीच, कुलदीप यादव भारत की 15 सदस्यीय टीम में एकमात्र विशेषज्ञ स्पिनर हैं।

## विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया को झटका, ट्रैविस हेड को फ्रैक्चर

केप टाउन। विश्व कप से पहले आस्ट्रेलिया को तगड़ा झटका लगा है जब उसके सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेली जा रही एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय (वनडे) सीरीज के चौथे मुकाबले में घायल हो गए।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेली जा रही मौजूदा सीरीज के चौथे वनडे में गेराल्ड कोएत्ज़ी की एक खतरनाक तरीके से उठी एक शॉर्ट गेंद लगने से हेड के बाएं हाथ में फ्रैक्चर हो गया। ऑस्ट्रेलियाइ बल्लेबाज़ विश्व कप में खेलने के लिए समय पर फिट होंगे या नहीं यह कहना अभी मुश्किल है



मैकडॉनल्ड्स ने आईसीसी के हवाले से कहा, यह एक फ्रैक्चर है। यह कितना गंभीर है और उन्हें ठीक होने में कितना समय लगेगा, इसका पता स्कैन के बाद लगेगा। मुझे लगता है कि ट्रैविस हेड के बारे में विस्तार से तभी बताया जा सकता है जब वह स्कैन के लिए जाएंगे। मैं कोई डॉक्टर नहीं हूं, लेकिन मुझे लगता है कि यह चोट ज़्यादा है। विश्व कप नजदीक आ रहा है और ऐसे में यह होना बेहद दुखद है।

हेड को विश्व कप के लिए ऑस्ट्रेलिया की प्रारंभिक 15-खिलाड़ियों की टीम में शामिल किया गया है और 29 वर्षीय खिलाड़ी को आठ अक्टूबर को चेन्नई में मेजबान भारत के खिलाफ टूर्नामेंट के अपने टीम के शुरुआती मैच के लिए फिट होने के लिए अब कड़ी मेहनत का सामना करना पड़ेगा।

विश्व कप में प्रतिस्पर्धा करने वाली टीमों को टूर्नामेंट के लिए अपनी अंतिम 15-खिलाड़ियों की टीम आईसीसी को सौंपने के लिए 28 सितंबर तक का समय दिया गया है और उस तारीख के बाद कार्यक्रम आयोजकों की अनुमति से ही बदलाव किए जा सकते हैं।

यदि हेड को बाहर कर दिया जाता है तो ऑस्ट्रेलिया के पास उनकी जगह लेने के लिए मार्नस लाबुशेन और हार्ड-हिटिंग ऑलराउंडर टिम डेविड जैसे विकल्प मौजूद होंगे।

## एशिया कप फाइनल से पहले श्रीलंका को चोट का झटका

कोलंबो। पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप सुपर फोर मुकाबले में चोट के शिकार हुये श्रीलंका के हरफनमौला महेश थीक्षणा भारत के खिलाफ रविवार को खेले जाने वाले खिताबी मैच के लिये उपलब्ध नहीं होंगे। पाकिस्तान के खिलाफ सुपर फोर मैच के दौरान उनकी दाहिनी हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आ गया था। शनिवार को आईसीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया कि स्कैन के बाद मांसपेशियों में चोट की पुष्टि हुई। चयनकर्ताओं ने थीक्षाणा की जगह सहान अराचिगे को टीम में शामिल किया है। अराचिगे ने अब तक दो वनडे मैच खेले हैं। वह मध्यक्रम में बल्लेबाजी करते हैं और ऑफ-ब्रेक गेंदबाजी करते हैं। थीक्षाणा की चोट मेजबान टीम के लिए बड़ा झटका है। वह श्रीलंका के लिए एक प्रमुख खिलाड़ी थे और उन्होंने पांच मैचों में 29.12 की औसत से आठ विकेट लिए थे। वह रिहैबिलिटेशन के लिए हाई परफॉर्मेंस सेंटर लौटेंगे।

## संदेश झिंगन एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम में शामिल

एजेंसी

नयी दिल्ली। फुटबॉल खिलाड़ी संदेश झिंगन चीन के हांगझू में होने वाले 19वें एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम में शामिल होंगे।

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने यह जानकारी दी। एआईएफएफ ने एशियाई खेलों के लिए दो और खिलाड़ियों चिंगलेनसाना सिंह और लालचुंगनुंगा को भी टीम में शामिल किया है। अनुभवी स्ट्राइकर सुनील छेत्री भारतीय टीम की अगुआई करेंगे।

एआईएफएफ के अधिकारियों ने बताया कि नाओरेम महेश सिंह को टीम में शामिल करने का निर्णय लेने से पहले उनका मेडिकल परीक्षण करेगा। एआईएफएफ के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने शुक्रवार को कहा, एशियाई खेलों की पूर्व संध्या पर यह वास्तव में एक सकारात्मक निर्णय है क्योंकि सुनील छेत्री और संदेश झिंगन की विश्वसनीय जोड़ी भारतीय टीम में होगी। हमें इस बात की भी खुशी है कि हमारे अभियान को मजबूत करने के लिए कुछ और अनुभवी फुटबॉल खिलाड़ी भी टीम में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह समय की जरूरत पर खड़े होने और 21 सितंबर से शुरू होने वाली इंडियन सुपर लीग के कुछ मैचों को पुनर्निर्धारित करने पर सहमत होकर राष्ट्रीय टीम की मदद करने के लिए एफएसडीएल के बेहद आभारी हैं।

भारतीय टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमैक ने कहा, यह अच्छी खबर है कि कुछ अनुभवी खिलाड़ियों को एशियाई खेलों की टीम में शामिल कर लिया गया है जो निश्चित रूप से टीम के लिए मददगार साबित होगा। मैं एफएसडीएल (आईएसएल के आयोजक) और एआईएफएफ का शुक्रगुजार हूं जिन्होंने यह फैसला लिया।

एशियाई खेलों के लिए भारतीय पुरुष टीम में गोलकीपर के रूप में गुरुमीत सिंह, धीरज सिंह मोइरंगथेम, विशाल यादव तथा सुमित राठी, नरेंद्र गहलोत, दीपक टांगरी, संदेश झिंगन, चिंगलेनसाना सिंह और लालचुंगनुंगा डिफेंडर होंगे।

# मेक्सिको में दिखाई गई एलियन बॉडीज के इंसानों जैसे अंग

### जर्नलिस्ट मोसान बोले- ये धरती के जीवों से बिलकुल अलग, दुनिया के लिए अहम खोज

मेक्सिको की संसद में पिछले दिनों एलियन के शव पेश किए गए थे। मेक्सिकन जर्नलिस्ट और यूफोलॉजिस्ट जेम मोसान ने दावा किया था कि ये शव पेरू की एक खदान से मिले थे, जो करीब 1 हजार साल पुराने हैं। मोसान के मुताबिक, ये दुनिया के इतिहास में अब तक की सबसे अहम खोज में से एक है।



हालांकि, दुनिया के कई वैज्ञानिकों ने दुनियाभर में वायरल हो रहे कथित एलियन ममी को खारिज करते हुए इसे एक क्रिमिनल स्टंट बताया है। मोसान के ऑफिस के एक स्टूडियो रूम में शीशे के बॉक्स में रखी इन एलियन बॉडीज को देखने के लिए हर कोई उत्सुक है। इस बीच रॉयटर्स ने इनकी करीब से तस्वीरें खींची।

इन फोटोज में एलियन की इंसानों की ही तरह 2 आंखें, एक मुंह, 2 हाथ, 2 पैर मौजूद हैं। हालांकि, इसके हाथों में सिर्फ 3 उंगलियां नजर आ रही हैं। मोसान के मुताबिक, वो साबित कर सकते हैं कि ये बॉडीज पृथ्वी पर मौजूद किसी भी जीव से एकदम अलग हैं। संसद में सुनवाई के दौरान मोसान ने दावा किया था कि ये एलियन शव हजार साल पुराने हैं और इनका धरती के जीवों से कोई ताल्लुक नहीं है।

मोसान ने ये भी बताया कि 2 बॉडीज में से एक फीमेल एलियन है, जिसके शरीर में एग भी थे। रॉयटर्स के मुताबिक, मोसान के दफ्तर में चारों तरफ एलियन और FO से जुड़े आर्टवर्क्स मौजूद हैं। मोसान ने इन दोनों शवों को क्लारा और मॉरीशियो नाम दिया है।

मोसान ने सोशल मीडिया और सुनवाई के दौरान एलियन के शवों पर हुई DNA टेस्टिंग और कार्बन डेटिंग से जुड़े टेस्ट की रिपोर्ट भी साझा की।

#### किसी और एलियन बॉडी पर हुई थी टेस्टिंग

रॉयटर्स की अपील पर एक मेक्सिकन वैज्ञानिक ने इस रिपोर्ट का आंकलन किया। उनके मुताबिक, रिपोर्ट में ऐसा कुछ भी नहीं है जो पृथ्वी पर मौजूद जीवन से अलग हो। शुक्रवार को मोसान ने रॉयटर्स को बताया कि ये टेस्ट असल में इन एलियन बॉडीज पर नहीं हुए थे। दरअसल ये किसी और शव पर हुए थे जो फिलहाल पेरू में ही मौजूद है। हालांकि, मोसान ने दावा किया कि वो भी एक एलियन की ही बॉडी थी, जो इन बॉडीज से बिलकुल भी अलग नहीं थी। मोसान ने उसका नाम विक्टोरिया रखा है।

## ड्रग तस्करी की लिस्ट में भारत-पाक शामिल

### अमेरिका ने 23 देशों की सूची जारी की; चीन के केमिकल्स से बनाए जा रहे नशीले पदार्थ

अमेरिका ने नशीले पदार्थ की तस्करी और इनके प्रोडक्शन करने वाले देशों की लिस्ट जारी की है। इसमें भारत का नाम भी शामिल है।

सूची में कुल 23 देशों के नाम हैं। हालांकि, रिपोर्ट में कहा गया है कि इस लिस्ट में किसी देश का नाम होने का मतलब ये नहीं है कि वहां की सरकार नशे का कारोबार रोकने के लिए कदम नहीं उठा रही या फिर अमेरिकी सरकार के साथ वो इस मामले में सहयोग नहीं कर रही।

लिस्ट में भारत के अलावा अफगानिस्तान, म्यांमार, पाकिस्तान, चीन, पनामा, पेरू, मेक्सिको, जमाइका, होंडुरस, नकारगुआ, इक्वाडोर, बहामास, हैती जैसे मुल्क शामिल हैं।



रिपोर्ट में कहा गया है कि भले ही सरकारें नशे के कारोबार को रोकने के लिए कड़े कदम उठा रही हैं, लेकिन जियोग्राफिकल, व्यवसायिक और आर्थिक वजहों से इन देशों में नशे का उत्पादन और कारोबार हो रहा है।

#### कई देशों में बन रहे ड्रग्स से जुड़े कैमिकल्स

इस सूची में उन देशों को भी शामिल किया गया है जो अवैध तरीके से नशे का सामान बनाने के लिए बना रहे कैमिकल्स बनाते हैं। इस तरह के कैमिकल्स की वजह से बन रहे नशे के उत्पाद अमेरिका पर भी असर डाल रहे हैं। रिपोर्ट में चीन को नशीले पदार्थों के लिए जरूरी कैमिकल्स का मुख्य सोर्स बताया गया है।

#### अमेरिका में ड्रग्स के ओवरडोज से 1.09 लाख लोगों की मौत

सेंटर फॉर डिसीज कंट्रोल और प्रिवेंशन के डेटा के मुताबिक, अमेरिका में 2022 में ड्रग के ओवरडोज से करीब 1.09 लाख लोगों की मौत हो गई। रिपोर्ट में बताया गया है कि अमेरिका में नुकसान पहुंचाने वाले ज्यादातर ड्रग्स इसके बॉर्डर के पार प्रोड्यूस होते हैं। इसको कंट्रोल करने के लिए अमेरिका कई अंतरराष्ट्रीय पार्टनर्स और देशों के साथ मिलकर काम कर रहा है।

## पाकिस्तान: सड़क हादसे में दूल्हा समेत एक ही परिवार के नौ सदस्यों की मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के दक्षिणी सिंध प्रांत के घोटकी जिले में शुक्रवार की रात एक सड़क दुर्घटना में दूल्हा सहित एक परिवार के नौ सदस्यों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, घोटकी में सुक्कुर-मुल्तान मोटरवे पर रवंती ग्रामीण क्षेत्र में एक कंटेनर ट्रेलर ने एक वाहन को टक्कर मार दी। वाहन में दूल्हा समेत परिवार के नौ लोग सवार थे। पुलिस, बचाव दल और स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंचे और पूरी तरह से क्षतिग्रस्त वाहन में से तीन शव और छह घायलों को निकाला। पुलिस के अनुसार, सभी घायलों ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने कहा कि पीड़ित परिवार सिंध के खैरपुर जिले के बाबरलोई शहर का निवासी था।

## ब्रिटेन में अमेरिकन एक्सएल बुली नस्ल के कुत्तों को पालना प्रतिबंधित

लंदन। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने अमेरिकी एक्सएल बुली नस्ल के कुत्ते के बढ़ते आतंक को देखते हुए उन पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है।

सुनक ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर घोषणा की, अमेरिकन एक्सएल बुली कुत्ते हमारे समुदायों, विशेषकर हमारे बच्चों के लिए खतरा हैं। उन्होंने कहा, यह स्पष्ट है कि अमेरिकन एक्सएल बुली कुत्ता हमारे समुदायों के लिए खतरा है। मैंने इस नस्ल को प्रतिबंधित करने के लिए तत्काल आदेश दिया है ताकि हम इन हिंसक हमलों को समाप्त कर सकें और लोगों को सुरक्षित रख सकें। इसके साथ श्री सुनक ने कहा कि मौजूदा कानूनों के तहत मालिकों के पास पहले से ही अपने कुत्तों को नियंत्रण में रखने की जिम्मेदारी है लेकिन वह लोगों को आश्वस्त करना चाहते हैं कि वह इन हमलों को रोकने के तरीकों पर तत्काल काम कर रहे हैं। यह प्रतिबंध लगाने की घोषणा उस वक्त की गयी, जब कुत्तों के हमले से एक व्यक्ति की मौत हो गयी। ब्रिटेन में पिट बुल टेरियर्स, जापानी टोसस, डोगो अर्जेंटीनो और फिला ब्रासीलीरोस चार नस्लों के कुत्तों का पालना पहले से प्रतिबंध है। पिछले 15 वर्षों में कुत्ते के काटने पर अस्पताल में भर्ती होने वालों की संख्या धीरे-धीरे बढ़ी है। पिछले वर्ष, 2022 में, इंग्लैंड में कुत्ते के काटने से 8,819 लोग अस्पताल में भर्ती हुए, जबकि 2007 में यह संख्या 4,699 थी।

## किम जोंग की यात्रा के दौरान किसी समझौते पर हस्ताक्षर नहीं: रूस

मॉस्को। रुस ने कहा है कि उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन की रूस की यात्रा के दौरान किसी समझौते पर हस्ताक्षर नहीं किए गए हैं। उत्तर कोरियाई नेता फिलहाल रूस की यात्रा पर हैं। रूसी राष्ट्रपति भवन क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने शुक्रवार को संवाददाताओं से कहा,किसी समझौते पर हस्ताक्षर नहीं किए गए और किसी पर हस्ताक्षर करने की कोई योजना नहीं थी। समाचार पत्र 'डॉन' ने शनिवार को बताया कि रुस का बयान ऐसे समय में आया है जब पश्चिमी देश इस बात पर चिंता व्यक्त कर रहे हैं कि दोनों अलग-थलग देश हथियार सौदे की तैयारी कर रहे हैं। किम ने इस सप्ताह की शुरुआत में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की।माना जाता है कि रुस यूक्रेन में लड़ाई जारी रखने के लिए उत्तर कोरियाई गोला-बारूद खरीदने में दिलचस्पी रखता है जबकि उत्तर कोरिया अपने मिसाइल कार्यक्रम को विकसित करने के लिए रूस की मदद चाहता है। पश्चिमी देशों ने रूस और उत्तर कोरिया को हथियार सौदा करने के खिलाफ चेतावनी दी है। उन देशों का मानना है कि कोई भी सौदा उत्तर कोरिया पर प्रतिबंधों की अवहेलना करेगा।

## लीबिया में बाढ़ से जनजीवन पर व्यापक असर

त्रिपोली। पूर्वोत्तर लीबिया में भूमध्यसागरीय तूफान डेनियल के कारण आयी भारी बाढ़ के बाद सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में 38,640 से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं। यह जानकारी इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन फॉर माइग्रेशन ने शुक्रवार को दी। आईओएम ने एक बयान में कहा कि अकेले बंदरगाह शहर डर्ना में 2 हजार 217 इमारतें नष्ट हो गईं। यह शहर दशकों में आयी लीबिया की सबसे भीषण बाढ़ से सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है। लीबिया की हाउसिंग एंड यूटिलिटीज प्रोजेक्ट्स कार्यान्वयन एजेंसी ने शुक्रवार को खुलासा किया कि बाढ़ ने लगभग 5 हजार घरों को नुकसान पहुंचाया है। इसमें कहा गया है कि बाढ़ ने जल आपूर्ति नेटवर्क को भी बर्बाद कर दिया है, जिससे प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को पीने के पानी की गंभीर कमी हो गई है। आधिकारिक आंकड़ों से पता चलता है कि बाढ़ ने अब तक कम से कम 5 हजार 500 लोगों की जान ले ली है और 10 हजार अन्य लापता हो गए हैं। स्थानीय सूत्रों ने बताया कि सुरक्षा सेवाओं ने शुक्रवार को डेर्ना में बरामद शवों की तस्वीरें लेने के बाद उन्हें सामूहिक रूप से दफनाना जारी रखा और शहर के सरकारी अभियोजक पीड़ितों के डीएनए नमूनों के संग्रह की निगरानी कर रहे हैं ताकि बाद में उनके रिश्तेदारों द्वारा उनकी पहचान की जा सके। स्पैनिश मानवीय सहायता कार्यकर्ता स्टील कैविलो ने डर्ना में विनाश की सीमा पर भय व्यक्त किया और कहा कि अब जीवित बचे लोगों को खोजने की उम्मीद धूमिल हो रही है।

## शार्ट न्यूज

### पाकिस्तानी टीम को विश्व कप से पहले बड़ा झटका, गेंदबाज नसीम के विश्वकप खेलने पर संशय

कोलम्बो। पाकिस्तान को वनडे विश्वकप से पहले एक बड़ा झटका लगा है, उनके तेज गेंदबाज नसीम शाह के विश्व कप से बाहर होने की आशंका है। तेज गेंदबाज नसीम का स्कैन करने पर उनके दाहिने कंधे की चोट का पता चला, जो शुरुआती आशंका से कहीं ज्यादा गंभीर है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने यह नहीं बताया है कि नसीम की चोट कितनी गंभीर है। गेंदबाज के दाहिने कंधे के नीचे की मांसपेशियों में चोट लगने के कारण दुबई में उसका स्कैन कराया गया, जो उन्हें सोमवार को भारत के खिलाफ गेंदबाजी करते समय लगी थी। वह अपने ओवर के बीच में मैदान से बाहर थे और बाद में प्रतियोगिता से बाहर हो गए। पाकिस्तान के दूसरे गेंदबाज हारिस रउफ ने भी साइड स्ट्रेन के कारण पांच ओवर के बाद गेंदबाजी नहीं की और पाकिस्तान ने विश्व कप से पहले एहतियात के तौर पर श्रीलंका के खिलाफ उन्हें आराम दिया। नसीम को अभी लम्बे समय तक मैदान से बाहर रहने पर विचार किया जा सकता है। साल के अंत में ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज़ में उनकी टीम में जगह बनाने पर भी संदेह जताया जा रहा है और वह 2024 में पाकिस्तान सुपर लीग में भी खेलने से चूक सकते हैं। एक वनडे गेंदबाज के रूप में उनकी विकेट चटकाने की क्षमता बहुत अधिक है।

### बोपन्ना विदाई डेविस कप मुकाबले के लिए तैयार

लखनऊ। करीब 23 साल के लंबे अंतराल पर डेविस कप की मेजबानी कर रही नवाब नगरी लखनऊ रविवार को भारत के स्टार टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना के आखिरी डेविस कप मुकाबले की गवाह बनेगी। टेनिस के विश्व कप के रूप में माने जाने वाले डेविस कप में विश्व ग्रुप-2 के मुकाबले शनिवार को गोमती नगर के विजयंत खंड मिनी स्टेडियम में भारत के शशिकुमार मुकुंद और मोरक्को के यासिन डिलीमी के बीच एकल मैच से शुरू हो गये। दूसरा एकल सुमित नागल और एडम माउंडिर के बीच खेल जायेगा। रविवार को रोहन बोपन्ना और युकी भांबरी की भारतीय जोड़ी मोरक्को के इलियट बेनचेट्रिट और यूनुस लालामी लारौसी से मुकाबला करेगी। बोपन्ना ने हाल ही में अमेरिकी ओपन के युगल फाइनल में प्रतिस्पर्धा करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बनकर इतिहास रचा था। अनुभवी खिलाड़ी वर्तमान में युगल में विश्व नंबर सात हैं और 2002 से भारत की डेविस कप टीम का हिस्सा हैं। वह दो बार 2010 और 2023 में यूएस ओपन फाइनल में रहे हैं जबकि 2017 फ्रेंच ओपन मिश्रित युगल खिताब जीतकर ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाले चौथे भारतीय खिलाड़ी बने।

### विदेशी कोच के बिना उतरेंगे शॉटगन निशानेबाज

नई दिल्ली। भारतीय शॉटगन निशानेबाज आगामी एशियाई खेलों में विदेशी कोच के बिना खेलने उतरेंगे। शॉटगन में भारत के दो विदेशी कोच इटली के मार्सेलो ड्राडी और एन्नियो फाल्को हैं। दोनों का कोच के एक्रीडिटेशन (मान्यता पत्र) और अनुबंध संबंधी अन्य तकनीकी कारणों से एशियाई खेलों के लिए चीन के हांगझोऊ में जाना मुश्किल है। एशियाई खेल 23 सितंबर से शुरू होंगे। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने इस साल के शुरू में ट्रैप कोच ड्रैडी और स्कीट विशेषज्ञ फाल्को को भारत का शॉटगन कोच नियुक्त किया था। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने जब हांगझोऊ एशियाई खेलों की आयोजन समिति को खिलाड़ियों और उनके साथ जाने वाले अधिकारियों की सूची भेजी थी तो उस दौरान ड्रैडी का भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के साथ अनुबंध हुआ था। एनआरएआई के सचिव राजीव भाटिया ने कहा कि भारतीय कोच विक्रम चोपड़ा ट्रैप टीम के साथ जाएंगे जबकि जितेंद्र बेनीवाल के स्कीट टीम के साथ यही भूमिका निभाने की संभावना है। विदेशी कोच ने तब अनुबंध पर हस्ताक्षर किए थे जब आईओए खिलाड़ियों और अधिकारियों की लंबी सूची तैयार करके उसे एशियाई खेलों के आयोजकों को भेज चुका था।

### हवाई के जंगल की आग से मरने वालों की संख्या 115 से घटाकर 97 की गयी

लॉस एंजिल्स। अमेरिकी राज्य हवाई के माउई में जंगल की आग से मरने वालों की आधिकारिक संख्या 115 से घटाकर 97 कर दी गई है। स्थानीय मीडिया ने शुक्रवार को अधिकारियों के हवाले से यह खबर दी। राज्य के एक प्रमुख स्थानीय समाचार आउटलेट हवाई न्यूज नाउ की रिपोर्ट के अनुसार, माउई पुलिस प्रमुख जॉन पेलेटियर ने शुक्रवार दोपहर एक संवाददाता सम्मेलन में मरने वालों की संख्या में गिरावट की घोषणा की। रिपोर्ट में कहा गया है कि अधिकारियों ने अवशेषों को सूचीबद्ध करने के कठिन प्रयास के बीच मौतों की संख्या को समायोजित किया, जिनमें से कई अधूरे और बहुत खराब स्थिति में हैं। अधिकारियों के हवाले से कहा गया है कि बरामद अवशेषों के डीएनए विश्लेषण से कुछ मामलों का पता चलने के बाद मौतों की संख्या में कमी आई है। डिफेंस पीओडब्ल्यू/एमआईए अकाउंटिंग एजेंसी के प्रयोगशाला निदेशक जॉन बर्ड के हवाले से कहा गया है कि पहले की संख्या अनुमान पर आधारित थी, जिसमें मुर्दाघर में पहुंचाए गए बॉडी बैग की संख्या भी शामिल थी, और बरामदगी में गैर-मानवीय अवशेष भी शामिल थे।

### इराक में बंदूकधारियों का हमला, दो की मौत

बगदाद। इराक की राजधानी बगदाद के पास शुक्रवार को अज्ञात बंदूकधारियों के हमले में दो लोगों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। सुरक्षा सूत्रों ने यह जानकारी दी। उत्तरी बगदाद ऑपरेशंस कमांड के अल-हैदरी ने बताया कि बंदूकधारियों ने अल-मशहदानी जनजाति के नेता शेख सईद अल-मशहदानी पर हमला शाम को उस समय किया जब वह कार से बगदाद अम्मार से लगभग 40 किमी उत्तर में तर्मियाह के एक गांव में अपने खेत की ओर जा रहे थे। अल-मशहदानी के सीने में गोली लगी और उसे अस्पताल ले जाया गया, जबकि उसका एक साथी मारा गया। बाद में सुरक्षा बलों को घटनास्थल पर एक किसान का शव भी मिला। उन्होंने आशंका जतायाी कि अल-मशहादानी फार्म पर काम करने वाले किसान को बंदूकधारियों ने गोली मार दी थी। उन्होंने कहा कि हमलावर इस्लामिक स्टेट (आईएस) आतंकवादियों से जुड़े हुए हैं। सुरक्षा बलों ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

### डीपीआरके नेता ने रूसी विमानन संयंत्र का दौरा किया



**सोल।** डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया (डीपीआरके) के शीर्ष नेता किम जोंग उन ने शुक्रवार को रूस के सुदूर पूर्व के औद्योगिक केंद्र कोम्सोमोल्स्क-ऑन-अमूर में पहुंच कर एक प्रमुख विमानन संयंत्र का दौरा किया। आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) ने शनिवार को यह जानकारी दी। वर्कर्स पार्टी ऑफ कोरिया के महासचिव और डीपीआरके के राज्य मामलों के अध्यक्ष किम जोंग ने यूरी गगारिन एविएशन प्लांट की यात्रा के दौरान, इसकी तकनीकी विशिष्टताओं और उड़ान प्रदर्शन का विस्तृत विवरण देखने के लिए एसयू -57 फाइटर जेट पर सवार हुये और एसयू -35 फाइटर जेट का उड़ान प्रदर्शन देखा। रिपोर्ट में कहा गया है कि उन्होंने कारखाने में उत्पादित यात्री विमानों के प्रदर्शन के बारे में भी जाना। रिपोर्ट में कहा गया है कि किम जोंग रूसी विमान निर्माण उद्योग की स्वतंत्र क्षमता और आधुनिकता से काफी प्रभावित हुये।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

# शार्ट न्यूज

## मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना पात्र बच्चों के लिए वरदान



**सोनभद्र ।** जिला प्रोवेशन अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा के आदेश पर घोरावल ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय शिवद्वार में बच्चों को बाल अधिकार संरक्षण अधिनियम के बारे में जानकारी देते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ जिला बाल संरक्षण इकाई से संरक्षण अधिकारी रोमी पाठक द्वारा किया गया। बच्चो को उनके अधिकार एवं कानून की खास तौर पर परत – दर – परत जानकारी दी जिससे बच्चों के मानस पटल पर इसके बिम्ब रेखांकित होते आच्छादित हो जांय। सरकार द्वारा बच्चों की सुरक्षा के दृष्टिगत गठित निर्धारित स्वरदूत – टोल फ्री नंबर 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन कैसे काम करती है और उसका उपयोग कैसे करना है आदि की जानकारी दी गई। महिला शक्ति केंद्र से जिला समन्वयक साधना द्वारा बच्चों को सुरक्षित स्पर्श व असुरक्षित स्पर्श के बारे में गहनता से तथा बारीकियों की बात बताते हुए मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी उपरोक्त अधिकारियों ने , साथ ही महिला कल्याण विभाग की समस्त योजनाओं के बारे में विस्तृत प्रकाश प्रदीप्त किये। कार्यक्रम में जिला बाल संरक्षण इकाई से ओ0 आर0 डब्ल्यू0 शेषमणि दुबे विद्यालय के प्रबधक , अध्यापक , अध्यापिका, विद्यालय स्टाफ और बच्चे उपस्थित रहे।

## अनीश भारती बने बसपा विधानसभा प्रभारी



सोनभद्र। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर राजनीतिक पार्टियों ने कमर कसनी शुरू कर दी है। कई दलों ने जिला-विधानसभा कार्यकारिणियों का नए सिरे से गठन शुरू कर दिया है। बहुजन समाज पार्टी ने भी इसी क्रम में जिला सचिवों, विधानसचिवों एवं विधानसभा प्रभारियों की सूची जारी कर दी, जिसमे अनीश भारतीय को सोनभद्र के घोरावल विधानसभा का प्रभारी बनाया गया है। घोरावल के ही लहास ग्राम के निवासी अनिश भारती इसके पहले पार्टी में सेक्टर जोन प्रभारी के पद पर तैनात थे। अनीश भारती ने विधानसभा प्रभारी बनने के बाद पार्टी के पदाधिकारियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि अपनी जिम्मेदारी को पूरी कर्मठता से निभाएंगे एवं पार्टी की मजबूती के लिए हरसंभव कार्य करेंगे। अनीश भारती के विधानसभा प्रभारी बनने पर जिलापंचायत सदस्य नीरज श्रीवास्तव, चेयरमैन घोरावल सूरज श्रीवास्तव, पंकज कुमार श्रीवास्तव. पवन कुमार मौर्या,अमर देव मौर्या.ल, आनंद पटेल, छविन्दर, संदीप कुमार बौद्ध आदि ने उन्हें शुभकामनाएं दी।

## बलिदानों की याद में ली जा रही घर-घर से माटी

**रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत**



**बलरामपुर।** घर-घर से एकत्र की जा रही माटी बलिदानों के बलिदान की याद दिलाएगा।देश में चल रहे महा अभियान मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम में नगर वासियों को पंच प्रण की शपथ दिलाई गयी।अमृत कलश लेकर मिट्टी एकत्रित किया। वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश चंद्र तिवारी ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य बहादुर स्वतंत्रता सेनानियों और वीरों का सम्मान करना है।जिन्होंने देश के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया। इस अभियान के तहत वीर सेनानियों की याद में देश में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं।भाजपा नेता बहरैची प्रसाद गुप्ता ने बताया कि हर घर से मिट्टी का एकत्रित की जा रही है। यह ब्लॉक स्तर पर एकत्रित होकर दिल्ली बलिदान पार्क के निर्माण के लिए जाएगी। हमें गर्व का अनुभव होगा कि हमारे घर की मिट्टी देश को आजाद करने वाले शहीदों के बलिदान पार्क के निर्माण में लगायी गई है।प्रधान रमेश गुप्ता ने कहा कि महा अभियान से देश के शहीदों के शहादत को जन-जन तक पहुंचाना है।यह मिट्टी उनके स्मारकों को बनाने के काम आएगी।राधेश्याम गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने देश की सेना को मजबूत बनाने का काम किया है।

## मुख्यमंत्री ने बाढ़ की स्थिति को लेकर लिया संज्ञान

भोपाल। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान नेआज बड़वानी, खरगोन, धार, अलीराजपुर और खंडवा जिलों में लगातार हो रही बारिश और अतिवृष्टि का संज्ञान लेते हुए इस स्थिति से निपटने के आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री ने संबंधित जिला प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि सभी टीम अलर्ट पर रहें और लोगों के फसे होने की सूचना मिलने पर संबंधितों को निकालने का तुरंत प्रयास किया जाए। अति वृष्टि एवं नर्मदा नदी के बढ़ते जल स्तर के कारण फंसे हुए लोगों को तुरंत बचाव कार्य प्रारंभ करने के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिए हैं। संबंधित जिलों की एसडीआरएफ टीम भी अलर्ट पर है और सूचना मिलने पर जिला प्रशासन के साथ समन्वय कर पहुंचने के निर्देश टीम को दिए गए हैं। ऐहतियात के तौर पर एनडीआरएफ की टीम भी बुलाई गई है।

## नदी में ऑटो समेत बहे दो लोगों के शव बरामद, दो की तलाश जारी

बैतूल। मध्यप्रदेश के बैतूल जिले के बोरदेही थाना क्षेत्र में कल एक उफनती नदी का रपटा पार करने के दौरान ऑटो समेत चार लोग बह गए थे। पुलिस ने आज एसडीआरएफ की मदद से ऑटो के अलावा दो लोगों के शवों को बरामद कर लिया है वही लापता दो लोगों को खोजने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। बोरदही थाना प्रभारी सर्विंद धुर्वे ने आज बताया कि कल शुक्रवार को बेहड़ और मुआरियाँ के बीच बहने वाली भैंसाही नदी के रपटे से ऑटो पार कर रहे चार लोग बाढ़ में बह गए थे। ऑटो मोआरिया गांव के इमरत पेंड्राम का था। ऑटो में गणेश इडपाचे, राम सिंह विश्वकर्मा और एक अन्य सवार थे। चारो समीप के नरेरा गांव में लगने वाले बाजार से अपने गांव मुआरिया लौट रहे थे। भैंसाही नदी के रपटे में बाढ़ आने के बावजूद इमरत पेंड्राम ने अपना ऑटो नदी में डाल दिया। बाढ़ का पानी तेजी से बहने के कारण ऑटो बाढ़ में बह गया।

## मध्यप्रदेश की चार विभूतियां संगीत नाटक अकादमी अमृत पुरस्कार से सम्मानित

भोपाल। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आज मध्यप्रदेश की तीन विभूतियों को प्रदर्शन कला के क्षेत्र में आजीवन योगदान के लिए संगीत नाटक अकादमी अमृत पुरस्कार प्रदान किया। आधिकारिक जानकारी के अनुसार विज्ञान भवन में आयोजित अलंकरण समारोह में किरण सदाशिव देशपांडे को वाद्य संगीत के क्षेत्र में, चुन्नीलाल रैकवार को लोक संगीत के क्षेत्र में और भगवतीलाल राजपुरोहित को प्रदर्शन कला में विद्वत्ता के लिए सम्मानित किया गया। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने विजेताओं को ताम्र-पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में संस्कृति राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल और मीनाक्षी लेखी भी उपस्थित थीं। प्रदेश के एक अन्य विजेता हीरा सिंह बोरलिया अलंकरण समारोह में उपस्थित नहीं हो सके। किरण सदाशिव देशपांडे को हिंदुस्तानी वाद्य संगीत श्रेणी में तबला वादन में विशिष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इनका संबंध दिल्ली, फरूखाबाद और अजराड़ा घराने से है।

# जिला खनिज फाउन्डेशन न्यास शासी परिषद/प्रबन्ध समिति की बैठक सम्पन्न

## शिक्षा , स्वास्थ्य , जल आपूर्ति से सम्बन्धित कार्य हों प्राथमिकता के आधार: मंत्री संजीव गौड़



सोनभद्र । जिला खनिज फाउन्डेशन न्यास शासी परिषद – प्रबन्ध समिति की कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत बैठक में जिलाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों की समुपस्थिति रही । प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री संजीव गौड़, राज्य सभा सांसद राम सकल, विधान परिषद सदस्य विनीत सिंह, विधायक सदर भूपेश चौबे , विधायक घोरावल डॉ0 अनिल कुमार मौर्य, विधायक दुद्धी राम दूलार गौड़, विधान परिषद सदस्य आशुतोष सिन्हा, विधान परिषद सदस्य लाल बिहारी यादव, जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह, अपर जिलाधिकारी सहदेव कुमार मिश्र (वि0/रा0), मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 अश्वनी कुमार सहित अन्य सम्मानित जनप्रतिनिधिगणों के बीच इस न्यास मद से विकास कार्यों के बाबत विस्तृत परिचर्चा हुई।

बैठक के दौरान जनपद में स्वास्थ्य , शिक्षा तथा सड़को की मरम्मत , आगनबाड़ी केन्द्रों में बाल स्वास्थ्य के दृष्टिगत प्लास्टिक टेबल, चेयर, आलमारी, इलेक्ट्रॉनिक वाटर फिल्टर, सोलर पैनल सिस्टम आदि के वितरण कार्य करने के निर्णायक तथ्य प्रस्तुत किये गए । इसके साथ ही वायु प्रदुषण पर नियंत्रण हेतु ट्रक माउन्टेड रोड स्वीपर मशीन के क्रय एंव फ्लोराइड और आयर प्रभावित ग्रामों में रिमुवल किट के वितरण , राजकीय महिला विद्यालय सोनभद्र में मूल भूत सुविधाओं के निर्माण पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र केकराही में आवश्यक निर्माण कराये जाने , जनपद सोनभद्र में सैम एंव मैम बच्चों को सुपोषण हेतु ड्रेगन फ्रुंट की खेती के प्रस्ताव पर ग्राम पंचायत डेहरी कला में स्टेडियम व ओपेन जिम निर्माण सहित अन्य कार्यो पर चर्चा की गयी । इन तद्विषयक बिंदुओं को रेखांकित मौजूद सभी सदस्यगणों ने मुक्त कण्ठ से सहमति व्यक्त की।

सदस्यगणों ने इस बात पर भी सहमति व्यक्त की कि जनपद के जिला खनिज फाउन्डेशन न्यास निधि से शिक्षा स्वास्थ्य व शुद्ध पेयजल की उपलब्धता पर सर्वसुलभ कराई जाय एवं जनपद में विशेष कार्य किये जांय। राज्य मंत्री संजीव कुमार गौड़ ने अपने उद्बोधन में उपस्थित अधिकारियों से जिला खनिज फाउन्डेशन न्यास निधि के माध्यम से प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप जनपद सोनभद्र बहुआयामी विकास स्वरूप में फलित हो । जिला खनिज फाउन्डेशन न्यास निधि के माध्यम से जनपद में शिक्षा , स्वास्थ्य व शुद्ध पेयजल की उपलब्धता के सम्बन्ध में विशेष कार्य किये जांय जिससे जनपद शिक्षा क्षेत्र विकास की ओर अग्रसर हो और लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराये जाने हेतु सभी आवश्यक प्रबन्ध हो सकें । मंत्री ने अग्रेतर वक्तव्यमें कहा कि जिला खनिज फाउन्डेशन न्यास निधि माध्यम से जो भी कार्य प्रस्तावित होते हैं उन कार्यो के टेण्डर आदि की प्रक्रिया ससमय पूर्ण कर ली जाय जिससे निर्माण कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण हो सकें।

बैठक के अन्त में जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने उपस्थित समस्त जनप्रतिनिधगणों के प्रति अपना अभार व्यक्त करते हुए कहा कि बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों द्वारा जो भी आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये हैं उनका अनुपालन सभी अधिकारीगण ससमय सुनिश्चित करेगें और शासन की मंशा के अनुरूप कार्यो को ससमय पूर्ण भी कराया जाय।

बैठक के दौरान जिला खनिज फाउन्डेशन न्यास निधि से कराये जा रहे कार्यो को विभिन्न बिन्दुओ की विस्तार पूर्वक जानकारी ज्येष्ठ खान अधिकारी आशीष कुमार ने दी। सभागार में आद्योपान्त सम्बन्धित निर्माण एजेन्सीयों के व जनपद स्तरीय अधिकारीगण की समुपस्थित बनी रही सेवा के गर्हित भाव सँग ।

# कैथी में मारकंडे महादेव

पिछले बार नवम्बर 2021 में मैं जब अपने जिले मऊ उ प्र में बनारस से टैक्सी लेकर गया था तो रस्ते में वाराणसी से लगभग 30 मि. गाजीपुर के साथ कैथी का वर्णन आया। यह भी पता चला कि वहां मारकंडे महादेव (भगवान) शिव का प्रसिद्ध मंदिर है। उस समय शाम हो गयी थी और समय न होने के कारण वहां दर्शन करने न जा सके। परन्तु मन में इच्छा थी के बार फिर मऊ आना हुआ तो कैथी के मंदिर में भगवान मारकंडे (शिव) के दर्शन करूँगा।

इसके बाद लगभग डेढ़ साल के बाद अप्रैल 2023 में फिर मऊ जाना हुआ। 17 /18 अप्रैल में रजिस्ट्री का काम होने के बाद 19 अप्रैल को वाराणसी (बनारस) में लंका पर संकट मोचन मंदिर में भगवन हनुमान जी के दर्शन और शहर में बाबा विश्वनाथ के दर्शन का कार्यक्रम बना। यह देखते हुए कि संकट मोचन मंदिर 12 बजे दिन में बंद हो जायेगा और जाने में 3 घंटे का समय लगेगा तो पहले वहां जाने का प्रोग्राम बना और लौटते समय कैथी में मारकंडे महादेव के दर्शन का प्रोग्राम बना।



संकट मोचन मंदिर लगभग 11 बजे दिन में पहुँच गए। वहां दर्शन में लगभग 1/2 घंटे लगे। उसके बाद बाबा विश्वनाथ के दर्शन और जलाभिषेक हुआ। करीब 2 बजे कैथी होते हुए मऊ लौटने को तैयार हो गए। कार्यक्रम के अनुसार हम लोग लगभग 4 बजे शाम को हाईवे से कैथी जाने वाली सड़क पर पहुंचे।

वहां से लगभग 2 कि. दूर पर मारकंडे जी का मंदिर है। यह गंगा और गोमती नदी का संगम है और पवित्र स्थान है। वहां मंदिर पहुँच कर दर्शन किये, वहां पर शिव जी के अतिरिक्त हनुमान जी का भी मंदिर है। दोनों दर्शन करके बहुत आनंद और संतोष हुआ। बातचीत करने पर पता चला की इस क्षेत्र में मारकंडे महाराज मंदिर की बड़ी मान्यता है और प्रत्येक सोमवार को बड़ी संख्या में लोग दर्शन करने आते है।



इसके अतिरिक्त सावन महीने और शिव रात्रि में उसी तरह बड़ी संख्या में दर्शनार्थ हेतु लोगों का आगमन होता है और लम्बी लाइन लगती है। मंदिर में दर्शन के बाद गंगा नदी के किनारे गए। उसके बाद नाव से गोमती संगम पर गए। वहां के कुछ फोटो निम्न है।

## जनता को सिर्फ छला है कांग्रेस ने: रविशंकर

अशोकनगर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केन्द्रीय रविशंकर प्रसाद ने कांग्रेस पार्टी पर आरोप लगाया है कि कांग्रेस ने सालों तक देश-प्रदेश में राज किया लेकिन विकास के नाम पर सिर्फ जनता को छला है। यह बात पार्टी के प्रसाद एवं जयभान सिंह पवैया ने आज ग्वालियर-चंबल संभाग की जन आशीर्वाद यात्रा के अशोक नगर के नई सराय, मनाया पहुंचने पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि हम आपसे आशीर्वाद लेने आए हैं। उन्होंने कहा कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर बन रहा है और जम्मू कश्मीर से 370 को भी हटाया गया है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार आपका सहयोग मिलता रहा तो काशी, मथुरा में भी उज्जैन के महाकाल लोक के जैसे भव्य लोकों का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस ने हमेशा देश में तुष्टिकरण की राजनीति की।

# पश्चिम निमाड़ मेंभारी बारिश, तीन लोग बहे

बड़वानी खरगोन। मध्यप्रदेश के पश्चिम निमाड़ के बड़वानी तथा खरगोन जिलों में मौसम विभाग के रेड अलर्ट के बीच भारी बारिश के दौरान तीन लोग बह गए। खरगोन जिले में 2000 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया है। बड़वानी जिले के जुलवानिया के थाना प्रभारी आर के लोवंशी ने बताया कि रेलवा और लिंगवा के बीच डेब नदी पर निर्मित एक छोटा पुल पार करने के दौरान आज 35 वर्षीय गजेंद्र निगवाल बह गया। घटना के कई घंटे भी जाने के बाद भी रेलवा खुर्द निवासी गजेंद्र की तलाश नहीं हो सकी है। इसी तरह बड़वानी जिले के ठीकरी थाना प्रभारी विक्रम सिंह बामनिया ने बताया कि दवाना निवासी 35 वर्षीय अखिलेश पवार डोरंड नदी का छोटा पुल पार करने के दौरान बह गया। यह नदी दवाना में ही स्थित है। उसका भी फिलहाल पता नहीं चल सका है। उन्होंने बताया कि ठीकरी कस्बे के वार्ड क्रमांक 8 में बोराड़ नदी का पानी भर जाने के चलते करीब एक दर्जन परिवारों को सुरक्षित निकालकर धर्मशाला में ठहराया गया है। इसी तरह खरगोन जिले के कसरावद थाना क्षेत्र में बच्ची बाई की मड़ी आश्रम से सामान निकालने के दौरान मदन केवट नामक नाविक बह कर लापता हो गया। खरगोन जिले के बड़वाह के एसडीएम प्रदीप सोनी ने बताया कि नर्मदा का जलस्तर बढ़ जाने के चलते क्षेत्र के कटघरा, मावली सरकार और आनंदमयीआश्रम में फंसे करीब 30 लोगों को एसडीआरएफ की टीम ने सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया। खरगोन जिले के भीकन गांव विधानसभा क्षेत्र के पुनासला ग्राम में आज एक कार बह गई, लेकिन कार चालक किसी तरह बचकर बाहर आ गया।

## मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना से उन्नयन की झलक रहीं अत्यधिक संभावनाएं



**सोनभद्र ।** विधायक राबर्ट्सगंज भूपेश चौबे, मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार, ब्लाक प्रमुख राबर्ट्सगंज अजीत रावत, उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र सोनभद्र आर0पी0गौतम की मौजूदगी में मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत कलेक्ट्रेट सभागार सोनभद्र में रोजगार को बढ़ावा देने के मकसद से दर्जी ट्रेड के 10 व बढ़ई ट्रेड के 5 लाभर्थियों को टूलकिट तथा प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। इस मौके पर माननीय विधायक सदर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बेरोजगारों को रोजगार देने के लिए केंद्र प्रदेश सरकार तत्पर है, इसी के मद्देनजर आज इस सामग्री का वितरण किया जा रहा है जिससे बेरोजगारों को छोटे-छोटे उद्योग करने का एक प्रगाढ़ माध्यम है, जिससे लाभार्थी इस रोजगार को करते हुए आत्मनिर्भर बन सकेगा। मुख्यमंत्री का यह उद्देश्य है कि आर्थिक विकास में तकनीकी विशेषज्ञों का महत्वपूर्ण योगदान और आगे बढ़े , जिससे प्रदेश में बड़ी संख्या में कारीगर एवं हस्तशिल्पी पारम्परिक कार्यों के माध्यम से जीविकोपार्जन करते हैं। यह हस्तशिल्पी और कारीगर पारम्परिक कार्यों में अत्यन्त प्रतिभाशाली हैं।

पारम्परिक कारीगरों की प्रतिभा को निखारने के लिए इनके प्रशिक्षण तथा व्यवसाय में वृद्धि के उद्देश्य से डबल इंजन सरकार द्वारा 'एक जनपद, एक उत्पाद' योजना तथा 'विश्वकर्मा श्रम सम्मान' योजना संचालित की जा रही हैं। यह कहते आगे कहा कि विधायक ने विश्वकर्मा जयन्ती सृजन व निर्माण के प्रति हम सभी को प्रतिबद्ध होने का अवसर प्रदान करती है।

# महंत देवीपाटन मंडल मिथलेश नाथ योगी जी की अध्यक्षता में आगामी शारदीय नवरात्र मेले के तैयारी के संबंध में बैठक संपन्न

## मेले में साफ सफाई, स्वच्छता की विशेष व्यवस्था की जाए सुनिश्चित: जिलाधिकारी

**रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत**

बलरामपुर। शारदीय नवरात्र के अवसर पर शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर में 15 अक्टूबर से प्रारंभ हो रहे राजकीय मेले के तैयारी के संबंध में बैठक महंत मिथलेश नाथ योगी जी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी अरविंद सिंह एवं पुलिस अधीक्षक केशव कुमार उपस्थित रहे।

बैठक में जिलाधिकारी अरविंद सिंह द्वारा विभिन्न विभागों की तैयारियों की समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मेले के दौरान सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल तैनात की जाएगी तथा पर्याप्त संख्या में महिला आरक्षी की ड्यूटी लगाई जाएगी। क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर को मेले में सुरक्षा दृष्टि से ओवर ऑल इंचार्ज की जिम्मेदारी सौंप जाएगी। इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारी को मेला प्रभारी बनाया जाएगा। मेले में सुरक्षा की दृष्टि से पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे।



मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए दो स्पेशल ट्रेन की डिमांड किए जाने का निर्देश जिलाधिकारी द्वारा स्टेशन मास्टर को दिया गया।

उन्होंने मंदिर के सभी संपर्क मार्गो का निरीक्षण किए जाने एवं आवश्यकता अनुसार मरम्मत एवं पैचवर्क किए जाने का निर्देश अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी को दिया।

जिलाधिकारी ने कहा कि मेले के दौरान मंदिर परिसर में साफ सफाई की विशेष व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मंदिर में साफ सफाई की व्यवस्था के लिए कुल 260 सफाई कर्मी लगाए जाएंगे। मेले परिसर को 3 सेक्टर में विभाजित करते हुए सफाई कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाए। सफाई कर्मियों के ऊपर सफाई नायक बनाया जाए। सफाई कर्मी प्रॉपर ड्रेस पहने यह भी सुनिश्चित कराया जाए।

मंदिर परिसर में प्रतिदिन फागिंग एवं एंटी लार्वा स्प्रे आदि सुनिश्चित कराए जाने का निर्देश दिया।

मेले के दौरान भारी संख्या में श्रद्धालु ट्रेन से आते हैं, कोई भी श्रद्धालु ट्रेन की पटरी पर ना जाए, एवं ओवर ब्रिज का इस्तेमाल करें इसके लिए बैरिकेडिंग किए जाने का निर्देश दिया।

मंदिर परिसर में विद्युत की 24 घंटे निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित किए जाने तथा इसके लिए पूर्व में ही सभी ट्रांसफार्मर एवं लाइन की क्षमता चेक कर दिए जाने का निर्देश अधिशासी अभियंता विद्युत को दिया।

मेले के दौरान मंदिर में अस्थाई अस्पताल संचालित होगा जिसमें की शिफ्ट वाइस 24 घंटे मेडिकल टीम तैनात रहेगी।

इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा की मेल को आगामी वर्षों की तरह सकुशल एवं सुचारू रूप से संपन्न कराए जाने के लिए समस्त संबंधी विभाग आपसी समन्वय के साथ अपने विभाग की तैयारियां पूर्ण कर ले। इसमें किसी प्रकार की भी लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, एसडीएम तुलसीपुर, तहसीलदार तुलसीपुर, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत तुलसीपुर, ब्लॉक प्रमुख तुलसीपुर, डीपीआरओ व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य मेले से लोगों की सेहत सुधारेगी योगी सरकार

## आयुष्मान भव : अभियान के तहत शनिवार और रविवार को वृहद रूप से स्वास्थ्य मेले का होगा आयोजन

लखनऊ। योगी सरकार 17 सितंबर से प्रदेश भर में आयुष्मान भव' अभियान की शुरुआत करने जा रही है। इस अभियान के तहत शनिवार और रविवार को वृहद रूप से स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जाएगा, जिसमें शहर से लेकर दूर-दराज गांवों में विशेषज्ञ डॉक्टर्स की टीम लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण करने के साथ उन्हे बीमारियों को लेकर जागरुक करेगी। इस दौरान यदि किसी व्यक्ति में गंभीर बीमारी के लक्षण मिलते हैं तो आगे की चिकित्सा परामर्श के लिए रेफर किया जाएगा। आयुष्मान मेले के तहत शनिवार को हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर जबकि रविवार को सीएचसी और पीएचसी पर विशेषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। मालूम हो कि 14 सितंबर को ही राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आयुष्मान भव' योजना का शुभारंभ किया था। इस योजना के माध्यम से योगी सरकार प्रदेश में हर पात्र व्यक्ति को आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराने की दिशा में प्रयास करेगी।

### गैर संचारी रोगों को लेकर किया जाएगा जागरूक

आयुष्मान मेला के तहत प्रत्येक शनिवार को हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत पहले शनिवार को गैर संचारी रोगों बुखार, खांसी, चिकनगुनिया, डेंगू जैसे रोगों के लक्षणों को लेकर जागरुक किया जाएगा।

वहीं आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर कूलर, पानी की टंकियों और पानी एकत्र होने के स्थान की चेकिंग करेंगी ताकि संचारी रोगों को जन्म देने वाले कारकों पर नियंत्रण किया जा सके। अभियान के तहत दूसरे शनिवार को टीबी, कुष्ठ रोग समेत अन्य संचारी रोगों की विशेषज्ञों की टीम स्क्रीनिंग करेगी। इस दौरान लोगों को दवा, प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं, टेली परामर्श की सुविधा दी जाएगी। वहीं तीसरे शनिवार को मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण को लेकर जागरुक किया जाएगा जबकि चौथे शनिवार को जनजाति क्षेत्र में सिकल और गैर जनजाति क्षेत्र में आंखों की जांच की जाएगी।

इसके अलावा हर शनिवार को स्वास्थ्य एवं कल्याण तथा विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं के साथ सेवाओं के बारे में जागरुक किया जाएगा। इस दौरान आभा स्वास्थ्य (आईडी कार्ड) कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड बनाये जाएंगे। साथ ही उच्च रक्तचाप, मधुमेह और तीन सामान्य कैंसर मुंह, स्तन और गर्भाशय ग्रीवा जैसी बीमारियों के लिए जनसंख्या आधारित स्क्रीनिंग की जाएगी। इतना ही नहीं पीएम-जेएवाई का इलाज कराने वाले मरीज का फॉलोअप लिया जाएगा और नियमित टीकाकरण के लिए अभियान चलाया जाएगा।

### रविवार को मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञों की टीम करेगी इलाज

वहीं प्रदेश के सभी सीएचसी, पीएचसी (ग्रामीण एवं शहरी) में हर रविवार को आयुष्मान मेले के तहत मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञों द्वारा मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करायी जाएगी।

इसका मुख्य उद्देश्य देखभाल की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए सीएचसी में विशेषज्ञ और आउटरीच सेवाओं तक पहुंच में वृद्धि करना है। ब्लॉक स्तर पर स्त्री रोग, बाल रोग, त्वचा, नेत्र, ईएनटी विशेषज्ञ, सर्जन, एनेस्थेटिस्ट, मनोचिकित्सक, दंत सर्जन आदि अपनी सेवाएं देंगे।

# नर्मदा उफान पर, पुल डूबने से खण्डवा का इंदौर से सड़क संपर्क टूटा

खण्डवा। मध्यप्रदेश के खंडवा जिले में पिछले चौबीस घंटो में मूसलाधार बारिश के चलते सभी नदी नाले उफान पर है। ओंकारेश्वर में नर्मदा खतरे के निशान से ऊपर बह रही है जिसने बहुत तबाही मचाई।

यहां खंडवा से इंदौर को जोड़ने वाले नर्मदा पर बने एकमात्र मोरटक्का पुल के 15 फीट ऊपर से पानी बह रहा है जिससे यहां सड़क परिवहन पूरी तरह ठप्प हो गया है। इंदिरा सागर और ओंकारेश्वर बांध के सभी गेट खोल दिए गए है जिससे नर्मदा का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। ओंकारेश्वर में शंकराचार्य की जो प्रतिमा लोकार्पित की जाने वाली है उसके पहुंच मार्ग की पुलिया भी जलमग्न हो गई है। ओंकारेश्वर आने वाले सभी साधू संतो को भी अब यहां आने से रोका जा रहा है।

विगत चौबीस घंटो में जिले में 12 इंच से ज्यादा बारिश हो गई है जिससे यहां निचली बस्तियों में बाढ़ सी स्थिति निर्मित हो गई है। सबसे ज्यादा नर्मदा उफान पर है जो खतरे के निशान से ऊपर बह रही है । नर्मदा पर बने इंदिरा सागर बांध के सभी 20 गेट खोल दिए गए है जिससे 34हजार736 क्यूमेक्स जलराशि प्रवाहित हो रही है । यहां 12 गेट 12 मीटर तक खोले गए है जबकि 8 गेट डेढ़ मीटर खोले गए है । यहां हंडिया से 20 हजार 560 क्यूमेक्स जलराशि आ रही है ।

ओंकारेश्वर के सभी घाट डूब चुके है। यहां ज्योर्तिलिंग मंदिर तक जाने वाले सभी रास्तों से प्रवेश रोक दिया गया है जिससे हजारों श्रद्धालुओं को बिना दर्शन किए निराश लौटना पड़ा। यहां घाट पर बंधी करीब 25 नाव बाढ़ में बह गई है । इधर घाट पर लगी सौ से ज्यादा छोटी बड़ी गुमटियां भी पानी में डूब गई और उसमे रखा सारा सामान बह गया । कई परिवारों का इससे रोजगार छिन गया ।